ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 28 मई 2024
वर्ष 2, अंक 277, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर... 16

तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज 2

## चुनाव प्रभावित करने में एडीएम पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयोग ने फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह को वर्तमान तैनाती से हटाया

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रभावित करने के आरोप में दो अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती से हटा दिया है। इनमें से एक फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह हैं और दूसरे इसी जिले में जसराना के पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामजीत प्रमिला सिंह हैं। इतना ही नहीं आयोग ने निर्देशित किया है कि इन दोनों अधिकारियों को किसी भी सूरत में चुनाव संबधी कोई ड्यूटी न सौंपी जाए।

फिलहाल दोनों को प्रतीक्षारत रखा गया है, नयी तैनाती तक दोनों लखनऊ मुख्यालय से अटैच रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दोनों पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती कर दी जाएगी। दरअसल, फिरोजाबाद सीट पर तीसरे चरण के मतदान में सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर गड़बड़ी करने और क्षेत्रविशेष में मतदाताओं को वोट न डालने देने की शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

## शेयरों में लाभ का लालच देकर 1.07 करोड़ ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शेयरों की खरीद-फरोख्त में उच्च मुनाफे का लालच देकर 48 वर्षीय एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रविवार को एक ऐप और एक वेबसाइट के मालिकों सहित 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है।

नवी मुंबई साइबर पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि जालसाजों ने खारघर के रहने वाले पीड़ित से 13 फरवरी से लेकर 5 मई के बीच विभिन्न मौकों पर उससे संपर्क किया।

# प. बंगाल में रेमल ने मचाई भीषण तबाही, चार की मौत

- 2400 पेड़ व बिजली के खंभे उखड़े

**135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, कोलकाता हवाई अड्डा 21 घंटे रहा बंद**

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल ने तट से टकराने के बाद भीषण तबाही मचाई। इस दौरान 135 किमी की रफ्तार से चली हवा और बारिश से चार लोगों की मौत हो गई। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया।

राज्य में 2400 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमारे आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई और पूर्व वर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन 21 घंटे तक बंद रहा।



चक्रवात तूफान के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को हटाते कर्मचारी।

### बंगलादेश में 7 की मौत

**ढाका।** भीषण चक्रवातीय तूफान रेमल के कारण बंगलादेश के अलग-अलग स्थानों पर प्रचंड आंधी आने और मूसलाधार वर्षा होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। इस बीच दो लोगों के लापता होने की भी रिपोर्ट है। बंगलादेश मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिणी बंगलादेश के तटों पर शक्तिशाली तूफान ने स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे दस्तक दी।

### 15,000 घर प्रभावित

मौसम विभाग के अनुसार तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ने के आसार हैं। 24 ब्लॉक (प्रखंड) और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 15,000 घर प्रभावित हुए हैं जिनमें अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं। चक्रवाती तूफान रेमल से बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के बीच भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं। तूफान 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आया और भारी बारिश हुई।

## एक नजर

### डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### युवराज सिंह ने निजता के उल्लंघन पर रियल एस्टेट फर्म को भेजे नोटिस

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने निर्माण परियोजनाओं को बढ़ावा देने में उनके निजता अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें घर का कब्जे देने में देरी के लिए दिल्ली की दो रियल एस्टेट फर्म को अलग-अलग कानूनी नोटिस भेजे हैं। क्रिकेटर की ओर से दिल्ली स्थित लॉ फर्म रिजवान लॉ एसोसिएट्स द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में से एक में परियोजना को पूरा करने में कथित देरी के लिए मुआवजा भुगतान की मांग की गई है। नोटिस के अनुसार, क्रिकेटर ने 2020 में हौज खास में एक रियल एस्टेट फर्म की परियोजना में एक घर बुक किया था।

# माफिया मिट्टी में मिले तो आने लगा लाखों करोड़ का निवेश

## मुख्यमंत्री ने घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी में की चुनावी जनसभाएं

राज्य ब्यूरो/एजेंसी , लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मऊ में घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सपा की नाकामियां गिनायीं वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा।

गाजीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र. से माफिया का सफाया करने के बाद अब राज्य में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने कहा कि सपा के लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं।





सोनभद्र में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री योगी को सम्मानित करते पार्टी प्रत्याशी।

योगी आदित्यनाथ ने मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मऊ में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों को इंडी गठबंधन से सावधान करते हुए कहा कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। हम देश में फिर से तीन तलाक की कुप्रथा को शुरू नहीं होने देंगे। यहां उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की।

सोनभद्र में चुनावी जनसभा के दौरान योगी ने बताया कि भारत अगला वर्ष जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाएगा। यहां योगी ने अपील की कि लोकसभा चुनाव में रॉबटर्सगंज और विधानसभा चुनाव में दुद्धि भी देश की आवाज के साथ जुड़ेगा। रिंकी कोल को कप प्लेट चुनाव निशान पर मिला वोट दिल्ली में पीएम मोदी और श्रवण गौड़ को कमल पर वोट सीधे मेरे पास आएगा।

- कहा, सपा ने गरीबों की हत्या का संकल्प लिया था, हमने माफिया को मिट्टी में मिलाने का

### साल के अंत तक शुरू हो जाएगा रोपवे

वाराणसी में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रिकार्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा।

## केजरीवाल ने किया अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अचानक अपना वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के चलते कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है।



केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा कि वह 3 जून से 7 जून तक चिकित्सा संबंधी जांच कराएंगे और फिर उसी हफ्ते के अंत में 9 जून को आत्मसमर्पण कर देंगे। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। इस दौरान पैट-सीटी स्कैन सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें दो जून को जेल लौटना है।

## मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



- 101 बार गैर जमानती वारंट के बाद भी नहीं हुए थे हाजिर
- जज बोले- यह खतरनाक और गंभीर मिसाल

**अमृत विचार :** मेरठ से समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को सोमवार को बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक पुराने मामले में 101 बार नोटिस जारी होने के बाद भी रफीक अंसारी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद बाराबंकी की जैदपुर थाना पुलिस ने अहमदपुर टोल प्लाजा से विधायक को गिरफ्तार कर लिया। रफीक अंसारी मेरठ शहर से सपा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मेरठ पुलिस की टीम विधायक को अपने साथ लेकर रवाना हो हुई।

दरअसल, यह मामला साल 1995 में मेरठ के नौचंदी पुलिस थाने में 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। जांच के बाद 22 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर प्रस्तुत किया था और उसके बाद आवेदक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र दायर किया गया था। जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट मेरठ से आइपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत विचाराधीन आपराधिक केस में जारी वारंट को चुनौती दी गई थी। रफीक ने धारा 482 के तहत एक आवेदन दायर करके अनुरोध भी किया था कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मेरठ की एमपी-एमएलए कोर्ट के सामने एक आपराधिक मामले में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द किया जाए।

उस समय से रफीक अंसारी एक बार भी कोर्ट में पेश नहीं हुए। जिसके चलते कोर्ट ने 12 दिसंबर 1997 को एक गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, लेकिन वह फिर भी कोर्ट में पेश नहीं हुए।

# सेक्स स्कैंडल मामले में एसआईटी के समक्ष 31 को पेश होगा प्रज्ज्वल

बेंगलुरु, एजेंसी



- विदेश जाने के एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर रखी बात

कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा- मैं 31 मई को एसआईटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं। विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद प्रज्जवल ने वीडियो जारी कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा। प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। कर्नाटक के हासन से जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच जारी है। प्रज्जवल ने मामलों को झूठा और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह अवसाद में चले गये थे। कन्नड़ टीवी चैनल एशियानेट सुवर्ण न्यूज पर प्रसारित वीडियो बयान में प्रज्वल रेवन्ना ने कहा कि मैं न्यायालय के माध्यम से झूठे मामलों में निर्दोष साबित होकर दिखाऊंगा।

### कुछ लोग राजनीति में बढ़ने से रोकना चाहते हैं

प्रज्वल ने कहा जैसे-जैसे मैं राजनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा हूं, मुझे कमतर करने के लिए, वे सभी एक साथ आ गए हैं। इन सभी चीजों को देखकर, मैं चौंक गया था और थोड़ा दूर हो गया था। हासन लोकसभा सीट पर मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को प्रज्वल कथित तौर पर जर्मनी चले गए थे और अब भी फरार हैं।

## अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली, एजेंसी



- मालीवाल ने कहा- बिभव रिहा हुआ तो उनकी जान को खतरा

सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है।

सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है। मालीवाल ने दावा किया कि घटना के बारे में एक यूट्यूबर द्वारा एकतरफा वीडियो बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। उन्होंने कुमार के निर्दोष होने पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुमार ने अपना फोन फॉर्मेट कर दिया था और घटना की सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दी थी।

दिल्ली कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद बिभव कुमार उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

# गेमिंग जोन हादसा : हाईकोर्ट ने कहा सरकारी मशीनरी से भरोसा उठ चुका

अहमदाबाद, एजेंसी

- अदालत ने राजकोट नगर निकाय को फटकार लगायी

गुजरात उच्च न्यायालय ने गेम जोन में लगी आग से 27 लोगों की मौत को लेकर सोमवार को राजकोट नगर निकाय को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अब उसका राज्य मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है जो केवल तब हरकत में आती है जब मासूम लोगों की जान चली जाती है।

अदालत ने गेम जोन के संचालन में कथित खामी को लेकर राजकोट नगरपालिका परिषद (आरएमसी) को आड़े हाथ लेते हुए पूछा कि जब उसके क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह का बड़ा ढांचा तैयार किया जा रहा था तब क्या उसने आंखें मूंद रखी थीं? अदालत ने यह टिप्पणी आरएमसी के वकील के अदालत में यह कहने पर की कि टीआरपी गेम जोन ने अपेक्षित अनुमति नहीं मांगी थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की विशेष पीठ ने पूछा कि क्या नगर निकाय एक जनहित याचिका पर आग से सुरक्षा संबंधी पारित आदेशों को 18 महीने तक दबाए बैठा रहा। विशेष पीठ स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एक दिन पहले उच्च न्यायालय ने इस घटना को प्रथम दृष्टया मानव जनित आपदा करार दिया था। उच्च न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्य द्वारा गठित एसआईटी उन परिवारों की भावनाओं को पर्याप्त रूप से शांति प्रदान करेगी जिन्होंने इन मानव जनित त्रासदियों में अपने रिश्तेदारों को बार-बार खोया है।

### सात अधिकारी निलंबित

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने राजकोट स्थित गेम जोन में आग लगने की घटना के मामले में सात अधिकारियों को निलंबित करने का सोमवार को आदेश दिया। इन अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के बिना इस गेम जोन का संचालन होने देने में घोर लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया है।

# पुणे कार हादसा : डॉक्टरों ने बदली रिपोर्ट, 3 गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

- ससून अस्पताल के दो चिकित्सक और एक कर्मी को कोर्ट ने 30 मई तक हिरासत में भेजा

पुणे पोर्श कार हादसे में नाबालिग की ब्लड सैंपल रिपोर्ट बदलने के मामले में सोमवार को क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अदालत ने 30 मई तक तीनों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है।

उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (छोटे मामलों) ए.ए.पांडे की अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि खून के नमूनों को बदलने के एवज में पैसों की लेनदेन हुई है और उसे इस मामले में आरोपियों के घरों की तलाशी लेनी है।

## लॉरेंस बिश्नोई के दो गुर्गे हथियारों सहित गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला में पुलिस ने राजपुरा से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल, 15 कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों की पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ लाडी और सुबीर सिंह उर्फ सुबी के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि लाडी 2017 में पंचकुला में मीत बाउंसर की हत्या में शामिल शूटरों में से एक था और सितंबर 2020 में जमानत पर रिहा हुआ था। गिरफ्तार गुर्गों को विदेश में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने संभाला था, जो फरार आतंकवादी गोल्डी बराड़ का सहयोगी था।

# जून महीने में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम भारत में 30 मई के बाद अस्थाई तौर पर मिलेगी कुछ दिन की राहत**

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएमडी ने कहा कि 30 मई के बाद नई दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश होने से अस्थाई तौर राहत तो मिलेगी लेकिन जून महीने में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जून माह में लोगों को भीषण गर्मी का समाना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि राजस्थान और गुजरात में पिछले दिनों हीटवेव चलने से तापमान 45 से 50 के बीच रहा है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब में पांच से सात दिन हीटवेव चली है, जिसमें तापमान 44 डिग्री से 48 डिग्री तक रहा है। महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होने और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून के महीने में दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत भारत के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है तथा उमस भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जून में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात के कुछ हिस्सों और उत्तरी मध्य प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य से ज्यादा दिनों तक तेज लू चल सकती है। महापात्र ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में जून के महीने में आम तौर पर तीन दिन लू चलती है, लेकिन इस बार इन इलाकों में दो-चार दिन ज्यादा ऐसी स्थिति बन सकती है यानी इन इलाकों में चार से छह दिन भयंकर लू चलने का अनुमान है।



- आईएमडी ने कहा- देश के अधिकांश हिस्सों में पड़ेगी भीषण गर्मी, चलेगी तेज लू

जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड व हिमाचल में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश का अनुमान

आईएमडी ने मानसून सीजन में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का सोमवार को पूर्वानुमान जताया। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की भी बात कही। वहीं दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य बारिश होने के आसार हैं। इन क्षेत्रों में एलपीए का 92 से 108 फीसदी बारिश हो सकती है, जो सामान्य श्रेणी में आती है।



## खेल डायरी

### जीत के साथ खत्म हुआ बार्सीलोना कोच का कार्यकाल



**मैड्रिड।** जावी हर्नांडेज ने बार्सीलोना के कोच के रूप में अपने कार्यकाल का अंत स्पेनिश लीग फुटबॉल के अंतिम दौर में सेविला के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ किया। बार्सीलोना के लिए रॉबर्ट लेवानदोवस्की और फर्मिन लोपेज ने गोल दागे। बार्सीलोना ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वे पूर्व मिडफील्डर जावी के साथ करार तोड़ रहे हैं जबकि इसमें एक साल बचा था। जावी ने कहा, हम इसे खत्म करना नहीं चाहते थे लेकिन ये क्लब के फैसले हैं। हमने खिताब नहीं जीते लेकिन हम सही राह पर थे। फुटबॉल इसी तरह का खेल है निदेशक अपने फैसले करते हैं। बार्सीलोना के खिलाड़ियों ने मैच के बाद जावी को विदाई दी। बार्सीलोना, गिरोना और एटलेटिको मैड्रिड भी शीर्ष चार में रहते हुए अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह बनाने में सफल रहे।

### भारतीय जू. महिला टीम को जर्मनी से मिली हार

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को यूरोप दौरे के चौथे मैच में रविवार को जर्मनी के खिलाफ एकमात्र गोल से हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के ब्रेडा में भारत के लिए पहला क्वार्टर चुनौतीपूर्ण रहा जब जर्मनी ने खेल की शुरुआत में ही गतिरोध तोड़कर 1-0 की बढ़त बना ली। खराब मौसम के बावजूद दोनों टीमें कड़े मुकाबले के इरादे में थीं। दूसरा और तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जिससे जर्मनी आगे बना रहा, जबकि भारत ने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। अंतिम क्वार्टर में जर्मनी ने अपनी बढ़त लगभग दोगुनी कर दी, लेकिन उनके पेनल्टी स्ट्रोक को भारत के गोलकीपर ने नकार दिया। भारत के पास अंतिम अवसर पेनल्टी कॉर्नर के रूप में आया, लेकिन वे इसे भुनाने में असफल रहे और जर्मनी से 0-1 से हार मान ली।

### हरमनप्रीत की हैट्रिक से अर्जेंटीना को दी शिकस्त

**एंटवर्प।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तीन लगातार गोलों की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से सनसनीखेज जीत हासिल की। हरमनप्रीत ने मैच के 29वें, 50वें और 52वें मिनट में गोल दाग कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के लिए शेष दो गोल अरजीत सिंह हुंदल ने सातवें मिनट में और गुरजंत सिंह ने 18वें मिनट में किये। अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर शुरुआती बढ़त दिला दी जबकि निकोलस कीनन ने 24वें, तादेओ मारुची ने 54वें और लुकास मार्टिनेज़ ने 57वें मिनट पर गोल दागे। भारत ने सधी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद पास रखी।

### भारत ने 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की घोषित



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा। भारतीय टीम में गोलकीपर श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी, डिफेंडर एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी, मिडफील्डर कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग और फॉरवर्ड काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम शामिल हैं।

# निराशा को पीछे छोड़ छूआ ख्वाहिश का आसमां

## श्रेयस अय्यर ने मेस्सी के अंदाज में खत्म किया केकेआर के लिए आईपीएल खिताब का सूखा



**कोलकाता, एजेंसी**

निराशा को पीछे छोड़कर ख्वाहिशों के आसमान को छूने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लियोनेल मेस्सी के विश्व कप जीतने के अंदाज में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने का जश्न मनाया। आईपीएल से कुछ सप्ताह पहले बीसीसीआई ने उनका केंद्रीय अनुबंध खत्म कर दिया। इसके अलावा बार-बार पीठ की चोट के कारण उनके करियर में रुकावट आने का खतरा पैदा हो गया। श्रेयस को इस साल की शुरुआत से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने इन सभी निराशा को पीछे छोड़कर केकेआर के आईपीएल खिताब के 10 साल को सूखे को उसी तरह खत्म किया जैसे मेस्सी ने अर्जेंटीना के लिए 36 साल के बाद विश्व कप जीता था। मेस्सी को 2014 विश्व कप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था तो वही श्रेयस को इस तरह के पल का सामना 2020 में करना पड़ा था जब उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल फाइनल का सफर तय किया था। आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेयस ने टीम के साथियों के साथ उसी तरह से जश्न मनाया जैसे मेस्सी ने दोहा में फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस को हराने के बाद मनाया था।

फाइनल में केकेआर की जीत के बाद दिग्गज इयान बिशप ने कहा मैं गौतम गंभीर के बारे में काफी बातें सुन रहा हूं कि उन्होंने टीम में शानदार माहौल बनाया, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस खिलाड़ी को पर्याप्त श्रेय मिल रहा है। हमें इसे श्रेय देना चाहिये। केकेआर के लिए सलामी बल्लेबाजों सुनील नारायण और फिल सॉल्ट ने ज्यादा रन बनाए लेकिन जब भी मौका मिला दूसरे खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा किया जिससे टीम ने लीग चरण में दो मैच बाकी रहते तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान पक्का कर लिया था। केकेआर ने पूरे सत्र में सिर्फ तीन मैचों में हार का सामना किया।

श्रेयस के बचपन के कोच प्रवीण आमरे ने कहा मैंने उन्हें उनके पूरे करियर में चुनौती दी। मुझे पता था कि वह कितने मजबूत इरादों वाले हैं और एक कोच के रूप में उन्हें चुनौती देना मेरा काम था। वह हमेशा चुनौतियों को लेना पसंद करता है।

### स्टार्क ने फेंकी सर्वश्रेष्ठ गेंद, नारायण सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आईपीएल फाइनल में अभिषेक शर्मा को मिशेल स्टार्क की शरीर से बाहर की तरफ स्विंग होती गेंद को आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद करार दिया जबकि सुनील नारायण को चैंपियन केकेआर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया। हेडन ने कहा अभिषेक को फेंकी गेंद जैसे ही स्टार्क के हाथ से निकली तो काम खत्म हो गया। उसकी नियति आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद की थी- एक बेहद शानदार गेंद जो उस समय बेहद महत्वपूर्ण थी। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा कि आईपीएल के अंत में स्टार्क की कलाई की स्थिति सही रखते हुए अतिरिक्त गति हासिल करने की क्षमता और नारायण की ऑलराउंड क्षमता से केकेआर को मजबूती मिली। मिशेल स्टार्क सत्र में अधिकतर समय 136-137 किमी प्रति घंटा की औसत रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था लेकिन पिछले दो हफ्ते में उसने 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की।

### आईपीएल की ट्रॉफी जीतने पर मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को बधाई दी है और आने वाले वर्षों में और अधिक ट्रॉफी की कामना की है। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत से पूरे बंगाल में जश्न का माहौल है। मैं आईपीएल के इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को से बधाई देना चाहती हूं और आने वाले वर्षों में ऐसी और आकर्षक जीत की कामना करती हूं।

# मैदानकर्मियों को देंगे पुरस्कार : जय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर क्यूरेटर को मिलेंगे 25 लाख
- तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये देने की घोषणा की

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे।

शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद। आईपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। इस वर्ष अतिरिक्त आयोजन स्थल गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और धर्मशाला थे।

शाह ने नाइट राइडर्स को खिताबी जीत के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक और सफल सत्र बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद!

### विश्व कप में भारत को मिलेगी टक्कर

**नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब की तलाश में 20 टीमें एक साथ आएंगी। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान शामिल हैं, जिन्हे सह-मेजबान अमेरिका और कनाडा के साथ-साथ आयरलैंड से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत का लक्ष्य हाल की विश्व प्रतियोगिताओं में लगातार हार का सिलसिला तोड़ना है। वहीं, बाबर आज़म के नेतृत्व में, पाकिस्तान आईसीसी ट्रॉफी सुरक्षित करने के मिशन के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। टीम की बल्लेबाजी बाबर, रिजवान और फखर पर निर्भर है, जबकि गेंदबाजी का नेतृत्व शाहीन अफरीदी करेंगे।

# आप देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा : रिंकू

**चेन्नई, एजेंसी**



केकेआर के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल के फाइनल में रविवार को जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई।

सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर केकेआर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बना। केकेआर के बल्लेबाजों ने पूरे सत्र के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। मध्यक्रम में वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह को लंबी पारी खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। रिंकू ने कहा मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाउंगा। रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे। केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया।

# सिंगापुर ओपन में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**सिंगापुर, एजेंसी**

- भारत की अगुवाई करेंगी पीवी सिंधू, सात्विक और चिराग करना चाहेंगे जीत के शुरुआत



पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा।

थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मार्स्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ गेम गंवाने वाली सिंधू डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी। वह अगर शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रही तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है।

पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी। लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था। लक्ष्य का सामना विक्टर एक्सेलसेन से होगा। अन्य भारतीयों में किदांबी श्रीकांत जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे जबकि प्रियांशु राजावत पुरुष एकल में हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप का सामना पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग से होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी महिला युगल में अपने पहले मैच में यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा और येवेनिया कांतिमिर से भिड़ेंगी।

### ऑस्ट्रिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे शुभंकर

**ग्रेज (ऑस्ट्रिया)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी शुभंकर डे को यहां ऑस्ट्रिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के प्राहदिस्का बगास शुजिवो के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। तीस साल के शुभंकर को रविवार को प्राहदिस्का के खिलाफ हार मिली। भारतीय पुरुष टीम के सदस्य शुभंकर ने जर्मनी के मथियास किकलिट्ज को हराने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में मिकोलाज सिमानोवस्की और फिर क्वार्टर फाइनल में लुका व्रेबर को शिकस्त दी।

### मुक्केबाजी क्वालीफायर

### अंकुशिता जीतीं अभिमन्यु हारे


**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया लेकिन अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु ने पहले दौर में बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्रिस्टियन निकोलोव को हराया था। केसिडी उनके खिलाफ मुकाबले के लिए अच्छी तरह तैयार थे और अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

# स्टेन वावरिंका ने एंडी मरे को हराया

### फ्रेंच ओपन

**पेरिस, एजेंसी**



<< स्विएटेक के खिलाफ शॉट खेलती लेओलिया जीनजेन।

स्टेन वावरिंका ने रविवार को यहां रोलां गैरो पर संभवतः अपना अंतिम एकल मुकाबला खेल रहे एंडी मरे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। स्विट्जरलैंड के वावरिंका ने मरे को पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-4, 6-2 से हराया। वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10वीं जीत है। दोनों पहली बार 2005 में भिड़ेंगे थे।

वावरिंका ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह भावनात्मक है। हम करियर के अंत के करीब पहुंच रहे हैं। एक-दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। फ्रेंच ओपन में 1980 से वावरिंका सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यहां 39 बरस या इससे अधिक उम्र में जीत दर्ज की है। मरे 37 साल के हैं और वर्ष 2000 से दो खिलाड़ियों की मिलाकर उम्र के मामले में यह मुकाबला दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों का मुकाबला रहा। वावरिंका दूसरे दौर में दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी कैम नोरी और पावेल कोटोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

रविवार को जीत दर्ज करने वाले ग्रैंडस्लैम चैंपियन खिलाड़ियों में कार्लोस अल्कारेज, नाओमी ओसाका, सोफिया केनिन और येलेना ओस्टापेंको शामिल रहे। फ्रेंच ओपन 2021 चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा को हालांकि विक्टोरिया गोलुबिक ने 7-6, 6-4 से हराया। यहां खिताब जीतने के बाद 24वीं वरीय बारबरा को लगातार तीन बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। अल्कारेज ने जेजे वोल्फ को 6-1, 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। महिला एकल में ओसाका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 4-6, 7-5 से हराया। वहीं, इगा स्वियातेक ने लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया।

## बॉलीवुड हलचल



### सिद्धार्थ और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ चतुर्वेदी और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज हो गई है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर छह साल बाद धड़क का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। फिल्म धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल निभा रही हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ रिलीज डेट भी आउट कर दी गई है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की तरफ से धड़क 2 के फर्स्ट 2 की पहली झलक शेयर की गई है। मोशन पोस्टर में तृप्ति और सिद्धांत एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए दिख रहे हैं और एक ऐसी कहानी की झलक दिखा रहे हैं। पोस्टर को एक्स पर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, कैसे मिलेंगे- आग और पानी? फिल्म धड़क 2, नवंबर 22 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### प्रियंका ने कांस में इतिहास रचने वाले को दी बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कांस फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रचने के लिए भारतीय विजेताओं को बधाई दी है। 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में कई भारतीय सितारों ने अवॉर्ड्स हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने सभी विजेताओं को बधाई दी है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में विजेता अनसूया सेनगुप्ता, पायल कपाड़िया और चिदानंद एस नाइक को शुभकामनाएं दीं। अनसूया सेन गुप्ता ने फिल्म द शेमलेस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। पायल को उनके डेब्यू फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है, और चिदानंद ने शॉर्ट फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टु नो के लिए ला सिनेफ अवॉर्ड अपने नाम किया। अनसूया सेन गुप्ता की सराहना करते हुए, प्रियंका ने लिखा, आपकी अविश्वसनीय परफॉर्मेंस और आपने जो इतिहास रचा है, उसके लिए आपको ढ़ेर सारी बधाई।

**टी-20 विश्व कप** | तैयारियों में जुटी ऑस्ट्रेलिया की टीम, आईपीएल सत्र में अंत तक जुड़े से टीम में आई है अनियमितता

# अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी : मार्श

**मेलबर्न, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया को खिलाड़ियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है और आईपीएल तथा टी20 विश्व कप के बीच कम समय के कारण अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया बुधवार को नामीबिया और शुक्रवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा लेकिन उनके पास दो मैचों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ी उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश आईपीएल प्ले ऑफ में खेलने के बाद ब्रेक लेंगे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श का भी नामीबिया के खिलाफ खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा हमारे पास खिलाड़ियों की कमी होगी, लेकिन यह अभ्यास मैच है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श के अलावा कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल इस हफ्ते के अंत में ही बारबडोस में विश्व कप टीम के साथ जुड़ेंगे जबकि मार्कस स्टोइनिस के भी नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच के बाद ही त्रिनिदाद पहुंचने की उम्मीद है। रिजर्व खिलाड़ी जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट भी पांच जून को ओमान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच के बाद टीम से जुड़ेंगे।

### वनडे क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं मिचेल स्टार्क

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सदस्य स्टार्क ने आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करिअर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक प्रारूप को छोड़ भी सकता हूं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को तवज्जो देते हुए उन्होने आईपीएल के पिछले कुछ संस्करणों में रुचि नहीं दिखलाई थी। सच कहूं तो मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया।

### ट्रैविस हेड तो चमके, वार्नर ने किया निराश : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिये दिलचस्पी दिखाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रविवार को संपन्न हुये सत्र में मिला जुला रहा है। आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम के कई नियमित खिलाड़ी शामिल हुए। ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में आग लगा दी, वहीं डेविड वार्नर और मिशेल मार्श जैसे अन्य खिलाड़ियों का टूर्नामेंट के अधिकांश समय में प्रदर्शन उदासीन रहा, जबकि मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में निरंतरता के लिए संघर्ष किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### बाइक-वैन आमने-सामने भिड़ीं, तीन लोग घायल

**रसूलाबाद।** बाइक और वैन में आमने सामने भिड़ंत होने से तीन लोग घायल हो गए। रविवार देर रात डभारी निवासी कुलदीप तालग्राम से शिवपाल सिंह निवासी डभारी वर्तमान के साथ लौट रहा था। रसूलाबाद बेला मार्ग पर लालगांव के पास वैन से टक्कर हो गयी। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। वैन चालक विपिन कुमार निवासी बिधूना के भी चोट आई है। तीनों घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉ ब्रजेश ने तीनों के गंभीर चोट होने पर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

### बिजली चोरी में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** अवर विद्युत अभियंता शशिकांत ने अपनी टीम के साथ बहादुरपुर गांव में अपनी टीम के साथ छापा मारा। उन्होंने बहादुरपुर रानू, सतीश, राम जी तथा एक अन्य व्यक्ति को कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़ा। अवर अभियंता के साथ लाइनमैन अनुज सत्येंद्र विद्युत कर्मी थे। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश के तहत यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एपीटी थाना बारा में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर बाइक सवार गिरने के कारण गिरकर घायल होने पर सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। बरौर थाना क्षेत्र के हिम्मतहार गांव के संदीप कुमार ने बताया कि, उसका भाई सुजीत कुमार (22) बाइक से पुखरायां जा रहा था। हंसेमऊ गांव के पास हाइवे पर अचानक बाइक फिसलने से वह घायल हो गया।

### सीडीपीओ कार्यालय के गोदाम से दाल चोरी

**संदलपुर।** सीडीपीओ माधुरी ने संदलपुर चौकी में प्रार्थना पत्र में बताया कि लाभार्थियों में वितरण के लिए राशन का भंडारण कार्यालय गोदाम में किया जाता है। जिसकी चाबी और रखरखाव मुख्य सेविका विनय कुमारी के पास है। 25 मई को जब गोदाम लगभग ढाई बजे खोला गया तो चना की दाल की पांच बोरी (गायब) चोरी हो गई थी। इस बाबत संदलपुर चौकी इंचार्ज कौशल कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के बरई झाल निवासी दर्शन लाल अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे, तभी पड़ोसी ओमप्रकाश उसके बेटे विशाल और छोटू व उनके साथी आलोक बेवजह गाली गलौज करने लगे। नाती अंशु उर्फ मददा ने विरोध किया तो उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। दर्शन लाल ने रसूलाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**रूरा।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने महिला अपने चचेरे देवर के ऊपर शादी का झांसा देकर पांच वर्ष तक दुष्कर्म करने के आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है। महिला ने बताया की सात वर्ष पूर्व उसका पति उसको छोड़कर चला गया था। जिसके बाद उसके गांव के ही चचेरे देवर राजू ने पीड़ित महिला से शादी का झांसा देकर कर दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। जब उक्त महिला ने शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से मना कर दिया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रोड पर खड़े ट्रक से डीसीएम टकराई ड्राइवर और खलासी की गई जान

## कानपुर-इटावा हाईवे पर सुबह हुआ हादसा, टमाटर लेकर जा रही थी डीसीएम

संवाददाता रनिया

**अमृत विचार।** राजेंद्रा चैराहे के पास सोमवार सुबह कानपुर-इटावा हाईवे पर तेज रफ्तार डीसीएम और ट्रक में भिड़ंत हो गई। जिससे चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

चकरपुर मंडी से टमाटर लादकर जा रही डीसीएम राजेंद्रा चैराहा के पास पहुंची थी। इस दौरान चौराहे के पास खड़े ट्रक में पीछे से डीसीएम की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें उरई निवासी डीसीएम चालक सत्यानंद (50) व हेल्पर अख्तर (40) उसी में फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस


ट्रक के पीछे घुसी खड़ी डीसीएम। अमृत विचार

● मौत की खबर मिलते ही दोनों के परिवार में मचा कोहराम

ने डीसीएम के केबिन से दोनों को बाहर निकाल कर एंबूलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रनिया ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे की जानकारी ट्रांसपोर्टर व मृतक चालक व क्लीनर के परिजनों को दे दी गई है। जिस ट्रक से हादसा हुआ उसके ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**रूरा।** कानपुर जाने की बात कह कर निकले वृद्ध की पतारा हाल्ट स्टेशन के पास सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रूरा थाना क्षेत्र के पतरा गांव निवासी सरजू सिंह (80) सोमवार सुबह सात बजे कानपुर जाने के लिए निकले थे। उसी समय पतारा हाल्ट के पास खंभा नंबर 1056/8-10 के बीच डाउन लाइन पर ट्रैक पार करते समय पटना स्पेशल सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर के मेमो पर पहुची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बेसिक शिक्षा विभाग का शैक्षिक कैलेंडर जारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● हर महीने पाठ्यक्रम को बांटकर होगी पढ़ाई, चार बार होगा छात्रों का मूल्यांकन

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने पहली बार कॉन्वेंट की तर्ज पर शैक्षिक कैलेंडर जारी किया है। विभाग ने इसमें हर महीने पाठ्यक्रम को बांटकर पढ़ाई कराने, चार बार छात्रों के मूल्यांकन, अलग-अलग गतिविधियों व खेलकूद के आयोजन के लिए समय निर्धारित किया है। साथ ही यह भी कहा है कि प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक उपस्थित रहेंगे और बच्चों के साथ प्रतिदिन अपनी फोटो लेंगे।

अभी तक कॉन्वेंट व माध्यमिक शिक्षा विभाग ही अपने यहां शैक्षिक कैलेंडर जारी करता था। इस बार बेसिक शिक्षा विभाग ने भी कैलेंडर जारी कर पठन-पाठन के साथ साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया है। इसमें तय किया गया है कि सभी शिक्षक प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। प्रधानाध्यापक बच्चों के साथ प्रार्थना स्थल की फोटो प्रतिदिन लेंगे। इसे खंड शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे और टैबलेट में सुरक्षित रखेंगे। विभाग ने हर महीने का पाठ्यक्रम निर्धारित करते हुए उसी महीने में अनिवार्य रूप से पूरा करने को कहा है। महापुरुषों के जन्मदिन पर उनके योगदान पर प्रार्थना सभा के बाद चर्चा की जाएगी। साथ ही निबंध, पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार किया जाएगा। सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। विभाग ने शिक्षक-अभिभावक बैठकों, प्रबंध समिति की बैठकों, परीक्षाओं की तिथि भी इसमें तय कर दी है। बीएसए रिद्धी पांडेय कहा कहना है कि शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार कक्षा एक से आठ तक बच्चों के सतत मूल्यांकन पर बल दिया जाएगा। सत्र में चार बार छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन होगा।

# किशोरी को बहला कर ले जाने में सात साल की सजा

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर क्षेत्र में करीब आठ साल पहले एक गांव निवासी किशोरी को स्कूल जाते हुए युवक फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध युवक को सात साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चैहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खोजाफूल गांव निवासी अमित कुमार शर्मा उसकी पुत्री को ले गया है। सोमवार को अपर जिला जज एफटीसी प्रथम सुरेन्द्र सिंह ने आरोपी को सात साल के कारावास की सजा सुनाई। 12 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि पीड़ित पक्ष को दी जाएगी।

# जलापूर्ति ठप होने से लोगों का फूटा गुस्सा, हंगामा

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के पांच वार्डों में जलापूर्ति सातवें दिन भी ठप रही। जिससे करीब दस हजार लोगों को पेयजल की किल्लत उठानी पड़ रही है। लीकेज की समस्या जस की तस बनी हुई है। पानी की समस्या से आक्रोशित सोमवार को नगरवासी नगर पंचायत कार्यालय पहुंच गए। लिपिक कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। पानी की समस्या निस्तारण की मांग की।

नगर की घसीटी देवी, शंकुतला, राजरानी, केशकली, मनोज देवी, हीरालाल, रामकली आदि ने बताया कि पिछले सात दिनों से पांच वार्डो में फत्तेपुर, रसूलपुर, मुर्तजानगर, अब्दुल कलाम नगर व आजाद नगर में टंकी लीकेज के चलते जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे आजिज आकर आक्रोशित महिलाएं नगर पंचायत के लिपिक कार्यालय में घुसकर नारेबाजी करने लगी। साथ


नगर पंचायत कार्यालय में हंगामा करते लोग। अमृत विचार

में लाई बाल्टियों को टेबल पर रख दी। कहा कि नगर पंचायत से भेजे गए पानी के टैंकर से सबको पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। लोगों का कहना है कि नई लाइन से पर्याप्त जलापूर्ति पूरानी लाइन से मिल रही थी। चूंकि नई लाइन पुरानी लाइन से कम गहराई में डाली गई है। जिसकी वजह से नई लाइन जब पुरानी लाइन से जोड़कर पानी छोड़ा जाता है तो प्रेशर के कारण हर बार लाइन फट कर लीकेज हो जाती है और जलापूर्ति फिर ठप हो जाती है। इलाकाई लोगों का कहना है कि अगर दो दिन में लाइन सही नहीं हुई तो वह अपने मवेशी आदि लेकर कार्यालय परिसर में आ जाएंगे। हंगामें को बढ़ता देख लिपिक दीपू कुमार ने बताया कि रविवार को सभी 15 लीकेज को सही कर शाम में सप्लाई चालू की लेकिन फिर तीन चार जगह लीकेज हो गया। जिससे सप्लाई बन्द करनी पड़ी। अब जल्द जलापूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं।

# दोनों शव गांव पहुंचते परिजनों में मचा कोहराम

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सरगांव में उस वक्त चीख पुकार मच गई जब दो शव एक साथ गांव पहुंचे। सरगांव के रहने वाले बबोले उर्फ बबलू (40) और छोटे लाल(43) व उसके लड़के मुकेश साथ रविवार को बाइक से अपने रिश्तेदारी में चौबेपुर जा रहे थे। शिवली-शिवराजपुर मार्ग पर भैसऊ गांव के पास शिवराजपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। वही राहगीरों की मदद घायलों को अस्पताल भेजा गया। छोटेलाल और बबलू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में दोनों शव गांव पहुंचे तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। वही छोटेलाल की पत्नी गोमती बदहवास हो गई। पुत्री शिवानी, स्नेहा और पुत्र कार्तिक, दीपक का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## सार-संक्षेप


पूर्व प्रधान मंत्री प्रतिमा पर फूल अर्पित करते कांग्रेसी। अमृत विचार

### पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर चढ़ाए फूल

**रसूलाबाद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आशुतोष पाठक ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि नेहरू लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी थे। उनके प्रगतिशील विचारों ने चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। आनंद बाबू द्विवेदी कहा नेहरू की विरासत हमेशा रहेगी। वह सच्चे समाजवादी और लोकतंत्र के प्रणेता थे। इस मौके पर आशुतोष पाठक उर्फ सलोने पाठक आनंद बाबू द्विवेदी सरताज अशरफ तीरन सिंह नाजिम सिद्दीकी अन्नू सिद्दीकी जितेंद्र ठाकुर अनुराग कश्यप अभिषेक सहवान आदि उपस्थित रहे।


अवैध आतिक्रमण ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

### नगर पालिका की जमीन पर किया गया कब्जा ढहाया

**पुखरायां।** कस्बा के नगर पालिका की भूमि पर बीएसएनएल एक्सचेंज के पीछे इंद्रानगर में किए जा रहे अवैध कब्जे को एसडीएम राजस्व व पुलिस टीम के साथ पहुंचकर जेसीबी से ढहा दिया गया। नगर पालिका के सरकारी जमीन बीएसएनएल एसचेंज के पीछे कृष्णा रेडिडेंसी फर्म के इंद्रानगर के नाम, भोगनीपुर के नौशाद अली, पुखरायां के वार्ड नं तीन के अमीर अली, अमरौधा के इमरान ने अवैध रूप से कब्जा किए था। एसडीएम सर्वेश कुमार ने बताया कि शासकीय बंजर भूमि से अवैध अतिक्रमण कब्जा मुक्त करा के पुखरायां के कान्हा गौशाला के लिए भूसाशाला बनवाने के लिए चिहिंत करके नगर पालिका को सपुर्द कर दिए गए। उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम समाज व बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ कारवाई के लिए सभी लेखपालों से रिपोर्ट मांगी है।

### जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की हालत बिगड़ी

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक के जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। कस्बा बाईपास के रेहाना ने बताया कि, उसके पति परवेज किसी विवाद को लेकर जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां पर ड्यूटी में तैनात डा अनूप कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद भी हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# घर में लगी आग से गृहस्थी हो गई राख

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** नयापुरवा गांव में एक घर में दोपहर में शार्टसर्किट से अचानक आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान व अनाज जलकर राख हो गया। गांव वालों ने सबमर्सिबल पंप से पानी डालकर किसी तरह आग बुझाई।

नयापुरवा के रामपाल ने बताया कि दोपहर में शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। घर से धुआं उठता देख शोर मचाया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग आग बुझाने दौड़े। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान अनाज आदि जलकर राख हो गये। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेखपाल रामचन्द्र पटेल ने बताया कि मुआवजे के लिए रिपोर्ट भेजी है।


मौके पर जला पड़ा घर का सामान। अमृत विचार

### घर में अचानक लगी आग

**पुखराया।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में रविवार देर शाम को अचानक आग लगने पर गृहस्थी का सामान जलाकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया गया। अस्तिया गांव के महेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार को सभी लोग पुखरायां किसी कार्य के लिए आए हुए थे, उसी समय अचानक घर में आग लगने पर स्थानीय लोगो को घर से धुआं निकलते देख कर जानकारी होने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, दमकल कर्मियों मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

# लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** मदद मांगने के बहाने वाइक सवार तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े वाइक सवार दंपत्ति से बृज बाला तथा मंगलसूत्र लूटकर मौके से फुर्र हो गये थे। जिसको लेकर पीड़ित दंपति के द्वारा उसके साथ हुई लूट के संदर्भ में शिवली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश शुरू की थी मुखविर की सूचना पर पुलिस ने एक अभियुक्त को सोमवार की सुबह रुरा रसूलाबाद मार्ग पर धर दबोचा और आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा है। गुरुवार को ग्राम अरशदपुर निवासी राकेश कुमार अपनी पत्नी रेनू के साथ बाइक से हाजिरपुर तालग्राम कन्नौज जा रहा था उसी समय रामगंगा नहर मार्ग पर उदैतपुर कुर्मी निवादा के बीच में तीन व्यक्तियों ने रोक लिया। पत्नी के कान के बृजबाला तथा मंगलसूत्र छीन लिया था। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज करवाई थी। सोमवार को औनहां चौकी प्रभारी श्रीराम पटेल, संजय कुमार, अंकित मिश्रा व प्रवीण कुमार ने गश्त के दौरान शिवली के पास से अरविंद उर्फ गोरे पाल निवासी जादेपुर घस्सा थाना चौबेपुर को गिरफ्तार किया है।


आरोपी अरविंद।

हाल-बेहाल

## सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, इक्का-दुक्का वाहन आते-जाते दिखे, बाजारों में दुकानदार खाली बैठे रहे

# तापमान देख कर घरों से निकलने में घबराए लोग

संवाददाता कानपुर दोहत/संदलपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को सुबह से ही सूरज के तेवर तल्ख रहे। जिससे 10 बजे के बाद ही गर्मी का कहर बरपने लगा। दोपहर को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। बढ़ते तापमान को लोग नौतपा का असर मान रहे हैं। चिलचिलाती धूप और लू लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी रही। सड़क पर इक्का-दुक्का वाहन ही आते-जाते दिखे। बाजार में भी पूरी सन्नाटा छाया रहा। सड़कों से गुजरने वाले राहगीर ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर लू से बचने का प्रयास करते दिखे।

नौतपा के दौरान पड़ रही गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने घरों से लेकर दुकानों पर एसी, कूलर और पंखों का सहारा लिया। गर्मी से बचने के लिए डॉक्टरों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से भी दोपहर के समय सफर न करने की हिदायत बार-बार दी जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29 डिग्री रहा। मौसम विभाग की ओर से जारी की गई हिदायत के अनुसार अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी का असर बना रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है। दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

संदलपुर में बढ़ती गर्मी के चलते सड़कों, गलियों व कस्बा में लगी दुकानों में सन्नाटा पसरा रहा। लू और गर्मी से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबके रहे। जिसके कारण गांव की गलियों से लेकर सड़कें भी सूनसान नजर आई। वहीं बाजार में दुकानदार शिवम गुप्ता, इकबाल, शेखू, मिलन का कहना है कि बढ़ती गर्मी के असर से बाजार में दिन भर सन्नाटा रहता है।


दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार


रूरा स्टेशन पर पेड़ की छांव में बैठे यात्री। अमृत विचार

> अधिक गर्मी पड़ने साथ अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अगर दिन में कोई जरूरी काम न हो तो कोशिश करें कि घर के बाहर न निकलें। अगर घर से निकलें तो पानी की बोतल व सर को ढक कर ही निकले और जितना हो सके छांव में चलें।
>
> **डॉ मुनीश, सीएचसी अधीक्षक**

# भीषण गर्मी के प्रकोप से लगातार बढ़ रहे उल्टी-दस्त व बुखार के मरीज

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** मौसम में बदलाव के साथ ही लोग बीमारियों की गिरफ्त में आने लगे हैं। उल्टी-दस्त, डायरिया के बीमार अस्पताल पहुंचने शुरू हो गए हैं। अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र के नौबादपुर व शाहजहाँपुर मरुआ ने करीब दस लोग उल्टी दस्त व बुखार की चपेट में है। बीमारी की सूचना पर अमरौधा पीएम से पहुची चिकत्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार कर संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया है।

नौबादपुर गांव के राजेश की बेटी शिवानी(15)श्यामू की बेटी काव्या(15) श्रीकृष्ण की बेटी श्रद्धा (16) शिल्पी (14) शिवसिंह की बेटी रानी (17) की उल्टी दस्त व बुखार से हालत बिगड़ गई। परिजनों ने नजदीक के निजी अस्पतालों में इलाज कराया। जहां हालत और बिगड़ने पर पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहा से उन्हें हैलट रेफर किया गया है। इधर शाहजहांपुर के मरुआ गांव के दिनेश कुमार का बेटा आकाश (8) लवी (6) छवि (5) को पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दोनों गांव में बीमारी की सूचना पर शनिवार को अमरौधा पीएचसी के डाक्टर अमित निरंजन के नेतृत्व में रविवार को टीम गांव पहुंची। मरीजों के परिजनों ने मरीजों की तबियत की जानकारी लेकर बीमारी से बचाव को लेकर जागरूक किया। चिकत्सकीय टीम ने बदलते मौसम में खानपान में विशेष सावधानी बरतने की अपील की। डॉक्टरों की टीम में डॉ गिरिराज, ममता देवी, कुलदीप कुमार मौजूद रहे।


शाहजहांपुर में मरीजों के परिजनों को जागरूक करती डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

# अभी मैं जिंदा हूं, तीन घंटे तक चबूतरे पर बैठाया गया: इरफान

## सपा विधायक इरफान सोलंकी कोर्ट में बोले, इतनी गर्मी में भी पानी पीने नहीं देते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोर्ट ने कहा, यह अमानवीय व्यवहार, उचित व्यवहार हो
- आगजनी केस में फैसला फिर टला, 3 जून की तारीख मिली

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी पर आगजनी मामले में सोमवार को आने वाला फैसला एक बार फिर टल गया। कोर्ट ने कहा अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से दाखिल की गई लिखित बहस को पढ़ कर समायोजित करने में समय लग रहा है, जिस कारण अगली सुनवाई की तिथि तीन जून निर्धारित की गई। सुनवाई के दौरान सपा विधायक को महाराजगंज जेल से कोर्ट में पेश किया गया। पेशी की दौरान सपा विधायक ने तल्खी जाहिर करते हुए कहा कि अभी मैं जिंदा हूं...। तीन घंटे तक पुलिस लाइन में पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठाया गया है। इंसाफ होकर रहेगा।



इरफान को दुलरातीं मां खुर्शीदा बानो। अमृत विचार

एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 12 आरोपियों के खिलाफ मामला विचाराधीन है। इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला का बीते एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका है। सोमवार को कोर्ट में निर्णय सुनाना था, जिसके लिए सपा विधायक समेत सभी आरोपियों को तलब किया गया था। सपा विधायक को दोपहर करीब 12 बजे पुलिस शहर लेकर पहुंची, लेकिन कोर्ट ने तीन बजे के बाद सुनवाई का निर्देश दिया।

जिस पर पुलिस ने तीन घंटे तक इरफान सोलंकी को पुलिस लाइन में बिठा कर रखा। इस दौरान वह एक पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे दिखे, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। दोपहर तीन बजे इरफान कोर्ट परिसर पहुंचे, उनको देखते ही पत्नी नसीम सोलंकी उनके गले लग कर रोने लगीं।

इसके बाद इरफान बेटी का हाथ पकड़ कर कोर्ट पहुंचे। मीडिया कर्मियों के सवाल के दौरान सपा विधायक ने कहा कि अभी मैं जिंदा हूं... इंसाफ होकर रहेगा। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से कुल 75 पन्नों की लिखित बहस दाखिल की गई है। समग्र बहस को पढ़ कर उसे समायोजित करने में कुछ समय लग रहा है, जिस कारण कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि तीन जून निर्धारित की है।



इरफान के भाई रिजवान भी कोर्ट में पेश हुए। अमृत विचार

### परिवार वालों से नहीं मिलने देते

इरफान सोलंकी ने कोर्ट के सामने अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि करीब साढ़े चार सौ किलोमीटर के रास्ते में पुलिसकर्मी इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी तक नहीं पीने देते हैं। तीन-तीन घंटे तक पुलिस लाइन में बैठा कर रखते हैं, परिवार वालों से मिलने तक नहीं देते। विधायक के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कहा कि सपा विधायक ने पेशी के दौरान पुलिस के खराब व्यवहार का कोर्ट में जिक्र किया, जिसे कोर्ट ने अमानवीय करार देते हुए उचित व्यवहार करने के निर्देश दिए।

### बच्चों ने कभी बुरा नहीं किया, हक में आएगा फैसला

पेशी के दौरान सपा विधायक से मिलने के लिए उनकी मां खुर्शीदा बानो, पत्नी नसीम सोलंकी बच्चों के साथ पहुंची। इस दौरान खुर्शीदा बानो ने कहा कि आप लोग दुआ करिए, हम भी दुआ कर रहे, मेरे बच्चों ने कभी किसी के साथ बुरा नहीं किया, फैसला हक में आएगा।

### यह था मामला

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में इरफान, उनके भाई रिजवान समेत करीब 12 लोगों के खिलाफ आठ नंवबर 2022 को जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। नजीर फातिमा का आरोप है कि सपा विधायक उनके प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं।

# प्रशिक्षण के दौरान अब नहीं जाएगी लाइट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नेडा की ओर से 40 किलोवॉट का सोलर पैनल हुआ पास
- नए सत्र से संस्थान में शुरू हो जाएगा सोलर पैनल

**अमृत विचार।** आईटीआई में नए सत्र से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को बिजली जाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्हें बिजली जाने के बाद प्रशिक्षण बीच में नहीं छोड़ना होगा। संस्थान में सोलर पैनल लगाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत संस्थान में 40 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया जाना है।

आईटीआई में बिजली एक बड़ी समस्या हमेशा से रही है। अचानक बिजली से जाने से यहां पर विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण अचानक बंद हो जाता है।

बिजली आने तक युवाओं को कक्षाओं में ही इंतजार करना होता है। इससे काम प्रभावित होता है। हाल ही में संस्थान में लगातार तीन दिन बिजली समस्या को लेकर विवाद जैसी स्थिति भी बनी थी। अब संस्थान की यह समस्या दूर हो जाएगी। संस्थान की ओर से बताया गया कि संस्थान में नेडा के जरिए सोलर पैनल पास हो गया है। नए सत्र से पहले इसे शुरू कर दिया जाएगा। सोलर पैनल के लगने से संस्थान की बिजली विभाग पर निर्भरता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इसके लगने के बाद युवाओं को अबाध प्रशिक्षण मिल सकेगा। सोलर पैनल लगने से संस्थान के बिजली के बिल में भी कमी आएगी। आईटीआई के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि सोलर पैनल लगाए जाने के स्थान का चयन भी हो गया है। माना जा रहा है कि जून के अंतिम सप्ताह में सोलर पैनल लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



# परिषदीय स्कूलों के बच्चे खिलौने बनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूल की बगिया में पौधों के बारे में सिखाएंगे शिक्षक

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे नए सत्र में माटी के खिलौने बनाना सीखेंगे। इसके अलावा उन्हें स्कूलों में बनाई गई सब्जी बगिया की भी जानकारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शहर में 1,783 स्कूल संचालित हैं। इनमें पढ़ने वाले कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए यह योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत सप्ताह में एक दिन बच्चों को रचनात्मकता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें बच्चे खुद माटी के खिलौने बनाकर उनके बारे में जानकारी हासिल करेंगे। इन खिलौनों में जानवर व पक्षियों के खिलौनों को प्रमुखता दी जाएगी। इसके अलावा स्कूलों में उगाई गई सब्जियों के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। बच्चों की इस योजना के तहत विशेष चित्रकला की कक्षाएं भी कराई जाएंगी। इनमें बच्चों को रंगों के माध्यम से पर्यावरण के फायदे और प्रदूषण के नुकसान को बताया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की कक्षाओं से बच्चों के भीतर रोचकता और रचनात्मकता दोनों का ही विकास होता है। नए सत्र से स्कूलों मंत इस तरह के कार्यक्रम संचालित होना शुरू हो जाएंगे। सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस बाबत सूचनाएं पहुंचा दी गई हैं।

# सीसामऊ नाले की सफाई में शिथिलता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को झकरकटी बस अड्डे के पास चल रहे तालाब के सौन्दर्यीकरण, नई चुंगी से पुरानी चुंगी तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं फुटपाथ निर्माण और सीसामऊ नाला सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान तीनों ही जगह कार्य में शिथिलता बरतने पर नगर आयुक्त ने कार्रवाई के निर्देश दिये।



सीसामऊ नाले का गंदा पानी गंगा में गिर रहा। अमृत विचार

- झकरकटी तालाब और जाजमऊ में कार्य पर भी नाराजगी जताई
- नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर देखा, कार्रवाई के निर्देश दिए

नगर आयुक्त सबसे पहले झकरकटी तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां कार्य प्रगति पर पाया गया। 4.50 करोड़ रुपये से हो रहे कार्य कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी मिली। इस पर रोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म श्रीराम इन्फ्रास्ट्राक्चर को निर्देश दिये गये कि यदि कार्य समय पर पूर्ण नहीं हुआ तो फर्म को काली सूची में डाल दिया जायेगा। आरके सिंह अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट एवं दिवाकर भाष्कर सहायक अभियन्ता को शिथिल पर्यवेक्षणींय कार्य के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। नगर आयुक्त ने जाजमऊ नई चुंगी से पुरानी चुंगी तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं फुटपाथ निर्माण के कार्य का भी निरीक्षण किया। नई चुंगी से पुरानी चुंगी तक नाला का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। अधिकारियों ने नगर आयुक्त को बताया कि सड़क निर्माण का कार्य कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाये जा रहे डिवाइर के कार्य पूर्ण होने के पश्चात् कराया जायेगा। मेसर्स जगदम्बा को कार्य में धीमी प्रगति पर अन्तिम चेतावनी देते हुए नोटिस देने के निर्देश दिये।

### सीसामऊ नाले की सफाई मिली बंद

नगर आयुक्त ने सीसामऊ नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाले पर फॉसी मशीन व ट्रक खड़े पाये गये, परन्तु मौके पर कार्य बन्द पाया गया। जगह-जगह नाले की सूखी शिल्ट काफी मात्रा में पड़ी हुयी पायी गयी, जो सड़क तक फैली होने के कारण यातायात को बाधित कर रही थी। नाले की सफाई भी संतोषजनक नही पायी गयी। इस सम्बन्ध में जोन-4 के जोनल अभियन्ता आरके तिवारी को अन्तिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिये कि सूखी सिल्ट का उठान तत्काल सुनिश्चित किया जाये एवं सफाई प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाये।

## सार-संक्षेप

### जेवर साफ करने के बहाने टॉप्स किए पार

**कानपुर।** रेलबाजार में दो युवकों ने सोने के आभूषण साफ करने के बहाने महिला से कान के टॉप्स की पार कर दिए। पीड़िता ने रेलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रेलबाजार, खपरा मोहाल निवासी अविनाश यादव प्राइवेट कर्मी हैं। सोमवार दोपहर को उनकी मां सीता, बहन सोमन और पत्नी अंजलि घर पर थी। तभी दो युवक घर के अंदर आभूषण साफ करने का पाउडर दिखाने के बहाने आए, इसके बाद आरोपियों ने पहले चांदी के आभूषणों को साफ करके दिखाया। फिर मां से कान के टॉप्स उतरवा कर उसे साफ करने का झांसा दिया। आरोपियों ने टाप्स को एक डिब्बे में डाला। फिर झांसा देकर खाली डिब्बा पकड़ा कर निकल गए। पीड़िता ने रेलबाजार थाने में मामले की शिकायत की। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जाएगी।

### जुआ खेलने का विरोध करने पर मारपीट

**कानपुर।** बर्रा सात निवासी आरती यादव ने बताया कि उनके घर के पास अमन, सन्नी, गोलू और श्यामू रोजाना जुआं खेलते हैं। महिला का आरोप है कि जुआं खेलने का विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और उनका मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़िता ने बर्रा थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# नकदी समेत लाखों का माल किया पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चोरों ने दो मकानों व एक दुकान को निशाना बनाया
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुईं घटनाएं, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** चोरों ने तीन अलग-अलग थानाक्षेत्रों से दो मकानों व एक दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिये। कल्याणपुर में रिटायर पोस्ट ऑफिस कर्मी के घर से करीब 15 लाख के जेवरात, मूलगंज में हकीम के घर से नकदी व लाखों के जेवरात व रावतपुर में कांग्रेसी नेता की दोना पत्तल की दुकान से नकदी समेत सामान चोरी कर ले गए।

कल्याणपुर आवास विकास तीन निवासी लालता प्रसाद कुरील पोस्ट आफिस से रिटायर हैं। वह पत्नी स्नेहलता के साथ घर में रहते हैं, जबकि उनके दो बेटे अरविंद और शैलेंद्र घर से कुछ दूर स्थित दूसरे मकान में रहते हैं। बताया कि बीते 21 मई को वह पत्नी के साथ पैतृक गांव शिवराजपुर के बिरामऊ गए थे। सोमवार सुबह जब वह घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे पड़े मिले। अलमारी का लॉकर टूटा पड़ा था, जिसमें रखे करीब 16 लाख रुपये के जेवरात गायब मिले। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। दूसरी चोरी की घटना, मूलगंज के कमाल खां का हाता निवासी गुलाम हसनैन हकीम के घर हुई। बताया कि वह पत्नी सूफिया व अन्य परिजनों के साथ 24 मई की रात को सो रहे थे, तभी एक चोर मेनगेट से घर में घुस आया और पत्नी के बैग में रखे 16 हजार रुपये व जेवरात पार कर दिए। सुबह सीसीटीवी से घटना की जानकारी हुई। वहीं रावतपुर के रामलला निवासी कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष राजू चंदेल की घर से कुछ दूरी पर आस्था डिस्पोजल के नाम से दोना पत्तल की दुकान है। रविवार देर रात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी समेत 12 हजार रुपये का सामान पार कर दिया। सोमवार सुबह बेटा रवि जब दुकान पहुंचा तो जानकारी हुई।

### चोरों ने फैक्ट्री में किया चोरी का प्रयास

कानपुर। स्वरूप नगर निवासी राजीव अग्रवाल ने बताया कि उनकी पनकी, इस्पात नगर में राजीव इंटरप्राइजेज के नाम से फैक्ट्री है, जिसमें लोहे के सामान बनता है। रविवार को अवकाश होने के कारण फैक्ट्री बंद थी। सोमवार को सुबह फैक्ट्री पहुंचने पर ताले टूटे मिले, जिस पर उन्होंने सीसीटीवी की जांच की। जिसमें चार युवक रविवार शाम करीब छह बजे ताला तोड़ते नजर आ रहे हैं। पीड़ित ने पनकी थाने में शिकायत की।

# दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** बाबूपुरवा व सचेंडी थानाक्षेत्र में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सचेंडी कटरा निवासी सोनू कमल (25) खेती किसानी का काम करता था। घरेलू कलह के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि एक साल पूर्व सोनू की शादी गजनेर निवासी कोमल से हुई थी। पत्नी पिछले रविवार को मायके गई थी। रविवार दोपहर घर पर कोई नहीं था, तभी उसने फांसी लगा ली। वहीं, बाबूपरवा कॉलोनी निवासी आदित्य (32) ने फांसी लगा ली। परिवार में मां नीलम, पत्नी पिंकी व एक बेटी है। चचेरे भाई विनय ने बताया कि आदित्य घर का इकलौता बेटा था। सोमवार सुबह आदित्य ने छत पर बने कमरे में जा कर पंखे पर दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# छह दिन बाद कमरे से मिला सुसाइड नोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 21 मई को युवती ने की थी आत्महत्या, दो पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** रेवमोती मॉल में काम करने वाली युवती के आत्महत्या प्रकरण में रविवार को नया मोड़ सामने आया। आत्महत्या के छह दिन बाद सोमवार को युवती के कमरे से एक सुसाइड नोट परिजनों को मिला, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार साथ काम करने वाले दो युवकों को ठहराया है। परिजनों ने गुजैनी थाने में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मूलरूप से कानपुर देहात भोगनीपुर निवासी शिव सिंह की 23 वर्षीय बेटी आरुषि बर्रा आठ में सत्य नारायण शर्मा के मकान में किराए पर रहकर रेवमोती मॉल के पेंटालून शोरूम में काम करती थी। बीते 21 मई को युवती का शव कमरे में पड़ा मिला था व पंखे पर दुपट्टे का फंदा लगा था। घटना के दिन पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। सोमवार को परिजन युवती का सामान लेने पहुंचे तो उन्हें एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है कि मुझे माफ कर देना, मैं दिलीप व रोहित प्रजापति के कारण आत्महत्या कर रही हूं... परिजनों ने सुसाइड नोट गुजैनी पुलिस को सौंपते हुए उक्त युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 /** 9554377000

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला- अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359** 9415548728

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने बडे पुत्र सलमान के गलत आचरणों से दुखी होकर उससे सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **- जान मोहम्मद पुत्र स्व0 अली जान निवासी तिवारी पुरवा बहराईच रोड, परगना व तहसील गोण्डा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं ANWAR AHMAD SIDDIQUI **पुत्र** WAQAR AHMAD **निवासी:- 504/89, बरौलिया, टैगोर मार्ग, डालीगंज, लखनऊ** का हूँ, मैंने अपना नाम ANWAR AHMAD से बदलकर ANWAR AHMAD SIDDIQUI रख लिया हैं, आज से मुझे ANWAR AHMAD SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये

**सूचना**

पूर्व में मेरा नाम दिब्या सोनी (DIBYA SONI) था। अब भविष्य में मुझे दिव्या सोनी (DIVYA SONI) के नाम से जाना व पहचाना जाए। **दिव्या सोनी पत्नी हिमांशु सिंह आई - 306 केशवपुरम कल्याणपुर कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम PANKAJ KUMAR TRIPATHI से बदलकर PANKAJ TRIPATHI रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- SURENDRA KUMAR TRIPATHI ADD- 2/667 VIKAS NAGAR SECTOR 2, LUCKNOW (U.P.).**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र वसीम अहमद व उसकी पत्नी रहनुमा बानो मुझसे अलग रहते हैं। दोनों का चाल चलन ठीक नहीं है। वे मुझे बराबर परेशान कर रहे हैं। वसीम अहमद और रहनुमा बानो की गलत आदतों से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नही है। **- मो. नईम सुत मो. अमीन ग्राम भण्डारखाना हसनपुर थाना बंधुआकलां तहसील सदर जिला सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम KM. MOHINI DEVI था से बदलकर MOHINI SRIVASTAVA रख लिया है। अब मुझे MOHINI SRIVASTAVA के नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O SARVESH KUMAR, ADDRESS- 4/12, SAHARA STATE ROAD SECTOR- H, JANKIPURAM LUCKNOW, PIN- 226021**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र आयुष गुप्ता पुत्र स्व0 मोनू गुप्ता निवासी- संगीत टाकीज देवीदीन का हाता थाना सीसामऊ कानपुर नगर की गलत आदतें व क्रिया कलाप अच्छा न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों, सरकारी/ अर्द्धसरकारी लेन-देन व कानूनी कार्यवाही से मेरा व मेरा परिवार का कोई सरोकार व वास्ता न होगा। समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। **श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी स्व0 मोनू गुप्ता निवासी- संगीत टाकीज देवीदीन का हाता थाना सीसामऊ कानपुर नगर उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो मेरी भा0जी0बी0निगम की पालिसी सं0- 217209194 में मेरा नाम नन्हे अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य आवश्यक कागजात में मेरा नाम मेवा लाल दर्ज है। मुझे गांव में नन्हे कहा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम मेवा लाल व नन्हे एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे हैं। अतः मेरा नाम मेवा लाल माना जाये। **मेवा लाल पुत्र राम बहादुर निवासी पूरे निरही मजरे बिरनावा थाना डीह तहसील सलोन जिला रायबरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र योगेंद्र सिंह के गलत सोहबत में पड़ जाने के कारण संबंध विच्छेद करते हुए चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। योंगेंद्र सिंह से किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मुझसे और मेरे घर वालों से कोई सरोकार नहीं होगा। **फूल श्री पत्नी रामनरेश निवासी सरैया चुंगी कचौरा रोड इटावा।**

**सूचना**

बैनामा संख्या 6479 दिनांक 15-12-1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकर दयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आई के शर्मा को दिया गया था। क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8. 2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किंतु प्रथम बैनामा 6479 रास्तें में कहीं गिर गया है। **मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा**

हेल्थ जोन | एक साल से अधिक समय तक पथरी होने से रहता है इंफेक्शन का डर

# लंबे समय तक पथरी के इंफेक्शन से भी कैंसर का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर लंबे समय तक पथरी की समस्या है तो ऐसे में सावधान रहने की आवश्कता है। लंबे समय तक किडनी या पित्ताशय (गालब्लैडर) में पथरी की वजह से संबंधित अंग में इंफेक्शन हो सकता है और इस इंफेक्शन के कारण उस अंग में कैंसर भी हो सकता है, ऐसे में बचाव और अधिक पानी पीना बहुत जरूरी है। पथरी होने की जानकारी पर भी लापरवाही, बेहद घातक साबित भी हो सकती है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध हैलट के सर्जरी विभाग में प्रतिमाह औसतन 40 मरीज पथरी की समस्या के पहुंच रहे हैं। इनमे कई ऐसे मरीज भी होते हैं, जो गाल ब्लैडर या किडनी में पथरी होने के बाद भी खानपान और जीवनशैली को सुधारने में लापरवाही बरतते हैं, जिसके कारण पथरी लंबे समय तक संबंधित अंग में बनी रहती है। लंबे समय तक पथरी या बार-बार पथरी बनने की वजह से उस अंग में इंफेक्शन होने का खतरा काफी अधिक बढ़ जाता है। कुछ लोग पथरी को ठीक करने के लिए कई प्रकार की दवा या घरेलू उपाय भी करने लगते हैं, जिसके कारण भी समस्या और बढ़ जाती है। मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जीडी यादव ने बताया कि अस्पताल में कई मरीज दूसरे या तीसरे स्टेज पर इलाज के लिए आते हैं। तब कुछ मरीजों का गाल ब्लैडर तक निकालने की नौबत आ जाती है। कैंसर की समस्या होने पर संबंधित मरीज जब चौथे चरण में आते हैं तो उनको कीमोथेरेपी की सलाह दी जाती है।




### इनको पथरी की अधिक समस्या होती

- 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को।
- जिनका वजन अधिक हो।
- जिन लोगों को गैस की शिकायत हो।
- महिलाओं में हार्मोस के कारण होती आशंका

### ऐसे विकसित होता है स्टोन

प्रो. जीडी यादव ने बताया कि पथरी बनने का मुख्य कारण पाचक रस का ज्यादा समय तक गाल ब्लैडर में रुके रहना, समय पर भोजन न करना व कोलेस्ट्राल का न घुल पाना है। इस वजह से गाल ब्लैडर का सिकुड़ना बंद हो जाता है और धीरे-धीरे पाचक रस स्टोन के रूप में विकसित होने लगते हैं। कुछ मामलों में इंफेक्शन के कारण पाचक रस गाढ़ा होकर स्टोन बन जाता है। इसे ही गाल ब्लैडर का स्टोन कहा जाता है। कई बार लापरवाही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को जन्म देती है।

### गर्मी में लोगों को अधिक होती पथरी

प्रो. जीडी यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम में अधिकांश लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी का सेवन नहीं करते हैं। जबकि गर्मी की वजह से शरीर का पसीना बाहर निकालता रहता है, ऐसे में पानी न पीना भी पथरी बनने का कारण होता है। इसलिए गर्मी के मौसम में लोगों में पथरी की समस्या अधिक देखने को मिलती है।

### ऐसे करें बचाव

- खाना खाने से पहले और वॉशरूम से आने के बाद हाथ साबुन से धोएं।
- स्ट्रीट फूड से परहेज करें, जिसमे टाइफाइड बैक्टीरिया हो सकता है।
- घर के बर्तनों को साफ और स्वच्छ पानी से जरूर धोएं।
- घर का बना ताजा और गर्म खाना खाएं।
- कच्ची सब्जी, फल खाने और दूषित पानी पीने से बचें।
- अपने सभी घरेलू सामान की साफ-सफाई करते रहें।

# डंपर का टायर फटने से आवागमन में आई बाधा

**मंगलपुर।** मंगलपुर चैराहे के पास डेरापुर रोड पर सोमवार सुबह मौरंग लदे ओवरलोड डंपर का टायर फटने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार जाम जैसे हालात बने। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ संबंधित विभाग के द्वारा लगातार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है इसके बावजूद मंगलपुर चौराहे से होकर दर्जनों गाड़ियां ओवरलोड होकर प्रतिदिन गुजरती है। सोमवार सुबह मंगलपुर थाना क्षेत्र की कस्बा मंगलपुर चैराहे के चंद कदमों पर मौरंग लदे एक ओवरलोड डंपर का अचानक ब्रेकर के पास टायर फट गया। जिससे करीब 6 घंटे तक राहगीरों को आवागमन में परेशानी बनी रही।

# नौतपा के तीसरे दिन तपन से लोग बेहाल

## दिन में राहगीर तलाश रहे छाया, बिजली कटौती ने उड़ाई रात की नींद, घर के बाहर गुजार रहे लोग वक्त

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नौतपा 25 मई से शुरू है। सोमवार को तीसरे दिन सुबह से ही तपन और उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा। इसी में रात दिन बिजली की अनियमित कटौती ने और परेशान किया। रात में लोग छत या घर के बाहर बैठने को मजबूर रहे। दिन में पेड़ की छांव में समय काटा।

गर्मी ने मार्च से ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। अप्रैल महीने में गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिया है। मई महीना शुरू से ही गरम रहा। सोमवार को तापमान 45 डिग्री पार कर गया। मौसम विभाग के जानकारों का मानना है कि जून महीने में लू के गर्म थपेड़ों के साथ उमस बढ़ सकती है। इस साल मार्च महीने से ही सूरज के तेवर तल्ख हो गए थे। अप्रैल में पारा 37 से 39 डिग्री के बीच झूलता रहा। अब जब नौतपा शुरू हुआ तो उमस और गर्मी और बढ़ गई। गर्म हवाएं और लू का प्रकोप अभी तीन से चार दिन और रहने की संभावना है।

चटक धूप के साथ तपिश ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। सूरज निकलते ही आसमान से आग बरसने लगती है। सूरज की किरणें सुबह से ही चुभने लगती है। उमस भरी गर्मी व लू के गर्म थपेड़ों के चलते सड़कें सुबह से देर शाम तक वीरान नजर आती है। सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आते हैं।

उमस भरी गर्मी में प्यास बुझाने के लिए दिन भर मुसाफिर गन्ने के रस की दुकान पर जमा रहते हैं। गन्ने का जूस पीकर लोग किसी तरह उमस और गर्मी से बचने की कोशिश करते हैं, इसके बाद गंतव्य को रवाना होते हैं। थोड़ी दूर भी सफर करना लोगों का दुश्वार हो रहा है।

सोशल मीडिया पर लोकसंस्कृतिविद दीपसिंह भाटी बताते हैं कि नौ तपा में लू तो बेहद जरूरी है। कहते हैं कि दो मूसा, दो कातरा, दो तीड़ी, दो ताय। दो की बादी जल हरै, दो विश्वर दो वाद। नौतपा के पहले दो दिन लू न चली तो चूहे बहुत हो जाएंगे। अगले दो दिन न चली तो कातरा (फसल को नुकसान पहुंचाने वाला कीट)। तीसरे दिन से दो दिन लू चली तो टिड्डियों के अंडे नष्ट नहीं होंगे। चौथे दिन से दो दिन नहीं तपा तो बुखार लाने वाले जीवाणु नहीं मरेंगे। इसके बाद दो दिन लू न चली तो विषवर यानी सांप-बिच्छू नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। आखिरी दो दिन भी नहीं चली तो आंधियां अधिक चलेंगी जो फसलें चौपट कर देंगी।


गन्ने का रस पीकर लोगों को मिल रही राहत। अमृत विचार



सड़कों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### तीन दिन में नौतपा में बढ़ा चार डिग्री तापमान

तीन दिन के भीतर नौतपा में चार डिग्री तापमान की बढ़ोत्तरी हुई है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहा है। इसके दूसरे दिन शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री, रविवार को 44 डिग्री पर पहुंच गया। सोमवार को जनपद में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का मानना है कि नौतपा में बारिश की संभावना नहीं है। बल्कि हवाओं की गति तेज रहेगी।

### क्या है नौतपा

नौतपा जिसे नवताप भी कहा जाता है। इन नौ दिनों में गर्मी अपने चरम सीमा पर होती है और तेज धूप का सिलसिला जारी रहता है। इसका आगमन ज्येष्ठ महीने के पहले नौ दिनों में होता है। माना जाता है कि इस समय सूर्य रोहिणी नक्षत्र में गोचर करता है।

### अघोषित कटौती और ट्रिपिंग से परेशानी

ग्रामीण फीडरों में अघोषित बिजली की कटौती का सिलसिला नहीं थम रहा है। उमस भरी गर्मी में लोग दिन-रात पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी बिजली कटौती नहीं रुक रही है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के अफसरों के प्रति जबरदस्त नाराजगी है।

# अभी हफ्ते भर और राहत के आसार नहीं, बस के सफर से बच रहे लोग

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लगातार तीन दिन से नौतपा चल रहे है। मौसम विभाग ने पहले ही नौतपा में भीषण गर्मी की संभावना जताई थी। अगले 7-8 दिन तक यही हाल रहने की उम्मीद है। दोआबा में मौसम विभाग ने हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया है। लोग बस से सफर करने से बच रहे हैं। बस स्टैंडों में खड़ी बसों के भीतर तपन के कारण लोग बैठने से कतरा रहे है।

सुबह दस बजे के बाद घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग दोपहर के समय घरों में कैद हो रहे है। सड़कों पर दोपहर में सन्नाटे जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। गर्मी में इंसान के साथ ही पशु-पक्षी बेहाल हो रहे है। दुधारु मवेशियों को लोग दोपहर के समय गर्मी से बचाने के लिए छाया के नीचे बांध रहे है। लेकिन अन्य मवेशी भीषण गर्मी में इधर-उधर भटकते नजर आते है। इस समय तेज धूप के साथ गर्म हवाओं ने लोगों को खासकर दोपहर के समय घरों के भीतर कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। मजबूरी में यात्रा करने वाले लोग दिक्कतों का सामना कर रहे है। खास बात यह है कि दोपहर के समय बसों में सफर के दौरान लोग पसीने से तरबतर हो जाते है। तपन की वजह से बसों में यात्रा करने से लोग कतरा रहे है। फलस्वरुप ज्यादातर लोग निजी वाहनों से सफर करते है। इधर गर्मी के दौरान बिजली ट्रिपिंग और फाल्ट ने मुसीबत बढ़ा दिया है। इस समय बिजली की खपत भी सामान्य से डेढ़ गुना तक बढ़ गई है। जिसके चलते पावर हाउसों में ट्रांसफार्मरों का तापमान बढ़ रहा है। फलस्वरुप ट्रांसफार्मरों का तापमान सही करने के लिए कटौती तक करनी पड़ रही है। मौसम विभाग ने 28 मई तक लू, उष्ण लहर, हीटवेव के साथ ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है।


बस स्टैंड में दोपहर में तपती धूप में खड़ी बसें। अमृत विचार

### यह बरतें सावधानी

- धूप से बचाव के लिए दोपहर में यात्रा करने से बचें
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और सिर को गमछा से ढकें रहें
- बाहर निकलते समय कपड़े, टोपी या छाता का प्रयोग करें
- खुद को हाईड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस के घोल का पीएं
- घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ, चावल के पानी का प्रयोग करें

# सोशल मीडिया से चौराहों तक एग्जिट पोल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भले ही उन्हें राजनीति का ककहरा न आता हो लेकिन दोआबा में 20 मई लोकसभा का मतदान सम्पन्न होते ही तमाम लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से लेकर चौराहे-तिराहों पर चुनाव का एग्जिट पोल पेश करते दिख रहे हैं। कुछ ने अपने एग्जिट पोल में प्रत्याशी की जीत-हार स्पष्ट कर दिया है तो कुछ ने घुमाकर अपने मनपसंद प्रत्याशी की जीत का आंकड़ा प्रस्तुत कर दिया है।

संसदीय सीट फतेहपुर का मतदान सम्पन्न होते ही जीत-हार को लेकर कयासबाजी तेज हो गई है। सोमवार को तमाम लोगों ने अपनी राय फेसबुक, वाट्सएप और इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी तो तमाम लोग शहर में चाय-पान की दुकानों पर मतदान का एग्जिट पोल पेश करते दिखे। खास बात यह कि इस तरह की फतेहपुर संसदीय सीट का एग्जिट पोल प्रस्तुत करने वालों का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। बावजूद इसके लोग पूरे चुनाव का विश्लेषण प्रस्तुत कर अपने मनपसंद प्रत्याशी को सांसद घोषित कर दे रहे हैं।

सोमवार सुबह रोडवेज बस के सामने स्थित चाय की दुकान पर जुटे दर्जन भर लोग चाय की चुस्कियां ले रहे थे। इसी बीच एक ने चुनाव परिणाम की चर्चा छेड़ते हुए कहा कि दो दलों के बीच लड़ाई बराबर की है। इस पर सामने बैठे अधेड़ तपाक से बोल पड़े, नहीं ऐसा कुछ नहीं है जीत-हार के बीच एक लाख से अधिक वोटों का अंतर रहेगा। फिर से वहां मौजूद सभी लोग चुनाव परिणाम को लेकर अपने आंकड़े पेश करने लगे। चर्चा बढ़ने लगी तो किसी ने कहा कि एक-एक चाय और हो जाए। चाय आने तक लोग अपने अपने एग्जिट पोल पेश करते रहे लेकिन कोई एक-दूसरे की बात से सहमत नहीं दिखे। इसी बीच दुकानदार चाय लेकर पहुंच गया और लोग दूसरी चाय की चुस्कियां लेते हुए लोकसभा परिणाम की चर्चा में मशगूल रहे।



- **किसी ने प्रत्याशी को जिताया तो कोई एक लाख से हरा रहा**
- **अपने प्रत्याशियों की जीत को लेकर प्रस्तुत कर रहे आंकड़े**

### आठ दिन बाद भी सोशल मीडिया से नहीं हट रहे समर्थक

फतेहपुर लोकसभा सीट में चुनाव हुए सोमवार को आठ दिन पूरे हो गए हैं। चुनाव के परिणाम को लेकर लोग और प्रत्याशियों के समर्थक अपनी-अपनी राय लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर रहे हैं। कमोवेश यह सिलसिला आठ दिन से लगातार चल रहा है। नतीजा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोग के एग्जिट पोल से पटे पड़े हैं।

# आने-जाने में बाधक बनी ट्रेनों में आरक्षण की वेटिंग

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियां हो चुकी है लेकिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग बच्चों की छुट्टियों का मजा फीका कर रही है। जिन लोगों ने काफी पहले से ही अपने रिजर्वेशन करा रखे थे वह तो बच्चों के साथ मौज मस्ती करने के लिए जा रहे हैं लेकिन ऐन मौके पर जो हिल स्टेशन या अन्य स्थानों पर जाना चाहते हैं उन्हे निराशा ही हाथ लग रही है। बच्चों की प्रसन्नता के लिए लोगों को तत्काल में भी रिजर्वेशन नहीं मिल पा रहे हैं।

हर साल गर्मी की छुट्टियों में बच्चे कहीं ना कहीं बाहर जाकर घूमने की प्लानिंग बनाते हैं। एक सप्ताह पूर्व स्कूलों में बच्चों की तो छुट्टियां हो गई है लेकिन स्टाफ की अभी छुट्टियां नहीं हुई है। जिन लोगों के द्वारा दो-तीन महीने पहले ही रिजर्वेशन करा लिए गए थे वह तो आराम से जाकर बच्चों के साथ मौज मस्ती करेंगे लेकिन अब जो लोग रिजर्वेशन काउंटर पर पहुंच रहे हैं उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। तत्काल टिकट के लिए भी रिजर्वेशन काउंटर पर लंबी लाइन लग रही है लेकिन बहुत लोगों को इसमें भी सफलता नहीं मिल पा रही है। हिल स्टेशन के लिए तो इस समय ट्रेन में कंफर्म टिकट तो दूर की बात है। अयोध्या व काशी के लिए भी लोगो को ट्रेनों में जगह नही मिल पा रही है जब से अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है । हर कोई रामलला के दीदार को पहुंचना चाहता है लोगों ने यह प्लानिंग बना रखी थी कि जब बच्चों की छुट्टियां होंगी तब वह बच्चों के साथ रामलला का दर्शन करने के लिए जाएंगे लेकिन ट्रेनों में जगह न मिलने के चलते लोगों को निराशा ही हाथ लग रही है। इसी तरह बनारस के लिए भी ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिल पा रहे है।

# पत्नी की पिटाई करने के बाद युवक ने लगाई फांसी, मौत

**औंग।** थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में रविवार रात एक व्यक्ति ने उस समय फांसी लगाकर जान दे दी जब शाम को उसकी पत्नी अपने बच्चों को लेकर गांव में हो रही भागवत सुनने चली गई थी। जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी रामबहादुर निषाद पुत्र स्व. रामसजीवन निषाद (35) गुजरात प्रान्त के सूरत शहर में मजदूरी करता था जो कि अभी चार दिन पहले घर आया था। पास पड़ोस के लोगों के अनुसार रविवार की शाम मृतक शराब के नशे धुत होकर घर आया था और पत्नी के साथ मारपीट भी किया था । बताया जाता है कि गांव में उसी रात भागवत थी।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग बेटी के साथ पिता ने किया दुष्कर्म

**फतेहपुर।** जान से मारने की धमकी देकर 35 साल के नशेड़ी पिता ने शनिवार रात 13 साल की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। मायके से सूचना पर मां पहुंची। मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। औंग थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि वह शुक्रवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के घर गमी में शामिल होने गई थी। घर में 13 वर्ष की बेटी और दस वर्ष के बेटे को छोड़ गई थी। पति गांजा, भांग, शराब का लती है। मजदूरी कर नशे की पूर्ति करता है। पति ने शनिवार रात सोते समय बेटी से दुष्कर्म किया। विरोध पर गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह बेटी पड़ोस में रहने वाली जेठानी के घर पहुंची। कपड़ों में खून के धब्बे देखकर आप बीती सुनकर उन्हें खबर दी। वह सुबह तक घर आ गई। बेटी का हाल जाना। गांव में कुछ लोगों ने पंचायत की। पति की शर्मनाक हरकत होने पर महिला समझौते को तैयार नहीं हुई। महिला ने 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। मां और बेटी से पूछताछ की। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कांति सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।


सफाई न होने से चोक नाला।

### सड़क पर नाले की सिल्ट से लोग परेशान

**फतेहपुर।** नगर पालिका की ओर से इन दिनों नगर के प्रमुख बड़े नालों की सफाई कराई जा रही है। इसमें निकल रही सिल्ट को सड़कों के किनारे डालने के कारण सिल्ट सड़क तक फैल जाने से स्थानीय दुकानदारों व आने-जाने वालों राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर दो पहिया वाहनों के फिसलने का डर बना हुआ है फिर भी सफाई कर्मियों द्वारा सिल्ट को रोड पर मनमानी तरीके से छोड़ दिया जा रहा है। बारिश के पहले जलनिकासी के लिये कस्बे में नाला साफ-सफाई की अलख जलाई जा रही है लेकिन एनजीटी के आदेशों के बावजूद नगर पंचायत अपने कार्य में सुधार नहीं ला रही है। शहर के ज्यादातर स्थानों पर नाला सफाई के बाद सिल्ट वहीं पर फैली पड़ी है। सर्विस लेन पर पड़ी सिल्ट की उठान न होने से वहां से निकलना दुश्वार है। स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों का बदबू के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। लोग बहुत परेशान हैं। सूखने के बाद सिल्ट की माइक्रोफाइन डस्ट सांस के जरिये मानव शरीर में पहुंच कर गंभीर बीमारियों को जन्म दे रही है। हालात यह हैं कि पैदल निकला मुश्किल हो रहा था। कई तो पैदल व वाहन सवार सिल्ट में फिसलकर गिर भी पड़े।

# हर रविवार मच्छरों पर वार को लेकर चलेगा अभियान

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए रविवार को नगर पालिका की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान को लेकर साफ सफाई कराई जाएगी। साथ ही एंटीलार्वा का छिड़काव भी कराया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश के बाद पालिका ने डेंगू दिवस पर हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान की शुरूआत की थी। रविवार को पालिकाध्यक्ष एवं ईओ के निर्देश पर शहर के कई वार्डों में अभियान चलाया गया। पालिका कर्मियों ने वार्ड की गलियों में सफाई के साथ नाला-नालियों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव कर मच्छरों के लार्वा को खत्म किया। घरों में कूलर, गमला व जलपात्रों को साफ करने जागरूक किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार बुजुर्ग को रौंदा, मौत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक ईंट भट्ठे में पेमेंट करने के लिए घर से निकले बाइक सवार एक बुजुर्ग सोमवार दोपहर में सड़क हादसे का शिकार हो गए। डंफर की टक्कर से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे के बाद डंफर छोड़कर चालक मौके से भाग निकला।

ललौली थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी राजेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव (70) खुद का व्यापार करते थे। वह परिवार के साथ पिछले वर्षों से शहर के पीरनपुर में खुद के मकान में रहते थे।

मृतक के बेटे विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि उनके पिता सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक ईंट भट्ठे में पेमेंट करने जाने के लिए वह घर से निकले थे। तभी वह ललौली के जिन्दपुर टोल प्लाजा के आगे ही निकले थे कि तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार डंफर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजेन्द्र बहादुर मय बाइक के डंफर के नीचे चले गए। हादसा देख डंफर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं हादसे की जानकारी पर टोल मैनेजर ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।


डंपर के नीचे फंसी बाइक को निकालती पुलिस। अमृत विचार

**किसान परेशान** | खखरेरू व थरियांव इलाके में फसल रोगग्रस्त, सैकड़ों हेक्टेयर में बोई गई उड़द की फसल

# उड़द की फसल को लगा कीट, पैदावार को लग सकता झटका

संवाददाता, फतेहपुर/खागा

**अमृत विचार।** उड़द की फसल पर कीट लगने से संकट गहरा गया है। पैदावार को झटका लगने की आशंका से किसान परेशान है। किसान कीटनाशक का छिड़काव कर रहा है। दलहनी उड़द की फसल किसान अप्रैल माह में बोते हैं। यह अल्प अवधि की फसल है।

फसल के विकास के लिए 30 से 40 डिग्री का तापमान सही होता है। थरियांव और खखरेरू क्षेत्र के अलावा जनपद में हजारों हेक्टेयर में फसल होती थी लेकिन धीरे धीरे यहां लोगो ने फसल बोना कम कर दी। किसानों का कहना है उड़द व मक्का की फसल बोने से लेकर कटाई तक की लागत समान होती है। उड़द एक बीघा में एक से डेढ़ कुंतल होती है जबकि मक्का एक बीघा में आठ से दस कुंतल होता है। फसल पकने में समय दोनो को बराबर लगता है। उड़द की अपेक्षा मक्का के रेट बाजार में किसानों को अधिक मिलते है। हालांकि अभी भी काफी किसान इस फसल को करते है लेकिन इस बार उड़द की फसल पर संकट है। फसल पीली पड़ रही है। इससे किसान परेशान हो गए। उनका कहना है इसमें झाझा रोग लग गया है।

इससे फली नहीं आती है और यह कीट चट कर जाता है। अब किसानों को कीटनाशक का छिड़काव करना पड़ा रहा है। इस वक्त किसान अपने खेतों में कीटनाशक पदार्थ का छिड़काव कर रहे है। भीषण गर्मी की बजह से तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जा रहा है जबकि इस फसल को 30 से 40 डिग्री तक तापमान की जरूरत है। ऐसे में इस फसल पर और संकट गहरा गया है। किसानों का कहना है कभी यह फसल हजारों हेक्टेयर में होती थी।

अब यह सिमट कर 40 फीसदी रह गई है। किसान परेशान है। उनका कहना है जैसे तैसे कर्ज लेकर फसल बोई थी लेकिन कीट लगने से उन्हे छिड़काव करना पड़ रहा है। वह बेहद परेशान है। इससे मुनाफा तो दूर लागत भी नहीं निकलती दिख रही है। गर्मी के कारण पानी भी अधिक लगाना पड़ रहा है। इसमें और खर्च आ रहा है।


खेत में उड़द की खड़ी फसल। अमृत विचार

### बोले किसान...


उड़द की फसल किसी समय बहुत होती थी लेकिन अब किसान मक्के की फसल पर ज्यादा दिलचस्पी ले रहा है। इस फसल पर संकट है।

**-छेदीलाल सिंह, मानूपुर कुल्ली ब्लाक विजयीपुर**


उड़द की फसल पीली पड़ने लगी है। यदि समय से कीटनाशक छिड़काव न किया जाए तो यह रोग आने वाली फली को चट कर जाता है।

**हेमराज पटेल, दौलतपुर ब्लाक धाता**


भीषण गर्मी की बजह से पानी अधिक लगाना पड़ रहा है। कीट लगने से फसल पर काफी असर पड़ रहा। इससे चिंता है।

**कमल सिंह, शिवपुरी ब्लाक विजयीपुर**


जिस समय उड़द बोई जाती है। उस समय मक्का भी बोया जाता है। अब फसल पर कीट लग जाने से कैसे भरपाई हो पाएगी

**पंकज पटेल, घरवासीपुर ब्लाक धाता**

# रेलवे कर्मियों को वितरित की दवाएं

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा इस चिलचिलाती धूप लू के प्रकोप को कम करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि का वितरण रेलवे स्टेशन में किया गया।

जिसके तहत रेलवे स्टेशन फतेहपुर में कार्यरत सभी सफाईकर्मी, सभी गैंगमैन, सभी मजदूरों, रेलवे लाइन में काम करने वाले मजदूरों सहित सभी कर्मचारियों, जीआरपी के सभी जवानों को लू के प्रकोप को कम करने व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की। साथ ही डॉ अनुराग द्वारा खाली पेट न रहने, पानी व तरल पदार्थों का अधिक इस्तेमाल करने, सिर में कपड़े या टोपी का इस्तेमाल करने के लिए बताया गया। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक मणिशंकर मिश्रा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक महेंद्र गुप्ता सहित प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# जनसेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर लूटा

## स्टेट बैंक से 2.35 लाख रुपये निकालकर जा रहा था युवक

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** मुख्य शाखा से रुपये निकालकर जनसेवा केन्द्र जा रहे संचालक पर बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने हमला कर दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी और लाखों की नगदी लूटकर मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।



घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- नकाबपोश बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, घायल कानपुर रेफर

थरियांव थाना क्षेत्र के औरेई गांव निवासी अतुल कुमार तिवारी पुत्र लक्ष्मीकांत तिवारी उर्फ रजौली सातों स्थित कृष्णचंद्र के मकान में भारतीय स्टेट बैंक की मिनी शाखा चलाता था। उसी से वह अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर वह थरियांव स्थित स्टेट बैंक से रूपये निकालने गया था। करीब एक बजे वह बैंक से 2.35 लाख रुपये लेकर बाइक से सातों जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह थरियांव थाने के बरियारपुर मोड़ के पास पहुंचा तभी पीछे से पहुंचे बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन अतुल बाइक चलाता गया। बदमाशों ने धक्का मारकर उसे बाइक से गिरा दिया और छीनाझपटी करने लगे। अतुल के विरोध करने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी और बैग में रखी सारी नगदी लूटकर भाग निकले। घटना होती देख वहीं से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अतुल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी के माध्यम से बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। मामले में एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए स्थानीय पुलिस को निर्देश दिए गए हैं।

# सूने घर का ताला तोड़कर नकदी-जेवर पार किए

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सूने पड़े घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने ताला तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया। वापस लौटने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



- माता-पिता को ट्रेन में बैठाकर बहन के घर रुका था पीड़ित
- मामला राधानगर थाना क्षेत्र की डूडा कालोनी का

राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली पुलिया डूडा कालोनी निवासी दीपू कश्यप के घर से चोरों ने नकदी, जेवरात समेत चार लाख का माल पार कर दिया। दीपू ने बताया कि उसके आगरा में रहने वाले ताऊ का शनिवार को निधन हो गया था। निधन की सूचना पर मूल गांव खेसहन से मां व पिता लेकर शहर आया। दोनों को स्टेशन से आगरा की ट्रेन में रात करीब 10 बजे बैठाया था। पत्नी व बच्चे मायके गई हैं। इसी वजह स्टेशन के पास देवीगंज में रहने वाली बहन के घर सोने चला गया। बहन के घर से शाम करीब छह बजे कॉलोनी पहुंचा। वहां का ताला टूटा पड़ा था। सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी के लॉकर से 13 ग्राम सोने की चेन, दो अंगूठी, चांदी की हॉफपेटी, पायल, सोने के पांच लॉकेट का हार, सोने की बिजली, दो लेडीज अंगूठी, बेटी की कान की नाथ व बाले, 15 हजार नकदी चोर चुरा ले गए हैं।

# लेनदेन के विवाद में मारपीट व फायरिंग एक घायल

**फतेहपुर।** लेनदेन के विवाद को लेकर खदान संचालक के भाई को लाठी डंडों से पीट दिया गया। इस दौरान हमलावरों ने हवाई फायरिंग कर दी। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंच पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस तीन संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ कर रही है।

सदर कोतवाली के उत्तरी गोतम नगर निवासी प्रदीप मिश्रा मौरंग कारोबारी के भाई के ऊपर भाजपा नेत्री गायत्री सिंह के पुत्र लखन सिंह समेत चार लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। घटना में वह बाल बाल बच गया।घटना की जानकारी पर पहुंची एक्सयूवी कार, फायर की गई पिस्तौल की कारतूस बरामद की है। बताया जा रहा है कि पिस्टल लेकर मौके से एक आरोपी फरार हो गया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रजिस्ट्रेशन के आवेदन पर चल रहे कई नर्सिंग होम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में निजी अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग के नियमों का माखौल बना दिया है। रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ आवेदन कर अस्पताल में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। करीब दर्जन भर निजी अस्पतालों का मानक न पूरा कर पाने पर स्वास्थ्य विभाग ने रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था, लेकिन सभी अस्पताल चल रहे हैं। सीएमओ जांच टीम को चेकिंग में तेजी व सख्ती लाने के निर्देश देने की बात कह रहे हैं।

जनपद में बिना मानक के चल रहे अस्पतालों में लापरवाही से मौत के मामले कई बार आ चुके हैं। इस दौरान लोगों ने एक सवाल उठाकर चौंका दिया कि जब अस्पताल ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन ही किया है अभी उसका रजिस्ट्रेशन हुआ नहीं है तो इलाज कैसे शुरू कर दिया। इतना ही नहीं फायर ब्रिगेड की एनओसी, रजिस्टर्ड डॉक्टर आदि अन्य जरूरी शर्तें पूरी न कर पाने पर सीएमओ कार्यालय ने दो महीने पहले कई निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन रिनुअल करने से इनकार कर दिया। तमाम निजी अस्पतालों ने बिना नियम शर्तें माने मरीजों का इलाज शुरू कर दिया। बताते हैं कि रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, प्रक्रिया चल रही है। खास बात यह है कि इसमें सीएमओ के अधीन काम करने वाले डॉक्टर व फार्मासिस्ट के भी निजी अस्पताल हैं।

- जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के भी चल रहे हैं कई प्राइवेट अस्पताल

> बिना रजिस्ट्रेशन हुए अस्पताल में मरीज भर्ती कर इलाज करना नियम विरुद्ध है। रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ आवेदन करने भर से किसी को अस्पताल चलाने की छूट नहीं मिल जाती। ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. इस्तियाक अहमद, , सीएमओ

# पुण्य तिथि पर याद किए गए पंडित नेहरू

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अब्दुल हफीज के नेतृत्व में सोमवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र पर तमाम कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक ने श्रद्धापूर्वक खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए कहा कि नेहरू जी 1912 में जब बांकीपुर अधिवेशन में राजनीतिक विचारक और सामाजिक न्याय के बतौर जब कांग्रेस मे शामिल हुए तो उनका मकसद ही लोगों को एकजुट करना और राष्ट्र निर्माण के कार्य क्षमता से बढ़ाकर लोकतंत्र की मजबूत नीव रखने की रही है।



पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित करते चेयरमैन अब्दुल हफीज व काग्रेंसी नेता। अमृत विचार

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

वक्ताओं ने कहा कि अगर आज के राजनीतिक स्तर पर सामाजिक जीवन का सार देखा जाय तो कौन नही कहेगा कि लोकतंत्र संगठित धर्म का आधार बन रहा है। संवैधानिक अधिकार क्षेत्र जिनके लिए बने वह सीमित होते जा रहे हैं। आज उनके विचार ही देश को मजबूत और सदभाव पर अटूट संबंध स्थापित कर सकते है। अपने सम्बोधन में अब्दुल हफीज ने कहा कि नेहरू जी संगठित धर्म पर आधारित भारतीय समाज को व्यवस्थित करने के विरोधी रहे क्योंकि वह जानते थे कि भारत एक बहुजातीय, बहुभाषी, बहु संस्काकारिक, बहुधर्मी वाला समूहों पर स्थापित एक देश है। जिसने अंग्रेजी हुकूमत के दौरान बहुत सामाजिक दंश झेला है। कहा कि एक वैचारिक आंदोलन की देश मे नफरत की पैदा की जा रही हैं, जहां भाषा समझ भारतीय सांस्कृतिक परिवर्तन पर ध्यान हटाकर एक विशेष प्रकार का सामाजिक हस्तक्षेप कर सम्बन्ध और न्याय को विलग करने का काम किया जा रहा। एसी परिस्थिति मे कांग्रेस परिवार देश के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व पर देश और समाज को लोकतांत्रिक संरक्षा और संविधान सुरक्षा के साथ खड़े रहेंगे। जिला उपाध्यक्ष अजीज ने कहा कि देश में आत्म निर्भरता के जो निर्माण कार्य हुआ उससे देश विकासशील देशो की श्रेणी मे खड़ा हुआ है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रफत रिजवी, रमजान अली, मोहम्मद तैयब नूरी, नफीस खान, मोहम्मद अंबार, सोनू, राम शंकर, शोएब, तुफैल आदि रहे।

# पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा घर बैठे मिलेगी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** 1962 ट्रोल फ्री नंबर पर एक कॉल करने पर मवेशियों के कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा मिल सकेगी। पशुपालन विभाग पशुपालकों की डिमांड पर उनके दरवाजे पर सुविधा मुहैया कराएगा। हालांकि दोआबा में संचालित आठ मोबाइल वैटरनिटी यूनिट फोन कॉल पर टीकाकरण, इलाज, बधियाकरण आदि की सुविधाएं मुहैया करा रही हैं। एमवीयू (मोबाइल वैटरनिटी यूनिट) की यह सेवा संचालित हैं।

विभाग ने पशुपालकों के मवेशियों के इलाज आदि के लिए सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पांच एमवीयू लगाई गई हैं। जो कि तय रूटों पर संचालित हैं। वहीं सुबह दस बजे से शाम आठ बजे तक तीन यूनिट इमरजेंसी होने पर मौके पर भेजी जाती हैं। सदर, हथगाम, हुसेनगंज, धाता, गाजीपुर, जहानाबाद, गोपालगंज एवं चांदपुर सेंटरों पर एमवीयू लगी हैं।

- मोबाइल वैटरनिटी यूनिट की सेवा उपलब्ध

### एक दिन में औसतन दो कॉल

जिम्मेदारों ने बताया कि एमवीयू में एक पशुचिकित्सक, एक सहायक एवं विभागीय कार्य में भी दक्ष चालक होता है। अस्पताल जैसी सारी सुविधाओं से एमवीयू लैस हैं। जानकारी के अभाव में पशुपालक किसान बेहतरीन सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। दिन भर प्रति यूनिट करीब दो काल ही आते हैं।

एमवीयू की सुविधा के लिए अस्पताल की तर्ज पर ही फीस है। यानी बड़े मवेशी (गाय, भैंस आदि) पर मात्र पांच रुपये एवं छोटे मवेशी (बकरी, भेंड़, सुअर आदि) के इलाज के लिए रजिस्ट्रेशन पर दो रुपये देय है।

> सारी सुविधाओं से लैस एक अप्रैल से एमवीयू संचालित हैं, पशुपालकों की डिमांड पर एआई की सुविधा प्रदान की जाएगी।
>
> -डा. नवल किशोर सचान, सीवीओ,

# डायरिया से पीड़ित 17 बच्चे भर्ती

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को सारा दिन बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में मरीजों की भीड़ रही। भर्ती वार्ड सहित एनआरसी में डायरिया, डिसेंट्री और निमोनिया के 17 बच्चे भर्ती हैं। एनआरसी के सभी बेड फुल हैं। उधर, बीमार मां को बेड न मिलने पर साथ आई बेटी ने इमरजेंसी में स्टाफ से नाराजगी जताई, जिसके बाद बेड की व्यवस्था कराई गई।

रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में सुबह आठ बजे से लेकर डेढ़ बजे तक 1135 नए पुराने मरीज पहुंचे। जहां आठ सैकड़ा नए मरीजों ने पर्चा कटवाया। ईएमओ डॉ. एके सचान ने बताया कि मरीजों में बाल रोगियों की संख्या ज्यादा है, जिन्हें डायरिया की शिकायत है। कुछ भर्ती किए गए और कुछ को दवाएं दी गई। बता दें कि इस दौरान तड़प रही बुखार पीड़ित एक बुजुर्ग महिला को बेड न मिलने पर उसकी बेटी ने नाराजगी जताई। जिसके बाद बेड की व्यवस्था की गई। हसवा के खेलदार मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय शिवकली निषाद बुखार पीड़ित थीं। सोमवार सुबह अस्पताल में वह अपनी बेटी विनोदनी के साथ पहुंची। इमरजेंसी में उसे स्ट्रेचर में लिटा दिया गया। बार-बार बेटी के कहने पर भी बेड की व्यवस्था नहीं की गई। मां की हालत खराब देख बेटी ने नाराजगी जताते हुए स्टाफ कर्मियों की शिकायत सीएमओ से करने की बात कही। करीब आधे घंटे तक वह इधर-उधर भटकती रही। कर्मियों द्वारा बेड नहीं मुहैया कराया। इसके बाद तत्काल महिला को भर्ती वार्ड के लिए भेज दिया गया। जहां पर उसे भर्ती कर इलाज शुरू हुआ।



काउंटर पर दवा लेने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

- जिला अस्पताल रोज पहुंच रहे चार-पांच बच्चे
- 80 फीसदी बाल रोगी गर्मी से प्रभावित

> बच्चों में डायरिया, डिसेंट्री और निमोनिया के रोगी बहुत आ रहे हैं। रोज चार से पांच ऐसे बच्चे आते हैं, जिन्हें भर्ती करना पड़ता है। 80 फीसदी बाल रोगी गर्मी से प्रभावित है। बच्चों को बहुत तेज बुखार आ रहा है। ऐसे बच्चों के शरीर में गीला कपड़ा करके पोछा लगाएं और हो सके तो उन्हें सामान्य पानी से नहला दें। इससे बुखार कम होता है।
>
> -डॉ. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

# संदिग्ध हालत में हुई युवक की मौत

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के मानिकपुर मजरे शिवराजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार की देर रात एक युवक की घर पर ही मौत हो गई।

औंग थाने के मानिकपुर मजरे शिवराजपुर गांव निवासी स्व. रामसजीवन का पुत्र रामबहादुर की पत्नी गुड़िया गांव में हो रहे अखंड रामायण का पाठ सुनने गई थी। रात साढ़े ग्यारह बजे जब वह घर वापस आई तो देखा कि पति कमरे में अचेतावस्था में पड़ा है। काफी आवाज देने पर जब वह नहीं उठा तो इसी बीच पास-पड़ोस के लोग आ गए। जब देखा तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

# तिरहार क्षेत्र में खोदाई गहरी होने से खदानों में पानी, लोग तरस रहे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रामनगर कौहन खनन क्षेत्र की खदानों में अंधाधुंध खनन से खदानें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि जल स्रोत से नीचे का पानी तक आना शुरू हो गया है। खदानों में पानी भरा है।

हर साल भीषण गर्मी में पानी मांग रहे तिरहार की इस समस्या के पीछे खदान में चलने वाला खनन भी बन रहा है। अत्याधिक खनन होने से जल स्तर में गिरावट आ रही है। नतीजा यह है कि हैंडपंप जवाब दे रहे हैं। लिहाजा, यहां की जनता दूषित पानी हलक के नीचे उतारने को मजबूर है। ऐसी गरमी में पेयजल की समस्या से जूझ रहे तिरहार की तस्वीर इस जनता की बेबसी की दुहाई दे रही है। इसके बाद हरेक गरमी में खड़ी होने वाली इस समस्या का हल नहीं खोजा जा रहा है। खदानों में अंधाधुंध खुदाई होने से जलस्तर तेजी से नीचे पहुंच रहा है। खननकर्ता मोटी कमाई के लिए बड़ी बड़ी मशीनें लगा करके लाखों लीटर पानी रोजाना बहा रहे हैं। जलस्तर नीचे जाने का यह एक प्रमुख कारण है। यहां पर 200 के ऊपर वाले बोर काम कर रहे हैं।



पड़ोसी के सबमर्सिबल से पानी भरते लोग। अमृत विचार

### हैंडपंप दे रहे जवाब, पड़ोसी बुझा रहे प्यास

असोथर ब्लाक क्षेत्र की जनता इस वक्त पीने का पानी मांग रही है। करीब 50 फीसदी हैंडपंप पानी पिलाने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में काम कर रहे हैडपंप पर भीड़ लग रही है। बाकी का काम पड़ोसी कर रहे हैं जिनके सबमर्सिबल से प्यास बुझ रही है।

### टैंकर पहुंचते ही बाल्टी-डिब्बा लेकर दौड़ पड़ते लोग

ग्राम पंचायत से नगर पंचायत में तब्दील हुई असोथर को ही लें तो यहां पेयजल समस्या विकराल रूप धारण किए है। नई बाजार, पुरानी बाजार, किलापर, बढ़ईन मोहल्ला, तेलनापर, दर्जिन मोहल्ला समेत यह कुछ ऐसे मोहल्ले हैं जो नगर पंचायत के टैंकर का पानी पीने को मजबूर हैं। जबकि इन क्षेत्रों में जल शोधन संयंत्र से पानी सप्लाई के लिए कनेक्शन भी दिए गए हैं।

### ग्रामीण बोले, यह बड़ी समस्या है

असोथर के रहने वाले विनय बाबा ने बताया कि खदानों में अवैध खनन व जलधारा के बीच खनन होने से जलस्तर कम हो रहा है।प्रशासन केवल खानापूर्ति कर चले जाते हैं। वहीं राम सिंह पासवान ने बताया कि क्षेत्र में जलस्तर नीचे खिसक रहा है। लोगों को दूर दराज से पानी लाना पड़ता है।जलस्तर कम होने से हैंडपंप से गंदा पानी निकलता है। तेलनापर के रहने वाले रमेश ने बताया कि शुद्ध पेयजल बड़ी चुनौती है। रईस लोग तो आरओ का पानी पी लेते हैं हम गरीबों की प्यास का कौन जिम्मेदार है। लोग दूषित पानी से बीमार हो रहे हैं। इसी तरह असोथर के मुन्नेलाल ने कहा कि नहर में पानी न आने से भी जलस्तर कम हो रहा है। हैंडपंप काम नहीं कर रहे हैं।

पोर्टेबल स्कीम — नंबर होंगे रिप्लेस, पुरानी गाड़ी के नंबर नए में होंगे मान्य

# एक चौथाई भुगतान पर पुराने वाहनों को मिलेंगे वीआईपी नंबर

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** वाहनों में वीआईपी नंबरों के शौकीनों के लिए राहत की खबर है। आरटीओ की पोर्टेबल स्कीम के तहत अब एक लाख रुपये में मिलने वाले वीआईपी नंबर लोगों को एक चौथाई कीमत यानी 25 हजार रुपये में ही मिल जाएंगे। इस स्कीम में वो नंबर आएंगे जिनका पंजीकरण तीन साल से अधिक पुराना होगा।

इस स्कीम के तहत यदि किसी के दो पहिया या चार पहिया वाहनों में वीआईपी नंबर है और दूसरी नई गाड़ी खरीदने पर उसी पुराने नंबर की चाहत है तो वाहन मालिक को अपने पुराने नंबर का उल्लेख करते हुए आरटीओ में आवेदन करना होगा। एक लाख कीमत वाले वीआईपी नंबर को 25 हजार और असाइनमेंट शुल्क 600 रुपये अतिरिक्त आरटीओ में भुगतान करने के बाद पुराना नंबर वर्तमान में चल रही सीरीज के साथ नए वाहन के लिए विभाग आवंटित कर देगा।





आरटीओ कार्यालय। अमृत विचार

- वीआईपी नंबरों का रेट एक लाख, अब 25 हजार में ही मिलेंगे

### सामान्य नंबर भी कर सकते हैं रिप्लेस

आरटीओ की इस पोर्टेबल स्कीम में जहां वीआईपी नंबरों पर बड़ी छूट का लाभ मिलेगा, वहीं दूसरी ओर दो पहिया, चार पहिया वाहनों के सामान्य नंबरों को भी पुराने से नए वाहन में पोर्ट कराने की सुविधा भी है। इसके लिए भी अपने पुराने नंबरों का उल्लेख करते हुए रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ असाइनमेंट फीस आरटीओ में अदा करनी होगी। कामर्शियल समेत छोटे-बड़े सभी वाहनों के लिए यह स्कीम है।

### यह होगा शुल्क

रिप्लेसमेंट के तहत चार पहिया और बड़े वाहनों के सामान्य नंबर के लिए पांच हजार रुपये और छह सौ असाइनमेंट शुल्क, इसी तरह तीन पहिया के लिए तीन हजार, जबकि दो पहिया वाहनों के लिए दो हजार और छह सौ असाइंनमेंट शुल्क है। इस स्कीम के तहत अब तक 110 वाहनों ने अपने नंबर पोर्ट कराए हैं।

## वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर अपडेट न होने से बढ़ी दुविधा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मोबाइल नंबरों को अपडेट कराए जाने में वाहन स्वामियों द्वारा जागरूकता न दिखाए जाने के कारण एआरटीओ विभाग सहित वाहन स्वामियों की परेशानियां बढ़ रही हैं। वाहन स्वामी को चालान आदि की जानकारी नहीं मिल पाती, वहीं टैक्स जमा करवाए जाने के लिए एआरटीओ द्वारा वाहन स्वामी से सम्पर्क करने में परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

पुराने वाहनों में होती सबसे अधिक परेशानी पूर्व में वाहनों के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य काम मैनुअल तरीके से होने के कारण मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हो सके थे। वहीं वाहनों से सम्बंधित कार्य कराए जाने के दौरान वाहन स्वामियों द्वारा अन्य लोगों या साइबर कैफे से ऑन लाइन आवेदन के दौरान वहां का नंबर डाल दिया जाता है। जिससे उन्हें चालान आदि की जानकारी के मैसेज नहीं मिल पाते जिससे वाहन स्वामियों को परेशानियां उठानी पड़ती हैं। इसके बावजूद नंबरों को अपडेट नहीं कराया जा रहा। बताते हैं कि जिन वाहन स्वामियों के नंबर गलत पड़े हैं या फिर मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं।

ऐसे वाहन स्वामियों के कार्यालय सम्बंधित कार्य जैसे ट्रांसफर, टैक्स, फिटनेस आदि कराने के लिए कार्यालय जाने के दौरान मोबाइल नंबर अपडेट किए जाने का काम विभाग द्वारा शुरू कराया गया है।

बिना मोबाइल नंबर अपडेट के विभाग के काम आसान नहीं होंगे। दरअसल सम्बंधित मोबाइल पर आने वाले ओटीपी के बाद ही वाहन सम्बंधित काम हो सकेंगे। वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर अपडेट न होने के कारण होने वाले चालान की जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में वाहन स्वामी जब कार्यालय पहुंचते है तब उन्हे चालान की जानकारी हो पाती है।

### खुद कर सकते हैं नंबर अपडेट

वाहन स्वामियों द्वारा खुद ही घर बैठे ही अपना मोबाइल नंबर अपडेट किया जा सकता है। बताते हैं कि परिवहन विभाग की वेबसाइड पर जाकर आने वाले आप्शन के अनुसार गलत नंबरों को हटाकर अपना सही मोबाइल नंबर वाहन स्वामियों द्वारा स्वत ही डाला जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### महिला ने सास-ससुर पर लगाया मारपीट का आरोप

**बिंदकी।** पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया कि उसके सास ससुर मारपीट करते हैं। घर में रहने नहीं देते, जिसके चलते वह अपने दो बच्चों के साथ कई वर्षों से अपने मायके में रह रही है। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के फरीदपुर गांव की महिला गीता देवी पत्नी बीरेंद्र अपने दो बच्चों के साथ बहन दीपा देवी को लेकर सोमवार को कोतवाली पहुंची। गीता देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी सास रामारानी देवी और ससुर रामदीन उसके साथ मारपीट करते हैं। ससुराल में रहने नहीं देते हैं जिसके कारण वह कई वर्ष से अपने मायके जनपद के ही गाजीपुर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर बकरी गांव में रह रही है। पीड़ित महिला गीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### घरेलू विवाद में बेटे ने पिता को पीटा

**बिंदकी।** नशे की हालत में पुत्र ने अपने बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पिता कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे के छोटी बाजार मोहल्ला निवासी शिवकुमार गुप्ता (60) सोमवार को घायल अवस्था में कोतवाली बिंदकी पहुंचे उन्होंने पुलिस को एक तहरीर दिया। जिसमें शिकायत किया कि उनका पुत्र संदीप कुमार गुप्ता नशेड़ी प्रवत्ति का है और शराब पीकर आयदिन गाली गलौज करता है। विरोध करने पर मारपीट करता है। इसी के चलते उसने मारपीट कर दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पिता की शिकायत सुनकर पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### तीन माह के बच्चे के लिए किया रक्तदान

**फतेहपुर।** जिले के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती बच्चा रियांश पुत्र फूलचंद्र निवासी ग्राम कनकपुर पोस्ट सिमरा जो गर्मी के कारण निमोनिया की शिकायत है। बच्चे को इलाज के दौरान डॉक्टर ने 100 एमएलओ पाजिटिव ताजे रक्त की जरूरत बताई। परिवार में कोई रक्तदान करने वाला नही था, जिस कारण बच्चे के तीमारदार काफी परेशान थे। तभी तीमारदार बच्चे के फूफा अवधेश ने सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से सम्पर्क किया जिस ओर टीम द्वारा देरी न करते हुए केस वेरिफाई कर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी ग्रुप में डाला गया। केस ग्रुप में डालते ही टीम के सदस्य कवलजीत सिंह सिमर रक्तदान के लिए तैयार हो गए और मानस रक्तकेन्द्र पहुंचकर बच्चे के लिए अपना पांचवां रक्तदान किया। जिससे बच्चे के तीमारदार को समय से रक्त की उपलब्धता हो पाई। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व मानस रक्तकेन्द्र से अनामिका मौजूद रहे।

### कंटेनर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र स्थित हाईवे में रविवार की शाम कन्टेनर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार एक युवक की जहां मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलवां थाना क्षेत्र के ओखरा कुंवरपुर गांव निवासी ननकवा का पुत्र शिव किशोर अपने रिश्तेदार नरेश प्रसाद निवासी सीखूपुर थाना पैलानी जनपद बांदा के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गया था। वापस लौटते समय जब वह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के तहत हाईवे पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे कन्टेनर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। गंभीर घायल शिव किशोर को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### भूमि व बीजशोधन कर कीट से बचा सकते फसल

**फतेहपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि भूमि एवं बीजशोधन कर फसलों को कीट एवं रोगों से बचा सकते है। किसान फसलों को प्रतिवर्ष खरपतवारों, रोगों, कीटों तथा चूहों आदि से करीब 15 से 20 फीसदी की क्षति होती है। बताया कि खरपतवारों के बाद सबसे अधिक क्षति रोगों से होती है।

# भीषण गर्मी में हांफ रहे विद्युत उपकेंद्रों के ट्रांसफार्मर, बचाने में जुटा विभाग

## मांग के सापेक्ष नहीं मिल रही बिजली, गर्मी के मौसम में परेशान हो रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली समस्या गहरा गई है। नलकूप न चल पाने से फसलें सूखने लगी हैं। दिन के समय भारी कटौती कर महज चार से पांच घंटे ही बिजली दी जा रही है। विद्युत उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर गर्मी के कारण हीट होने पर विभाग उनको बचाने के लिये पानी की बौछार छोड़ रहा है। एक्सईएन लगातार उपकेंद्रों निरीक्षण कर उपकरण बचाने की सलाह दे रहे हैं।

भीषण गर्मी में लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। विभाग इनको बचाने में जुट गया है। इससे दिन के समय चार से पांच घंटे ही बिजली ग्रामीण क्षेत्र को दी जा रही है। ऐसे में कि किसानों की तैयार खड़ी मक्का व मूंगफली की फसल सिंचाई न हो पाने से सूखने लगी है। निजी नलकूपों को दी जाने वाली 10 घंटे बिजली में भी कटौती की जा रही है। विभागीय अधिकारी गांव के फीडरों को बिजली देने की बात कर रहे हैं पर निजी नलकूपों को बिजली नाम की देने को कह रहे हैं। खास बात तो यह है कि वह कोल्ड स्टोरेज फीडरों को कटौती मुक्त करने के निर्देश दे रहे हैं। यदि किसानों की फसलें बिजली के अभाव में सूखती हैं तो इसके लिये सीधे सरकार जिम्मेदार होगी।

**सभी उपकेंद्रों पर लगाये जा रहे कूलर:** जिले से सभी उपकेंद्र ओवरलोडिंग से जूझ रहे हैं। मांग के सापेक्ष उपकेंद्रों में क्षमता नहीं है। इसलिये ट्रांसफार्मर गर्म होने पर बिजली की भारी कटौती की जा रही है। इसीलिये अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने सोमवार को उपकेंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।



मानपुर विद्युत उपकेंद्र में लगे ट्रांसफार्मर में पानी की बौछार मारते कर्मचारी व मौजूद एक्सईएन मगन सिंह।

### ट्रांसफार्मरों पर डाला जा रहा पानी

■ ओवरलोडिंग के चलते उपकेंद्र बंद होने की कगार पर हैं। इनमें लगी मशीनें व ट्रांसफार्मर गरम हो रहे हैं। इससे मशीनें खुद बंद हो रहीं है। ट्रांसफार्मरों को से बचाने के लिये इन पर पानी की बौछार डाली जा रही है।

### इन नंबरों पर करें शिकायत

अधिशाषी अभियंता विद्युत कन्नौज मगन सिंह ने बताया कि बिजली संबंधी समस्या, तार टूटने या फाल्ट होने पर शिकायत को उपकेंद्रों के मोबाइल नंबर जारी किये हैं। सुबह नौ से शाम पांच बजे तक जतिन कश्यप के मोबाइल नंबर 7007801715, शाम पांच बजे से रात दो बजे तक जीत त्रिपाठी के मो. नं. 7007833147 पर फोन करें। रात दो से सुबह 10 बजे तक शशांक अवस्थी के मो. नं. 9956782208 पर शिकायत करें। सुबह 10 से शाम छह बजे तक रोहित कश्यप के मो. नं. 7007801611 पर शिकायत कर सकते हैं। कहीं फाल्ट या तार टूट जाने पर उपकेंद्रों के मोबाइल नंबर बहादुरपुर 9118448156, मानपुर 9453838063, जसोदा पंप कैनाल 8353990732, जसपुरापुर 9120563518, नेरा मोचीपुर 9453972165, तिर्वा 9415124143, ठठिया 6389681636, पट्टी कढेरा 9415124151, इंदरगढ़ 9415124137, बेहरिन 7887207323, मतौली 9670913838, मकरंदनगर 9450910170, चौधरियापुर 7887253270, अकबरपुर सराय घाघ 7380758058 पर सूचना दे सकते हैं।

## रात में सोते समय पति पर खौलता तेल डाला, गंभीर

**सौरिख, कन्नौज।** शराबी पति से तंग आकर पत्नी ने रात में सोते समय उस पर खौलता तेल डाल कर जला दिया।

रविवार की रात थाना क्षेत्र के गांव ईशम पुर निवासी रमेश (55) पुत्र बनवारी लाल घर पर सो रहा था। करीब दो बजे पत्नी सुशीला देवी ने सरसों का तेल गर्म करके पति के ऊपर डाल दिया। गरम तेल पड़ते ही रमेश चीखने लगा। वह गंभीर रूप से झुलस गया। चीखें सुन आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए। परिजन सुबह रमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख लेकर गए। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर का कहना है रमेश का लगभग 60 प्रतिशत शरीर जल चुका है। वहीं दबी आवाज में रिश्तेदारों ने बताया कि रमेश शराब पीकर घर पर झगड़ा करता रहता था। परिवार में तीन लड़के व तीन लड़कियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है। लड़के बाहर नौकरी कर रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष सचिन सिंह का कहना है कि अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस को भेजा गया था। पीड़ित ने मामले की तहरीर नहीं दी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# गमछे से गला कस नवविवाहिता की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सरायमीरा बाईपास निजी अस्पताल के पीछे नाले में मिला शव
- पुलिस ने की छानबीन, मृतका की नहीं हो सकी पहचान, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** एक नवविवाहिता की गला कसकर हत्या कर दी गई। सरायमीरा बाईपास स्थित निजी अस्पताल के पीछे रेलवे लाइन पार नाले में उसका शव मिला। गले में गमछा कसा था। उसकी नई शादी होने का अनुमान लगाया जा रहा है क्यों कि वह लाल चूड़ी, लाल साड़ी, तोड़िया पहनने के साथ महावर लगाये थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान कराने का प्रयास किया। इसके बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस की मर्चरी भेज दिया।

सोमवार की सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकरनगर में रेलवे लाइन पार कर नाले में एक 25 वर्षीय महिला का शव लोगों ने देखा। सूचना पर कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह व सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया। इस दौरान पाया कि महिला की एक आंख में किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था जिससे आंख फूट चुकी थी। गले में लाल रंग के गमछे से फंदा लगा था। पुलिस के अनुसार महिला की हाल ही में शादी हुई होगी। उसके पैर में कुछ दिन पहले की महावर थी तो नई तोड़िया भी थी। आसपास कई गांव के लोग मौके पर पहुंचे पर किसी ने उसकी पहचान नहीं की। इससे अनुमान है कि महिला की हत्या किसी दूसरे स्थान पर करने के बाद शव को यहां लाकर नाले में डाला गया है। कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह का कहना है कि महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किए हैं। मामले की जांच की जा रही है।



नाले के बाहर पड़े महिला के शव को देखते सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी।

### प्रेम संबंध के चलते तो नहीं की गई हत्या!

**कन्नौज।** लोगों में चर्चा रही कि महिला की हाल ही में शादी हुई है। संभव है कि वह किसी और से प्रेम करती रही हो और शादी किसी दूसरे से कर दी गई। ससुराल से लौटने के बाद वह प्रेमी से मिलने गई हो। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने हत्या करने के बाद शव को नाले में डाल दिया हो। चाल चाल चलन का आरोप लगा कर ससुरालियों ने ही उसकी हत्या कर दी हो। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# शौचालय में गंदगी, कमरों में बिजली व पंखे नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज के 11 किशोर हैं बंद अन्य खामियों को भी दूर करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने बाल संप्रेक्षण गृह याकूतगंज फर्रुखाबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान किशोर को सम्प्रेक्षण गृह में भोजन नहीं कराया जाता है बल्कि निवास कक्ष में ही दिया जाता है इस पर नाराजगी जताई गई। भोजन कक्ष में कैमरा लगा था। शौचालय में गंदगी मिली। किशोर अपचारियों के कमरों में बिजली की उचित व्यवस्था नहीं पाई गई। पंखों का भी अभाव मिला।

सचिव को सम्प्रेक्षण गृह में लगे तीन कैमरे भी खराब मिले। प्रभारी अधीक्षक को निर्देश दिए गए कि खामियों को तत्काल दुरुस्त कराएं। सचिव ने बताया कि वर्तमान में बाल संप्रेक्षण गृह फर्रुखाबाद में जनपद कन्नौज के कुल 11 किशोर अपचारी बंद हैं। प्रभारी अधीक्षक ने बताया कि किशोर अपधारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायायल के समक्ष पेश किया जाता है। वाई-फाई हाईस्पीड इंटरनेट की व्यवस्था नहीं है और किशोरों को बोर्ड के समक्ष व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग के जरिए पेश किया जाता है। इस पर आपत्ति जताई गई। सचिव ने उपस्थिति रजिस्टर, प्रदेश रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर देखा तो अंकित प्रविष्टियां अपूर्ण एवं असंतोषजनक मिलीं। कुछ बच्चों को संस्था के वस्त्र उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। बाल कानूनी अधिकार बताए गए। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी खुशबू धनकड, अंकित कौशिक, प्रभारी अधीक्षक राज कुमार, दिलीप सिंह, गौरव, सत्यपाल व गुलाब सिंह व गजराज उपस्थित थे।

## नगरपालिका ने गोवंशों के लिए लगवाए चार कूलर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से गोवंशों को बचाने के लिए नगरपालिका ने नगर के गोआश्रय स्थल में जहां चार कूलर लगवाए हैं वहीं टिनशेड के ऊपर मैट डलवाई गई है। नगरपालिका का अस्थाई गोआश्रय स्थल आवास विकास कालोनी स्थित सीवर कुआं परिसर में है। यहां संविदा कर्मी प्रमोद कुमार, महेंद्र, योगेश और राजेश की देखरेख में 18 गाय व 80 सांड़ कुल 98 मवेशी हैं। योगेश कुमार ने बताया कि रोजाना 4 से 5 क्विंटल भूसा और 50 किलो दाना की जरूरत पड़ती है। दो दिन के स्टॉक में 40 क्विंटल भूसा और 6 क्विंटल दाना रखा जाता है क्योंकि इससे अधिक रखने की जगह नहीं है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर यहां मवेशियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए चार कूलर लगाए गए हैं जबकि टिन शेड पर मैट बिछाई गई है।

# चौथे दिन जलापूर्ति, लोगों को मिली राहत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- बूंद-बूंद पानी को तरस रहे थे 300 घरों के लोग
- चार स्थानों पर टूटी निकली पानी की मेन लाइन

**अमृत विचार।** मोबाइल नेटवर्क कंपनी ने शुक्रवार को जीटी रोड पर लाइन डालते समय पानी की मेन पाइन लाइन क्षतिग्रस्त कर दी। इससे 300 घरों में पेजयल समस्या उत्पन्न हो गई। पालिका प्रशासन ने तीन टीमें लगा कर करीब 48 घंटे में लाइन ठीक कराई।

सोमवार को भी पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य चलता रहा। पालिका की तीन टीमों ने भीषण गर्मी में 48 घंटे तक काम किया और तब देर शाम लोगों को स्वच्छ जलापूर्ति मिल सकी। हालांकि रविवार रात को ही पानी की आपूर्ति सुचारु कर दी गई थी लेकिन गंदा पानी आने की समस्या हो गई थी। टीम को चार स्थानों पर मुख्य पाइप लाइन टूटी मिली जबकि चार घरों के कनेक्शन भी टूट गए थे। इसी कारण जगह-जगह लीकेज हो गई और घरों में गंदा पानी पहुंचने लगा। पालिका ने टैंकर से जलापूर्ति देकर लोगों को राहत देने का प्रयास किया।



पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### रविवार को दिनभर हुआ मरम्मत का कार्य

■ **गुरसहायगंज।** नगर पालिका परिषद के जलकल प्रभारी जनार्दन मिश्रा ने बताया कि मुख्य पाइप लाइन चार जगह से टूट गई थी जहां नए पाइप डलवाए गए। रविवार को भी दिनभर टीम ने कार्य किया और पाइप लाइन व कनेक्शन को ठीक करा दिया गया है। गर्मी के बाद भी कर्मचारी घंटों अपने काम में लगे रहे।

### मरम्मत के कारण जीटी रोड पर लगता रहा जाम

■ **गुरसहायगंज।** शनिवार से नगर के जीटी रोड पर पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा था। खुदाई के दौरान निकली मिट्टी को सड़क पर डाल दिया गया। इसके कारण आधा रोड बंद हो गया। इस कारण कई बार जाम की स्थिति बनी जिससे वाहन लेकर आवागमन करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सार-संक्षेप

### धार्मिक पोस्ट करने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्म विशेष को लेकर आपत्तिजन पोस्ट करने का मामला प्रकाश में आया है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी पूर्व सभासद प्रतिनिधि नफीस अहमद ने रविवार को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी युग गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से 26 मई को धर्म विशेष को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट की है। इससे समुदाय विशेष के लोगों में रोष है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सौरिख।** नादेमऊ क्षेत्र के किर्तियापुर गांव निवासी पवन कश्यप (26) पुत्र रामकिशोर ने सोमवार फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पवन सूरत में नौकरी करता था। उसकी शादी 2019 में इटावा के गांव कोला में रोशनी के साथ हुई थी। दोनों ने लव मैरिज की थी। सोमवार देर शाम युवक ने किसी बात को लेकर खुदकुशी कर ली। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। पवन के दो बच्चे थे जिसमें बड़ा बेटा ऋषभ 5 वर्ष, बेटी अंशिका एक वर्ष की है। कुछ देर पहले युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर अपनी मौत की जानकारी दी थी। युवक ने वीडियो अपलोड करने के बाद घटना को अंजाम दिया। फेसबुक के माध्यम से युवक ने अपनी पत्नी और सास को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था।

### भाइयों से मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रिश्तेदारी में जा रहे भाइयों को गांव के लोगों ने रंजिश के चलते रोक लिया और गालीगलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। सदर कोतवाली के ग्राम कुसुमखोर निवासी आरिफ हुसैन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 26 मई की शाम लगभग 07 बजे ग्राम डुंडवाबुजुर्ग स्थित रिश्तेदारी में चचेरे भाई परवेज के साथ जा रहा था। बाईपास रोड गदनापुर के समीप ग्राम कुसुमखोर निवासी कैश मोहम्मद, उमर, ऐश मोहम्मद उर्फ मुन्ना, मुजीब ने रंजिश को लेकर उसे गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर उसे व चचेरे भाई को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उधर से गुजर रहे समधन निवासी अतीक ने बीच बचाव किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बकरी भगाने पर दबंगों ने की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आटा खा रही बकरी को भगाने पर पड़ोस के दबंगों ने दोमजदूर भाइयों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम परोल निवासी अंजू पुत्र सोवरन लाल अपने चचेरे भाई रमन के साथ नगर के गैस गोदाम के पास एक मकान में मजदूरी करने के लिए आया था। दोनों इसी निर्माणाधीन मकान में रहकर अपना खाना बनाते हैं। सोमवार को भी खाना बनाने के लिए आटा निकाला तो पड़ोसी की बकरी आकर आटा खाने लगी। उसे भगाया तो बकरी स्वामी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# दूसरे दिन भी पारा 45 डिग्री के रहा पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक चल रहा तापमान

**अमृत विचार।** जेठ का महीना शुरू होने के साथ ही नौ तपा का कहर बरपने लगा है। इस क्रम में लगातार दूसरे दिन भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा लेकिन लू के थपेड़े लोगों को 49 डिग्री सेल्सियस से अधिक का अहसास कराते रहे। इससे लोग गर्मी के कारण बेहाल रहे। सड़कों पर सुबह 11 बजे के बाद अधिकांश समय सन्नाटे की स्थिति नजर आई।

बताते चलें कि 25 मई से नौ तपा का प्रकोप शुरू हो चुका है जो दो जून तक जारी रहेगा। ये गर्मी के मौसम के सबसे अधिक गरम दिन माने जाते हैं। रविवार को अधिकतम तापमान में खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी और दिन भर चली गर्म हवाओं ने सामान्य जनजीवन पर असर डाला था। लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी आसमान से आग बरसती रही। ज्यादातर लोगों ने घरों में दुबके रहने में ही भलाई समझी जिस कारण सड़कों पर सुबह 11 बजे से शाम चार बजे के बीच लगभग सन्नाटे की स्थिति रही तो बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ नजर नहीं आई। जो लोग निकले भी वे शरीर को पूरी तरह से कपड़ों ढंके थे तो बाइकसवार हाथ ढंककर और सिर को अच्छी तरह से अंगौछे आदि बांधकर ही आवागमन करते रहे। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि अधिकतम तापमान 45.5 जबकि न्यूनतम 27.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। बताया कि भले ही तापमान 45 पार रहा लेकिन लोगों को यह 49.5 डिग्री का अहसास कराता रहा। इसका कारण वातावरण में भीषण उमस का भी होना है।

### पेड़ों की अंधाधुंध कटान ने बढ़ा दी गर्मी

■ **कन्नौज।** बेतहाशा गर्मी और बुंदेलखंड सरीखे तापमान का बड़ा कारण कहीं न कहीं पेड़ों की अंधाधुंध कटान है। हरे पेड़ काटे जाने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ा है जिससे मौसम पर खासा असर पड़ा है। कृषि मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि जिन स्थानों पर पेड़ों की स्थिति सघन है वहां तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट रहती है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि आम जन भी अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाएं।

## अधूरे आवासों को पूरा करने पर चर्चा

**कन्नौज।** अधूरे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास पूरे करने को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक हुई। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बीडीओ व संबंधित सचिवों से जानकारी कर कई निर्देश दिए। पीडी डीआरडीए रामऔतार ने बताया कि वर्ष 2022-23 में 24 और 2023-24 में दो अधूरे आवास हैं। इनको पूरा करने के लिए कहा गया।

**चुनावी कसरत** ईवीएम के लिए 14-14 व ईटीपीबीएस स्कैनिंग में 15 टेबिलें लगेंगी

# प्रति टेबिल एक गणना अभिकर्ता ही नियुक्त होगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती को लेकर प्रत्याशी व चुनाव एजेंट के साथ कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक की। ईवीएम व पोस्टल बैलेट के लिए उम्मीदवार प्रति टेबिल एक गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। ईटीपीबीएस स्कैनिंग के लिए पंडाल में उम्मीदवार केवल एक गणना अभिकर्ता ही नियुक्त कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि नवीन मंडी समिति कन्नौज में होने वाली मतगणना में 196- छिबरामऊ ईवीएम के लिए 21 टेबिल, 197-तिर्वा व 198 कन्नौज में ईवीएम के लिए 14-14 टेबिलें लगेंगी। पोस्टल बैलेट पेपर के लिए 12 टेबिल व ईटीपीबीएस स्कैनिंग में 15 टेबिलें लगाने पर चर्चा हुई इसमें प्रत्याशी व प्रतिनिधियों ने सहमति दे दी। दूसरी ओर 202-विधानसभा बिधूना की मतगणना नवीन मंडी स्थल औरैया और 205-विधानसभा रसूलाबाद की मतगणना अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर कानपुर देहात में होगी। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार, रामेंद्र त्रिवेदी, आलोक वर्मा, बृजेंद्र नारायन सक्सेना मौजूद रहे।

**200 मीटर में बंद रहेंगी दुकानें:** मतगणना स्थल पर टेबिलें लगने का काम जोरों से चल रहा है। लोहे की जाली भी लगा दी गईं हैं। बैरीकेडिंग भी रहेगी। बताया जा रहा है कि मंडी समिति से करीब 200 मीटर दोनों ओर दुकानें व अन्य प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। सोमवार को सीओ कमलेश कुमार ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा भी लिया।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल व अन्य लोग।

### किस पर रोक, क्या ले जा सकेंगे अभिकर्ता

उम्मीदवार एक ही नियुक्ति फार्म 18 में अपने सात गणना अभिकर्ताओं को नियुक्त कर सकते हैं। फार्म 18 पर गणना अभिकर्ता के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। अभिकर्ता के पास फोटो पहचान पत्र होना अनिवार्य है। एक बार मतगणना प्रारंभ होने के बाद नए गणना अभिकर्ता की नियुक्ति नहीं होगी। रिर्टनिंग ऑफीसर को गणना हॉल में प्रवेश से पहले किसी भी गणना अभिकर्ता की छानबीन का अधिकार है। गणना अभिकर्ता अपना पहचान पत्र टेबिल संख्या के साथ बैच अवश्य लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गणना अभिकर्ता कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, आई पॉड, ब्लुटूथ, इयर-पॉडस, स्पाई पेन, कैलकुलेटर, पेनड्राइव इत्यादि को अपने साथ नही ले जा सकते हैं। गणना अभिकर्ता केवल पेन, पेंसिल, प्लेन पेपर और प्रारूप 17 सी ही ले जा सकते हैं। मतगणना स्थल पर धूम्रपान पूर्णतया वर्जित रहेगा। स्वच्छ पेयजल, शौचालय की व्यवस्था मतगणना स्थल पर रहेगी।

### ये लोग नहीं बन सकेंगे प्रत्याशियों के एजेंट

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के लोग ही गणना अभिकर्ता बन सकेंगे। केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री/सांसद/विधानसभा सदस्य, महापौर/चेयरमैन/जिला पंचायत अध्यक्ष केंद्रीय उपक्रमों/राजकीय उपक्रमों के अध्यक्ष व सदस्य सरकार से किसी भी प्रकार का मानदेय या अनुदान प्राप्त संस्था में कार्य करने वाले व्यक्ति, शासकीय कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, उचित मूल्य दुकान डीलर्स, आंगनबाड़ी कर्मचारी कोई भी ऐसा व्यक्ति जो केंद्र व राज्य सरकारों से सुरक्षा घेरा लिए है को गणना अभिकर्ता के रूप मे नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, (उ. प्र.)– 210001
परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के नियम 8(1) के अर्न्तगत
कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को नीचे दी गई तिथि को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक), शाखा महोबा, जिला महोबा के प्रभार के अधीन होगा।
साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | शाखा: महोबा, जिला महोबा, मो. नं. 7007274658 | | |
| 1. | **ऋणी एवं बधंककर्ता:** श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी रवीन्द्र कुमार शर्मा, **निवासी:** क्षीर सागर, गली नंबर 1, एस्सार पेट्रोल पंप के पीछे की ओर, चरखारी बाईपास रोड, महोबा **ऋणी एवं जमानतकर्ता:** श्री रोहित शर्मा पुत्र रवींद्र कुमार शर्मा, **निवासी:** क्षीर सागर, गली नंबर 1, एस्सार पेट्रोल पंप के पीछे की ओर, चरखारी बाईपास रोड, महोबा **जमानतकर्ता:** श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री बालकृष्ण शर्मा, **निवासी:** क्षीर सागर, गली नंबर 1, एस्सार पेट्रोल पंप के पीछे की ओर, चरखारी बाईपास रोड, महोबा | संपत्ति जो गाटा संख्या 1688, वार्ड संख्या 15, गांधी नगर, महोबा में स्थित है। क्षेत्रफल 1315.13 वर्ग फीट है। सरोज शर्मा पत्नी रवीन्द्र शर्मा के नाम पर है। वाइड डीड संख्या 1845, बही नं.–1, जिल्द नं.–1777, पेज संख्या 313–340, दिनांक 16.06.2012 पर पंजीकृत है। चौहद्दी: पूर्व: मनोज साहू का मकान, पश्चिम: रास्ता, उत्तर: खेत हामिद रैन का खेत, दक्षिण: फाउंडेशन जीतेंद्र यादव, | 23.12.2022 रू. 3,95,823.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 22.05.2024 रू. 3,95,823.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |
| 2. | **ऋणी:** शिवा शर्मा पुत्र सुनील कुमार शर्मा, **निवासी:** मकान संख्या 1003, हमीरपुर चुंगी के पास, बजरंग वार्ड, महोबा, उ.प्र.–210427 **जमानतकर्ता एवं बधंककर्ता:** सुनील कुमार शर्मा पुत्र रामसरन शर्मा, **निवासी:** मकान संख्या 1003, हमीरपुर चुंगी के पास, बजरंग वार्ड, महोबा, उ.प्र.–210427 | आवासीय मकान, जो गाटा संख्या 1256 मकान संख्या–1003, नया वार्ड संख्या 06 एवं पुराना वार्ड संख्या 11, मोहल्ला–बजरंग नगर, महोबा, जिला–महोबा पर स्थित है। और जो सुनील कुमार शर्मा पुत्र रामसरन शर्मा के नाम पर है। । क्षेत्रफल 113.85 वर्ग. मीटर चौहद्दी: पूर्व: क्रिकेट मैदान, पश्चिम: कृष्णकांत चौबे का मकान, उत्तर: सुमन शर्मा का मकान, दक्षिण: 20 फीट चौड़ा रास्ता, बंधक संपत्ति: प्लांट व मशीनरी एवं स्टॉक का बंधक जो शिवा शर्मा पुत्र सुनील कुमार शर्मा के नाम पर है। | 21.11.2023 रू. 18,71,411.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 22.05.2024 रू. 18,71,411.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |
| 3. | **ऋणी:** नफीस पुत्र नत्थू, **निवासी:** मुहल्ला डिगरराय, वार्ड नं. 9, खरेला, महोबा –210425 **जमानतकर्ता:** कुरेशा बाई पत्नी नफीस, **निवासी:** मुहल्ला डिगरराय, वार्ड नं. 9, खरेला, महोबा –210425 | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन जो निर्मित है–गाटा संख्या 811 पर, मौजा भाटीपुरा, वार्ड संख्या 7, महोबा, बस स्टैंड के पास जिसका क्षेत्रफल 92.94 वर्ग मीटर है। संपति नफीस पुत्र नत्थू के नाम पर है। चौहद्दी: पूर्व: विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम: अब्दुल मजीद का प्लॉट, उत्तर: अब्दुल मजीद का प्लॉट, दक्षिण: 18 चौड़ी सड़क, | 28.02.2024 रू. 12,58,892.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 22.05.2024 रू. 12,58,892.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 28.05.2024 स्थान: महोबा प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# दावा 50 किलोग्राम का, तौलने पर राशन साढ़े 48 किलो ही निकला

## घटतौली : बोरियों में 500 ग्राम से डेढ़ किलोग्राम तक कम निकल रहा राशन

पड़ताल

अजय मिश्र, कन्नौज

- जिले के 652 उचित दर विक्रेताओं के यहां तौल में पूरा नहीं होता खाद्यान्न
- जून में राशनकार्ड धारकों को नहीं बांटा जाएगा बाजरा, गेहूं व चावल ही मिलेगा

**अमृत विचार।** उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के यहां हर महीने दावे के मुताबिक राशन नहीं पहुंचता है। खाद्य एवं रसद विभाग लिखी सरकारी बोरी पर दावा तो 50 किलोग्राम राशन भरा होने का है लेकिन हकीकत में प्रति बोरी 500 ग्राम से डेढ़ किलोग्राम तक कम निकलता है।

जिलेभर में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कुल 652 उचित दर विक्रेता हैं। इनसे जुड़े हुए 3.20 लाख कार्डधारक और 12.66 लाख यूनिट हैं। हर महीने कोटेदारों के यहां उतरने वाला राशन पूरा नहीं होता है। एक कोटेदार ने बताया कि कभी-कभी तो एक-एक बोरी में दो-दो किलोग्राम तक गेहूं, चावल व बाजरा आदि कम निकलता है। साथ ही कई बार गेहूं व चावल साफ नहीं आता, इस वजह से कार्डधारकों से नोकझोक भी होती है। मई में कार्डधारकों को गेहूं, चावल व बाजरा वितरित किया गया, जून में बाजरा नहीं दिया जाएगा। अगले महीने वितरण के लिए राशन से भरी बोरियां अभी से ही कोटेदारों के यहां से पहुंचने लगी हैं। कुछ कोटेदारों ने जब ट्रक में ही बोरियों का वजन कराया तो हैरान रह गए। उनका कहना है कि कम राशन देकर कोटेदारों को चोर बनाया जा रहा है। जब कोटेदार कार्डधारकों को राशन कम देते हैं तो उन पर ही उलटी कार्रवाई की जाती है।



50 की बजाय 48.6 किलो निकला वजन।



बोरी पर लिखा 50 किलो वजन।

> एफसीआई से राशन भरकर ट्रक सीधे उचित दर विक्रेताओं के यहां पहुंचता है। पूरे ट्रक का वजन होता है। बोरियों में वजन अलग-अलग होता है, लेकिन वह औसत रहता है। खाद्यान्न से भरी बोरियों में कुछ का वजन कर औसत रास्ता निकाल लिया जाता है।
>
> –राजीव मिश्र, डीएसओ

### बोरियों में पानी डालकर भेजा जाता है राशन

एक कोटेदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गेहूं से भरी जो बोरियां आतीं हैं उन पर पानी छिड़क दिया जाता है। इससे वजन बढ़ जाता है। जब तक वाहन दूसरे जिले और वहां से उचित दर विक्रेताओं के यहां पहुंचता है तो पानी सूख जाता है। इससे बोरी 50 किलोग्राम की नहीं रहती है। दावा यह भी है कि राशन की बोरियों पर पानी डालते हुए व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडियो पर प्रसारित हो रहा है। यह इटावा का बताया जा रहा है। इसकी अधिकारियों से शिकायतें भी की गईं हैं, लेकिन सुनवाई नहीं की गई।

## ससुरालियों पर बहन को जहर खिलाने का आरोप

**तिर्वा।** विवाहिता को लेने आए भाई के साथ मारपीट की गई। साथ ही महिला को जहर देकर मारने का प्रयास किया गया। युवक ने बहन के ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। औरैया जनपद के सल्हापुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामनरेश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने बहन संगीता की शादी 2021 में इंदरगढ़ थाना के सरगौली गांव निवासी संजीव कुमार के साथ की थी। शादी के बाद ससुराली जन बहन का उत्पीड़न करने लगे। 22 मई को वह बहन को लिवाने आया तो उसके पति संजीव कुमार, ससुर बलराम, सास कैशवती, देवर शिवम ने मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसकी बहन को जहर देकर मारने का प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रेलवे ट्रैक पर मिले दो भाइयों के शव

संवाददाता, जसोदा, कन्नौज

- ट्रेन की चपेट में आने से जताई जा रही मौत की आशंका
- 15 साल पहले लिया था संन्यास आंख-कान से थे दिव्यांग

**अमृत विचार।** रेलवे ट्रैक पर सगे भाइयों के शव मिलने से मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ग्राम जसोदा स्थित भट्टा गांव के सामने सोमवार सुबह लगभग छह बजे लोगों ने रेलवे ट्रैक पर दो शव पड़े देखे। सूचना पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार चौधरी व मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने उनके पास से मिले आधार कार्ड से मृतकों की पहचान तालग्राम के मोहल्ला गढ़ी गोखर निवासी सियाराम वाल्मीकि (75) व श्रीकृष्णा वाल्मीकि (70) के रूप में की। ये सगे भाई थे।

लोगों का मानना है कि सुबह किसी समय ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई।



मौके पर मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

### अविवाहित थे दोनों भाई, छोड़ दिया था घर

**जसोदा।** मृतकों की भतीजी के पुत्र वीरू ने बताया कि सियाराम को कान से सुनाई नहीं देता था जबकि श्रीकृष्णा वाल्मीकि अंधे थे। इस कारण दोनों ने विवाह नहीं किया और साथ ही रहते थे। 15 वर्ष पूर्व दोनों ने घर छोड़कर भगवा धारण कर लिया था। दोनों के पास कोई चल अचल संपत्ति भी नहीं है। भिक्षा मांग कर जीवनयापन करते थे। लोगों ने बताया कि दोनों को शनिवार को ही जसोदा में घूमते देखा गया था। दोनों साथ में भोजन, पैसा मांग कर जीवन यापन कर रहे थे।

## अरुण चक्रवर्ती को 'उत्तर प्रदेश पारस रत्न' सम्मान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के युवा कवि अरुण चक्रवर्ती ब्रजकिशोर को बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न से सम्मानित किया गया। पारस एजुकेशनल सोसाइटी उत्तर प्रदेश की ओर से बरेली में शनिवार को उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 का आयोजन किया गया था। इसमें 111 साहित्यकारों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर), महापौर उमेश गौतम ने नगर निवासी युवा कवि अरुण चक्रवर्ती को उत्तर प्रदेश पारस रत्न का मोमेंटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



कवि अरुण चक्रवर्ती को सम्मानित करते आयोजक।

# छेड़छाड़ का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन दिन से पुलिस हिरासत में बैठा छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट का आरोपी रविवार देर रात सफरार हो गया। घटना की जानकारी पर महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से खोजकर उसे सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी ने इस तरह की घटना से इनकार किया है।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र निवासी किशोरी मां के साथ शुक्रवार की शाम घास काटने खेत गई थी। उसी दौरान मौका पाकर विक्रम उर्फ छोटू पुत्र जोगिंदर ने उसे दबोच कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। मां बचाने दौड़ी तो आरोपी गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गया। किशोरी की शिकायत पुलिस ने छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को शुक्रवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। तीन दिन से पुलिस हिरासत में बैठा आरोपी रविवार/सोमवार की रात करीब तीन बजे शौच के बहाने फरार हो गया। पुलिस ने कई टीमें गठित कर सोमवार दोपहर बाद आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द का कहना है कि इस तरह की घटना नहीं हुई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

**भाई के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट:** गुरसहायगंज। ग्राम मिरगावां निवासी ऋषि कपूर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 मई को उसके भाई रवि जोशी ने उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### दरवाजे का ताला तोड़कर 25 बकरियां चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम ऊंचा निवासी प्रहलाद पाल ने बताया कि उसके मकान में 25 बकरियां थी। रविवार की रात चोरों ने लगभग एक बजे दरवाजे का ताला तोड़ दिया और बकरियां कार में लाद ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। सोमवार को मौके पर पहुंचे इंदिरा नगर चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज देखे।

### युवक ने पत्नी व सालों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिर्वा,कन्नौज।** घर में घुसकर मारपीट करने में युवक ने उसकी पत्नी व सालों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली क्षेत्र के धर्मेंद्र सिंह वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 18 मई को पत्नी रोशनी अपने भाई दौलतपुर ठठिया निवासी शिवम अपने दो अन्य साथियों साथ घर में घुस आई और गालीगलौज करते हुए पुत्री के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जान बचाने को चलती बस से कूद गया मजदूर, मौत

संवाददाता, सौरिख

- प. बंगाल से हरियाणा जाते समय एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते पश्चिम बंगाल से हरियाणा जाते समय बस खराब हो गई। जब जोरदार आवाज हुई तो मजदूर ने चलती डबल डेकर बस से छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। शव को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रखा गया है।

नेपाल के थाना नगर पालिका रायपुर के उदयपुर गांव निवासी मोनिस राय (36) पुत्र दामवर बहादुर मजदूरी करने अपनी पत्नी कविता राय के साथ स्लीपर बस से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते हरियाणा के पानीपत जा रहा था। जैसे ही बस सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर 156 बहादुरपुर गांव के पास पहुंची तो उसका एक्सल टूट गया जिससे जोरदार आवाज हुई। मजदूर ने दुर्घटना की आशंका से चलती बस का शीशा तोड़कर छलांग लगा दी और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं यूपीडा अधिकारियों ने उसे मेडिकल कॉलेज तिर्वा पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई है।




हाईवे पर खड़ी खराब हुई बस।

# पुष्पों से अगरबत्ती बनाकर महिलाएं बनें आत्मनिर्भर : श्रुति शांडिल्य

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सीमैप व फिक्की की तरफ से अगरबत्ती निर्माण के साथ उसकी बिक्री को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को घर बैठे रोजगार प्राप्त कराने के लिए तिर्वा राजा दिग्विजय सिंह की पुत्रवधू छोटी रानी श्रुति शांडिल्य ने केंद्र की फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) व केंद्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्था (सीमैप) लखनऊ की ओर से संयुक्त प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को एक गेस्ट हाउस में कराया। इसमें अगरबत्ती बनाने तथा बिक्री को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। श्रुति शांडिल्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिये एक तरह की रोजगार योजना है। फिक्की व सीमैप महिलाओं को मंदिरों में अर्पित किये गए उन फूलों से अगरबत्ती बनाने की ट्रेनिंग दे रही हैं जिन्हें भगवान पर चढ़ाने के बाद फेंक दिया जाता है। फिक्की की अधिकारी ने बताया कि अगली ट्रेनिंग में इन महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराने में भी मदद करेंगे। इस मौके पर क्षेत्र की तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।



महिलाओं को प्रशिक्षण देते सीमैप व फिक्की के अधिकारी। अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज में बायो मेडिकल रिसर्च विंग शुरू

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी की अनुमानित मांग पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज में बायोमेडिकल रिसर्च एंड एजुकेशन विंग का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने किया। इससे पहले सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में प्राचार्य एवं मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. विपुल सिंह ने छात्र- छात्राओं को रिसर्च के बारे में अवगत कराया। विंग की मुख्य सलाहकार डॉ. अनीता ओमहरे ने बताया कि यह विंग एमबीबीएस छात्र - छात्राओं को विभिन्न लाभ प्रदान करेगा जैसे कि सक्रिय भागीदारी, शैक्षणिक प्रदर्शन में बढ़ावा, तार्किक सोच विकसित करना एवं बेहतर संचार की कला आदि। आने वाले समय में यहां रिसर्च, क्विज़, पैनल डिस्कशन, सेमिनार एवं पेयर डिस्कशन जैसे गतिविधियों का भी संचालन होगा।

इस मौके पर डॉ. संदीप कौशिक, डॉ. अम्बरीश समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।



डॉ. अनीता ओमहरे को पौधा भेंट करता छात्र। अमृत विचार

# डीबीटी का झंझट नहीं, धान के बीजों पर 50 फीसदी अनुदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले की आठों कृषि बीज गोदामों पर पॉश मशीन से मिलेगा लाभ
- किसानों को बीज खरीदने के दौरान आधा भुगतान ही करना होगा

**अमृत विचार।** जिले में धान बीज आ गया है। सरकारी कृषि गोदामों से बीज खरीदने पर किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) की बजाय तत्काल अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। 50 फीसदी रेट कम करके ही बीज मिल रहा है। पॉश मशीन में अंगूठा लगाने के बाद किसान बीज ले सकते हैं। कुल 332.75 क्विंटल धान बीज उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि किसानों को 50 फीसदी अनुदान कम करके ही बीज का भुगतान करना है। इस बार डीबीटी नहीं दी जाएगी। पहले किसानों से पूरा रुपये लिया जाता था उसके बाद छूट का लाभ डीबीटी से दिया जाता रहा। उन्होंने बताया कि पूसा बासमती धान 1692 आधारीय बीज 82.80 क्विंटल आया है। पूसा बासमती 1718 आधारीय बीज 17.88 क्विंटल, पंत धान 24 आधारीय 167.25 क्विंटल, पंत धान प्रमाणित 9.90 क्विंटल, एनटीयू 7029 आधारीय 15 क्विंटल व क्रांति आधारीय बीज 39.40 क्विंटल बीज गोदामों पर उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि आधारीय बीजों में मोटा धान का रेट 4330 रुपये प्रति क्विंटल, पतला धान 4360 रुपये और बासमती का रेट 6780 रुपये प्रति क्विंटल है। इसके अलावा प्रमाणित बीज 4193 रुपये प्रति क्विंटल उपलब्ध है। निर्धारित रेट का आधा मूल्य ही किसान भुगतान करेंगे।

### जिप्सम चार ब्लॉकों में उपलब्ध

जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि ब्लॉक सदर कन्नौज, जलालाबाद, तालग्राम व उमर्दा में जिप्सम भी पहुंच गई है। चार अन्य ब्लॉक क्षेत्रों में भी जल्द जिप्सम मुहैया करा दी जाएगी। इसका रेट 207 रुपये प्रति बोरी निर्धारित किया गया है। इस पर भी 75 फीसदी अनुदान मौके पर ही मिलेगा। इसमें भी डीबीटी नहीं है।

## हादसों में महिला सहित तीन लोग हुए घायल

**छिबरामऊ।** अकबरपुर के पास बाइक फिसलने से दंपति तथा दो टेंपो की भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल हो गया। सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां से तीनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम महोई निवासी रामलखन पुत्र श्रीकृष्णा अपनी पत्नी सुनीता को बाइक से लेकर छिबरामऊ आ रहे थे। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम अकबरपुर के पास संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसल गई, जिससे दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दूसरी घटना में सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम अड़नापुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र बाबूराम टेंपो पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। जीटी रोड स्थित संत गेस्ट हाउस के पास सामने से आ रहे दूसरे टेंपो से भिड़ंत हो गई, जिसमें वह घायल हो गए।

# एक लाख रुपये आमदनी वाले भी शादी अनुदान के लिए पात्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा का 15 मार्च को जारी पत्र अब हो रहा वायरल
- पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से बेटियों की शादी को मिलता 20-20 हजार रुपये

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से बेटियों की शादी के लिए 20-20 हजार रुपये अनुदान मिलता है। पहले गरीबी रेखा की आय को आधार माना गया था लेकिन अब शहरी व ग्रामीण दोनों ही इलाकों में रहने वाले आवेदकों की सालाना आमदनी एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा की ओर से निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग समेत कई अधिकारियों को भेजी गयी 15 मार्च का पत्र अब वायरल हो रहा है। इसमें कहा गया है कि गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाते हैं।

पहले शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की वर्ष में आमदनी 56,040 रुपये और ग्रामीण इलाकों के लिए 46,080 रुपये वाले ही लोग आवेदन के लिए पात्र होते थे। अब नगर निकाय और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वह लोग भी पात्र माने जाएंगे जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है। देरी से जारी हुए पत्र के बारे में तर्क दिया जा रहा है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता को लेकर आदेश बनाकर रख लिया गया होगा।

दिक्कत | कुंवरपुर लोधपुर की पंचायत सहायक के भाई ने की शिकायत

# छह हजार रुपये पगार, वो भी 12 माह से मिली नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीड़िता का भाई बोला, लोकसभा चुनाव में ड्यूटी भी कराई गई

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति हुई है। गांव के ही सचिवालय में यह छह हजार रुपये मासिक पगार पर काम करते हैं। ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र के कुंवरपुर लोधपुर की पंचायत सहायक को करीब 12 महीने से मानदेय नहीं मिला है जबकि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में पीड़िता ने ड्यूटी भी की।


कुंवरपुर लोधपुर क्षेत्र के निवासी हिमांशु राजपूत ने बताया कि पंचायत सहायक के रूप में काम करने वाली बहन रुचि का 12 महीने से मानदेय बकाया है। लिखित में देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। दो-तीन महीने से ऑनलाइन हाजिरी भरने में दिक्कत आ रही है, इससे लिखित में उपस्थिति दर्ज की जा रही है। अब कोई सुनवाई नहीं करने वाला है। काम के समय सभी लोग याद करते हैं। बताया कि 20 अप्रैल को द्वारिकापुर में सड़क हादसे में बहन घायल हो गई थी। उसके बाद चुनाव ड्यूटी आई। कन्नौज क्षेत्र में रुचि ने ड्यूटी भी की। मानदेय देने में बहाने बनाए जा रहे हैं।

### क्या बोले वीडीओ

ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) योगेंद्र यादव का कहना है कि पंचायत सहायक काम नहीं कर रहीं हैं। बिना काम के मानदेय कैसे दे दिया जाए। ऑनलाइन उपस्थिति अगर भेजी जाएगी तो मानदेय मिलेगा।

### कुछ अनसुलझे सवाल

- पंचायत सहायक अगर काम नहीं कर रही तो उसे हटाया क्यों नहीं गया।
- अगर पंचायत सहायक काम नहीं कर रही तो चुनाव में ड्यूटी कैसे लग गई।
- आखिर 12 महीने का मानदेय कैसे बकाया हो गया।




छिबरामऊ के पंचायत सहायक व्हाट्सएप ग्रुप में डाला गया मैसेज।

# गैरहाजिर मिले तो कटा वेतन-मानदेय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलेभर में 26 अप्रैल से 18 मई तक अधिकारियों ने किए निरीक्षण
- बीएसए ने साक्ष्यों समेत मांगे स्पष्टीकरण, नहीं तो होगी विभागीय कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिलेभर में 26 अप्रैल से 18 मई तक कई अधिकारियों व जिला समन्वयकों ने परिषदीय स्कूलों के निरीक्षण किए थे। इसमें 15 शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र व कर्मचारी गैरहाजिर मिले। इन सभी का वेतन-मानदेय काटा गया है। साथ ही साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण मांगा गया है। न देने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि प्रेरणा एप के जरिए प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों के निरीक्षण होते हैं। अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने कार्रवाई के लिए कहा है। निरीक्षण में डीडीओ, बीएसए, बीडीओ, बीईओ, एडीओ पंचायत, डीसी को शिक्षक आदि गैरहाजिर मिले थे। बताया गया है कि जलालाबाद के जसोदा में प्रधानाध्यापक प्रवीन चंद्र, तालग्राम में डम्मरपुर्वा में सहायक अध्यापक रूपेश कुमार, गुगरापुर में बरकागांव के प्रधानाध्यापक राजेश पाल, उमर्दा में यूपीएस तिर्वागंज के अनुदेशक सुमित वर्मा, सौरिख के अलूपुर के शिक्षामित्र धर्मप्रताप, तालग्राम के नेपालपुर के शिक्षामित्र जीत सिंह, कन्नौज नगर में कन्या यूपीएस की चतुर्थ श्रेणी कर्मी घानिया फातमा रिजवी, हसेरन के पूराराय में अनुदेशक नाजिम अली, कन्नौज के वाहिदपुर की सहायक शिक्षक श्वेता पोरवाल, तालग्राम के फिरोजपुर के सहायक अध्यापक वीरेंद्र सिंह, गुगरापुर के मल्लहपुर्वा के प्रधानाध्यापक अकरम अली, शिक्षामित्र श्रष्टी यादव व रजनी सिंह, उमर्दा के कन्या पीएस सिरसा की शिक्षामित्र शशि किरन, हमीरपुर की सहायक अध्यापक नीलिषा गौतम गैरहाजिर मिलने पर कार्रवाई हुई है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश

## जिला अस्पताल में बच्ची की मौत, आरोप

**कन्नौज।** कुछ दिन पहले हरदोई के राघवपुर मल्लावां निवासी विनोद कुमार की आठ वर्षीय पुत्री रुचि का पैर टूट गया था। उसने पुत्री के पैर पर प्लास्टर करा दिया। इस बीच इंफेक्शन हो गया। रविवार को पिता व माता ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

इमरजेंसी में उपचार के बाद हालत में सुधार आया। उसे वार्ड में यह कह कर भर्ती कर लिया गया कि सोमवार को हड्डी रोग से संबंधित डॉक्टर के आने पर उपचार दिया जायेगा। पिता विनोद का आरोप है कि सोमवार की सुबह चार बजे पुत्री के पैर में तेज दर्द होने पर कई बार वह डॉक्टर को खोजने गये पर कोई नहीं मिला। इसी बीच उसकी पुत्री ने दम तोड़ दिया।

# तार टूटने से 10 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

## रात और दिन में दो बार टूटी, उपकेंद्र से जुड़े 7 फीडर बंद रहे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद




**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र में 33 हजार केवीए की लाइन टूट जाने से 10 घंटे विद्युत उपकेंद्र ठप रहा। उपकेंद्र से जुड़े 7 फीडर बंद रहे। भीषण गर्मी में बिजली संकट से लोग तिलमिला उठे। रात में पावर हाउस में 33 हजार केवीए लाइन टूटी। कर्मचारियों ने मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की तो चार घंटे बाद एक गांव में लाइन टूट जाने से उपकेंद्र फिर ठप हो गया। ऐसे में लोग घरों से बाहर निकल कर बिजली आने का इंतजार करते दिखाई दिए। लोग व्हाट्सएप ग्रुप में बिजली की जानकारी लेते रहे।

मौसम की मार के बीच उमस भरी गर्मी सितम ढा रही है। लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। यह तकलीफ उस समय और बढ़ जाती है जब बिजली बार- बार कटती रहती है। गर्मी की वजह से विद्युत तार टूटने के मामले अधिक आ रहे हैं। रविवार रात करीब 8.10 बजे कोऑपरेटिव बैंक के निकट स्थित पोल पर बंच केबल में आग लग गई। इसकी सूचना कर्मचारियों को मिली तो उन्होंने आपूर्ति बंद कराकर ठीक करने का काम शुरू कर दिया। डेढ़ घंटे बाद करीब 9.40 बजे आपूर्ति बहाल हुई। इसके बाद करीब 10.30 बजे विद्युत उपकेंद्र में केबल बक्सा के पास 33 हजार केवीए की की लाइन के तार अचानक टूट गए। तार टूटने से विद्युत उपकेंद्र ठप हो गया। इससे कस्बा सहित सात फीडर बंद हो गए। लाइन टूटने की जानकारी होते ही अवर अभियंता मासूम अली ने लाइनमेन से मरम्मत कार्य शुरू कराया। रात में बिजली चली जाने नगरवासियों के अलावा ग्रामीण भी बेहाल हो गए। लोग घरों के बाहर व छतों पर टहलते रहे। व्हाट्सएप ग्रुप पर बिजली के बारे में जानकारी लेते रहे। करीब ढाई घंटे कार्य के बाद 1 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार भोर करीब चार बजे कस्बा के निकटवर्ती गांव महरुपुर रावी में विनोद गिहार के घर के निकट लगे पोल से गुजरी 33 हजार केवीए की लाइन का एक तार टूट गया। लोगों ने तार टूट जाने की सूचना पर कर्मचारी ने आपूर्ति बंद कर दी। इससे एक बार फिर उपकेंद्र ठप हो गया। एक घंटे बाद लाइनमैन असलम, अतुल, बब्लू, श्रीकृष्ण, सुभाष आदि ने मौके पर पहुंचकर तार जोड़ने का कार्य शुरू किया। छह घंटे मरम्मत कार्य करने के बाद करीब 10 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल की गई। इसके बाद भी ट्रिपिंग की समस्या आती रही।

## चार दिन से फुंका है ट्रांसफार्मर

**कमालगंज।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से नगर के साथ गांव के लोग भी बेहाल हैं। दिन में कई बार बिजली चली जाने से समस्या आ रही है। करीब नौ घंटे तक दो मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति बंच केबल बदलने के कारण गायब रही। वहीं, गांव में ट्रांसफार्मर फुंक जाने से चार दिनों से करीब 180 घरों में अंधेरा छाया है। इन दिनों गर्मी के प्रकोप से लोग बेहाल हैं। सोमवार को 43 डिग्री तापमान से बाजार में सन्नाटा छाया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग की ओर से की जा रही कटौती से समस्या उत्पन्न हो रही।

बिजली बिल संग्रह केंद्र के पास बंच केबल को बदलने का काम सुबह 8 बजे शुरू हुआ। ट्रांसफार्मर से लाइन बंद कर दी गई। इससे मोहल्ला जवाहर नगर व किदवई नगर की आपूर्ति बाधित हो जाने से नगरवासी परेशान रहे। इसके अलावा हर आधा घंटे में बिजली कटौती होती रही। वहीं, क्षेत्र के गांव अखमेलपुर में संदीप चौरसिया के घर के निकट 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। इस ट्रांसफार्मर से गांव के करीब 180 से अधिक घरों में बिजली जाती है। गुरुवार को ट्रांसफार्मर किसी कारण फुंक गया था। इससे आधे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

ग्रामीणों ने कई बार विभागीय कर्मचारियों को फोन कर ट्रांसफार्मर बदलने की शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग की। गांव के आलोक सिंह ने बताया कि चार दिन से बिजली न आने से लोग परेशान हैं। गर्मी में उसने बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। अवर अभियंता मासूम अली ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंके होने की जानकारी मिली है। सोमवार को नया ट्रांसफार्मर रखवाया जाएगा।

# ट्रांसफार्मर की खराबी से तीन मोहल्लों की बिजली गुल

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला पलरिया में रविवार दोपहर पूर्व विधायक के घर के पास रखे 100 केवीए ट्रांसफार्मर में फाल्ट आ गया। इसके चलते तीन मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। समाचार लिखे जाने तक ट्रांसफार्मर को ठीक किया जा रहा था। जसमई उपकेंद्र से जुड़े मोहल्ला पलरिया में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के घर के पास रखे 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे अचानक खराबी आ गई। सूचना मिलने पर जेई अब्दुल मजीद ने बिजली कर्मचारियों को मौके पर भेजा। शाम पांच बजे तक ट्रांसफार्मर को ठीक किया जा रहा था। ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते पलरिया, पल्ला तालाब व भाऊटोला मोहल्ले की आपूर्ति गुल हो गई। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी जेई को दी गई। जेई ने लाइनमैनों को मौके पर भेजकर ट्रांसफार्मर के फाल्ट को दूर करना शुरू कराया। भीषण गर्मी में तेल काफी गर्म होने के चलते ट्रांसफार्मर को ठीक करने में लाइनमैनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जेई अब्दुल मजीद ने बताया कि ट्रांसफार्मर के एलटी साइड का न्यूटल अंदर से कट गया है। तेल काफी गर्म होने के चलते न्यूटल ठीक करने में दिक्कत आ रही है। साढ़े पांच बजे तक ट्रांसफार्मर ठीक कर आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

### विद्युत तार गिरने से टेंपो में लगी आग

फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र के महरुपुर रावी गांव में सोमवार सुबह करीब 4 बजे विनोद गिहार के घर के निकट स्थित पोल से 33 हजार केवीए की लाइन टूट गई और पास में खाली पड़े प्लाट में खड़े टेंपो के पहिए पर जा गिरी। अचानक पहिए में आग लग गई। शोरगुल सुनकर पहुंचे टेंपो मालिक राजकुमार ने पड़ोसियों की मदद से बिजली घर सूचना पहुंचाई। आपूर्ति बंद होने के बाद टेंपो को हटाकर पानी डालकर आग बुझाई।

## एक नजर

### पत्रकार को मातृ शोक

**फर्रुखाबाद।** पत्रकार डॉ. पीडी शुक्ला की मां मुन्नी देवी (80) पत्नी सतीश चंद्र शुक्ला का सोमवार को उनके पैतृक निवास बली पट्टी रानी गांव में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि अंतिम संस्कार मंगलवार यानि कि आज बली पट्टी घाट पर किया जाएगा। पत्रकार की माता के निधन पर चन्द्रपाल सिंह सेंगर, चंद्रशेखर कटियार, अंशुल चौहान, सुंदरम सिंह, अभय प्रताप सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है।


मुन्नी देवी

### शोहदों ने युवतियों से की छेड़छाड़, पिता ने दी तहरीर

**फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र में शोहदों ने युवतियों के साथ छेड़छाड़ की। पिता ने शोहदों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। हालांकि अभी रिपोर्ट दर्ज नही की गई है। कसबा के एक मोहल्ला निवासी ग्रामीण ने थाने में दी तहरीर में कहा कि उनके दो पुत्रियां हैं। सोमवार सुबह वह मंदिर से घर वापस लौट रही थीं। रास्ते में मोहल्ले के ही तीन युवकों ने उनकी पुत्रियों को रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर युवकों ने पुत्रियों के साथ गालीगलौज किया। जब वह उलाहना देने गए तो युवकों ने उनके घर आकर पत्थर फेंके। थाना पुलिस ने पिता से तहरीर लेकर कार्रवाई की बात कहकर चलता कर दिया।

### आसमान से बरस रही 'आग', पारा 44 पार

**फर्रुखाबाद।** नौतपा के तीसरे दिन चिलचिलाती धूप, चुभने वाली सूरज की किरणें और गर्म हवाएं ने आम जनमानस को बुरी तरह प्रभावित कर रखा है। 10 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। आम जनमानस के साथ भीषण गर्मी में जानवर भी बेहाल हैं। प्यास बुझाने को वह भटकते रहते हैं। लोग पूरे शरीर को कपड़ों से ढककर घरों से निकलने को मजबूर हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही दिन के समय शहर व गांवों की सड़क व गलियां सुनसान हो जाती हैं। गलियों में इक्का-दुक्का लोग ही नजर आते हैं। लोग घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। दिन के समय मार्केट में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करने को मजबूर हैं। नौतपा के तीसरे दिन हर किसी कि जुबा पर एक ही नाम है हाय गर्मी हैं। पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज पारा अधिकतम 44 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले तीन दिन से पारा 44 डिग्री से नीचे नही उतर रहा है। जिस बजह जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

### अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर खड़ी बाइक हटाई गईं

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर खड़े होने वाहनों को हटाया गया। सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी के आदेश पर बाइक हटाओ अभियान के तहत अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात निजी गार्डों ने आधा दर्जन बाइकों को गेट से हटाकर पार्किंग में खड़ा कराया। वाहन मालिकों को चेतावनी दी गई की पुन: गेट के पास बाइक खड़ी मिली तो चालान की कार्यवाही कराई जाएगी। लोहिया अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों के लिए पार्किंग अलग बनी हुई है। वही स्टाफ के लिए अलग गेट बंद पार्किंग बनी है। फिर भी बड़ी संख्या में तीमारदार इमरजेंसी गेट पर बाइक खड़ी करते है। वहीं स्टाफ के लोग हॉस्पिटल के अंदर बाइक, स्कूटी खड़ी करते है।

# डंपर से कुचलकर मिष्ठान विक्रेता की मौत, हंगामा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बाइक से टक्कर के बाद मोटर साइकिल सवार मिष्ठान विक्रेता की डंपर से कुचलकर मौत हो गयी। मौके पर पंहुचे परिजनों नें कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया। तब परिजन शव उठाने को राजी हुए।


सोफियान।

थाना मऊदरवाजा के गांव तुर्कीपुर निवासी 20 वर्षीय शोफियान पुत्र शमशाद गांव में ही मिठाई की दुकान चलाता था। शनिवार को वह छिबरामऊ के गांव विरतिया अपनी ननिहाल में एक विवाह समारोह में शामिल होनें गया था। वहां से सोमवार को शोफियान बाइक से लौट रहा था। थाना मऊदरवाजा के गांव गढिया ढिलाबल रेलवे अंडर पास के निकट सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गयी। तभी पास से निकल रहे डंपर से कुचल गया गया। बाइक सवार मौके पर बाइक छोड़कर भाग गया। सूचना पर मृतक के परिजनों ने मौके पर आकर हंगामा कर जाम लगानें का प्रयास किया।

मौके पर पंहुचे थानाध्यक्ष अमित गंगवार, बघार चौकी प्रभारी मोहित कुमार को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने परिजनों को समझानें का प्रयास किया । उन्होंने कार्यवाही का भरोसा दिया जिसके बाद परिजन सड़क से शव उठानें को राजी हुए । मृतक तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। मृतक की मां साधना बेगम की मौत पूर्व में हो चुकी है।

# जिला अस्पताल से दलालों को दौड़ाया गया

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मुख्य चिकित्साधीक्षक ने दिखाए तेवर
- अस्पताल से मरीजों को नर्सिंग होम ले जाते दलाल

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में बाहर मरीजो को निजी अस्पताल के लिए लेने आये दलालों को सीएमएस ने दौड़ा दिया। उन्होंने युवकों को मुकदमा लिखवाने की धमकी दी। कहा कि अब निजी अस्पतालों में मरीजों को भिजवाने का खेल नहीं चलेगा। देर रात्रि में बाहरी युवक नहीं दिखाई देने चाहिए।

लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दुर्घटना अथवा अन्य किसी बीमारी के मरीजों के पहुंचते ही कुछ बिना ड्यूटी काम करने वाले युवक मरीजों को देखने की बजाय सबसे पहले अपनों को फोन करते हैं। कुछ ही देर में निजी अस्पतालों के कई दलाल इमरजेंसी में पहुंचकर मरीज के तीमारदारों से हालत गंभीर होने की बात करने लगते। तीमारदार अच्छा अस्पताल पूछते, तो वही कर्मचारी और दलाल उन्हें एंबुलेंस बुलवाकर ले जाने का खेल कर रहे हैं। इसकी भनक सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी को लगी। रविवार रात करीब 11 बजे इमरजेंसी जा पहुंचे।

वहां 6-7 युवक बिना ड्यूटी के अंदर दिखाई दिए। उन्होंने जमकर क्लास लगाई। कुछ युवकों ने सफाई देने की कोशिश की। तो सीएमएस ने फटकार लगाते हुए मुकदमा लिखा देने की चेतावनी दी। इस पर युवक भाग गए। उन्होंने कहा कि अब बाहरी लोगों का जिला अस्पताल लोहिया पुरूष की इमरजेंसी में खेल नहीं चलेगा। वह अचानक इमरजेंसी के हालात को देखेंगे। सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए जाते हैं।

मुख्य गेट, इमरजेंसी आदि में सीसीटीवी कैमरे इसीलिए लगाए गए थे कि इनसे अराजकतत्वों, अस्पताल में आने वाले दलालों अथवा धन उगाही करने वालों पर नजर रखी जाए। मगर बाहर के मददगार अस्पताल कर्मी कैमरों को बंद करने में सहयोग करते हैं। दलालों का आलम यह है कि वह 24 घंटे में 20-20 बार इमरजेंसी, पीकू वार्ड, एसएनसीयू और अन्य वार्डों के चक्कर लगाते हैं। जिम्मेदार इन्हें किसी भी कैमरे में देखने की जरूरत नहीं समझते। इसीलिए अनैतिक कामों को बढ़ावा मिल रहा है। अब किसी भी बाहरी को इमरजेंसी में नहीं रहने दिया जाएगा। जिसकी ड्यूटी होगी। वही काम करेगा बाहरी दलाल होने की सूचना मिली। तो उसे पुलिस बलवाकर जेल भिजवाएंगे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप

### जेल लिपिक के घर हुई चोरी में एक गिरफ्तार, माल बरामद

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने जेल के लिपिक के घर हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने चोरी गए नकदी-जेवर के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 50 हजार नकद व चोरी गया जेवर बरामद किया गया है। थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला धर्मनगरिया निवासी अश्वनी परिवार सहित छोटे भाई के पास सेंट्रल जेल फतेहगढ़ में मिलने गया था। अश्वनी का भाई सेंट्रल जेल में लिपिक के पद पर तैनात हैं। अज्ञात चोर ने 21 मई 2024 को मकान का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित शिवम ने थाना कादरीगेट में मुकदमा दर्ज कराया था। घर में नकदी व जेवरात समेत करीब 6 लाख रुपये का सामान चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। चोरी की घटना को अंजाम देते समय चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। एसपी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने चोरी के आरोपी रवि उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किये गए 50 हजार रुपए नकद व सोने चांदी के जेवरात बरामद हुए है। एसपी ने बताया कि आरोपी पर एक दर्जन चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को चोरी के मुकदमें सजा भी हो चुकी है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि चोरी का शतप्रतिशत सामान बरामद करने वाले पुलिस कर्मियों को 25 हजार रुपए पुरस्कार दिया जाएगा।

### बोलेरो पलटने से चार घायल, दो महिलाएं गंभीर

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** क़ायमगंज क्षेत्र में बोलेरो पलटने से चार लोग घायल हो गए। वह पड़ोसी जिला कासगंज से शमसाबाद जा रहे थे। जिला कासगंज के थाना सोरो के मोहल्ला तुलसी नगर बदरिया निवासी ओम प्रकाश अपने परिवार के साथ थाना शमसाबाद के क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर में जा रहे थे। जब वह ब्रह्मपुर के पास पहुंचे तभी ड्राइवर को नींद आ गई। नींद आने की वजह से बोलेरो अनियंत्रण हो गई और पेड़ो से टकराती हुई एक गड्ढे में जाकर पलट गई। बोलेरो पलटने से उसमें बैठी सुधाकर की मां ओम लता (65) पत्नी ओमप्रकाश, संगीता (26) पत्नी प्रमोद शर्मा, सुधाकर व प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश व प्रमोद का 6 वर्षीय पुत्र राजू बुलेरो में दब कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी और बुलेरो में दवे हुए घायलो को वाहर निकाला। इसके वाद घायलो को सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद ओमलता व संगीत को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। बुलेरो को सोरो निवासी ड्रावर राजू पुत्र सहदेव चला रहा था। घटना स्थल पर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। उधर लोहिया अस्पताल से गम्भीर घायल महिलाओं को परिजन अलीगढ़ ले गए है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** मसेनी चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में सरदार पटेल युवा वाहिनी की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने हाईस्कूल की मेधावी छात्रा इशिता गंगवार, तान्या कटियार, कृतिका कटियार, तनीषा गंगवार व इंटरमीडिएट के छात्र अरिन गंगवार को प्रशस्त्रि पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने मेधावियों में उत्साह भरते हुए कहा कि लक्ष्य बनाकर कार्य करने से सफलता अवश्य मिलती है, इसलिए वह लोग लक्ष्य जरूर निर्धारित करें। सम्मान पाकर मेधावी छात्र-छात्राएं बेहद खुश नजर आ रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक हर्षवर्धन कटियार, अध्यक्ष पवन कटियार, कुलदीप कटियार, गुड्डन कटियार, अशोक कटियार, संजय कटियार, शिव कुमार कटियार, अंशुल कटियार, धनंजय कनौजिया, अमित, सरोज कटियार, गुरदीप कटियार, राजीव कटियार, विजय कटियार, आनंद कटियार, पियूष कटियार, हेमंत कटियार, विनीत कटियार, शिवम मोहन कटियार, हनी कटियार, अर्जुन कटियार, सत्यम कटियार और अंकुर कटियार आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली के पास दबंगों ने दो भाइयों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में दबंगो ने दो भाइयों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। एक को धारदार हथियार से घायल भी कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भूसा मंडी गली से मोटरसाइकिल निकालने को लेकर दबंगों ने दो भाइयों पर हमला बोल दिया। जमकर मारपीट कर दी। करीब एक दर्जन दबंगों ने युवकों को दौड़ा-दौड़ा पीट दिया। कोतवाली के पास दबंगों द्वारा की गई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर हमलावर युवकों को छोड़कर मौके से भाग गए। पुलिस ने दबंगों के हमले में घायल हुए मोहित पुत्र रूपलाल 25 वर्ष का मेडिकल परीक्षण कराया है। घायल मोहित ने बताया कि गली में दोनों तरफ दबंगों की महिलाएं बैठी हुईं थीं।

# झोपड़ी में लगी आग से गृहस्थी जली

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव पट्टी दारापुर में बच्चों के दूध गर्म करते समय आग लग गई। जिससे घर व गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया।

विवरण के अनुसार देवेंद्र पुत्र महाराम के मूंगफली के खेत में निराई का कार्य चल रहा था। वही परिवार के सदस्य खेत पर मौजूद थे। देवेंद्र की पत्नी पिंकी ने खाना बनाया और खाना देने के लिए खेत पर चली गई। इस दौरान घर में मौजूद बच्चे दूध गर्म करने लगे। वही चिंगारी उड़कर झोपड़ी में जा गिरी। जिससे आग लग गई। आग की लपटे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों आग पर काबू पाने के लिए बाल्टी में पानी भरकर बुझाने का प्रयास किया। आग विकराल होने के कारण ग्रामीण बुझाने में असमर्थ रहे। ग्रामीणों झोपड़ी में फंसे बच्चों को कड़ी मस्कत के बाद आग से बाहर निकाल लिया। लेकिन झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।


आग से जला सामान। अमृत विचार

वहीं पीड़ित ने बताया कि दो चारपाई टेबल फैन 17 किलो आटा 9 किलो लगभग चावल साइकिल चारा मशीन रजाई, गद्दा अन्य गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के ने थाना पुलिस को सूचना दी। लेकिन मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। वही पंप सेट लगाकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने लेखपाल को सूचना दी। उप जिला अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया आग पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी।

# दोस्त के साथ गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

- परिजनों को दुर्घटना बताए जाने पर संदेह

**अमृत विचार।** रविवार को दोस्त के साथ पिकअप से युवक बेबर गया था। दोस्त युवक को गाड़ी से वहां सामान उतारने की बात कह कर साथ ले गया था। फिर दोस्त ने बताया कि खिमसेपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। वही परिजनों ने दोस्त की बात को पर भरोसा नहीं किया और थाने में तहरीर दी। जिला अस्पताल लोहिया से मृतक के शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया।

थाना कादरी गेट क्षेत्र के भट्टा बाली गली निवासी सौरभ बाजपेई 26 मोहल्ले में परचून की दुकान किए था। रविवार शाम को नितगंजा निवासी दोस्त संदीप वर्मा घर आए। सौरभ को बैबर मैनपुरी में घरेलू सामान उतारने के लिए साथ ले गए। रात में सौरभ का परिजनों को कोई अता पता नहीं चला। सोमवार को पिकअप में संदीप सौरभ का शव लेकर घर पहुंचा। खिमसेपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की बात कही। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। ईएमओ डॉ ने चिकित्सीय परीक्षण कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। पिता आनंद ने कोतवाली मोहम्दाबाद में तहरीर देकर पुत्र की मृत्यु को संदिग्ध बताया है। साथ ही कहा की संदीप एक्सीडेंट होने के बाद सौरभ को किसी अस्पताल में नहीं ले गया।

बनाते रील | उत्तरी घाट पर न तो बैरिकेडिंग और न ही चेतावनी झंडी, पैंटून पुल से छलांग लगाकर गंगा में कूदते किशोर

# सोलह दिन में गंगा में डूब कर पांच लोगों की हो चुकी मौत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में गंगा नदी का जलस्तर इन दिनों कहीं काफी कम है तो कहीं बहुत ज्यादा है। इसके चलते गंगा में नहाने के लिए पहुंचे लोग गहरे पानी में चले जाते हैं। साथ ही प्रशासन ने भी लापरवाही दिखाते हुए उत्तरी घाट पर कोई भी चेतावनी झंडी या बैरिकेडिंग नहीं कराई है। नतीजा यह है कि 10 मई से लेकर 26 मई तक 16 दिन में पांच लोगों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो चुकी है। फिर भी प्रशासन को गहरे पानी में जाने से लोगों को रोकने के लिए इंतजाम करने की जरूरत नहीं लगी है।

10 मई को उत्तराखंड के खिताड़ी थाना मुड़ी उत्तरकाशी निवासी 25 वर्षीय संदीप और जिंगौड रामड़ा पल्ला चमौली निवासी दिव्यांशु गंगा नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गए थे। संदीप का शव उसी दिन बरामद हो गया था। दिव्यांशु का शव अगले दिन काफी खोजबीन के बाद मिला था। 13 मई को दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए थाना कादरी गेट क्षेत्र के मोहल्ला अंडियाना निवासी नीरज दीक्षित का 19 वर्षीय पुत्र सत्यम पैंटून पुल के पास उत्तरी घाट पर नहा रहा था। चेतावनी झंडी या बैरिकेडिंग नहीं होने की वजह से वह गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी गंगा में डूबने से मौत हो गई थी।


गंगा नदी में स्नान के दौरान का दृश्य। फाइल फोटो

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी शंभू दयाल का पुत्र प्रशांत राठोर 21 मई को दोस्तों के साथ गंगा नहाने आया था। उत्तरी घाट पर गंगा नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई थी। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव गोताखोरों ने बरामद किया था। बुद्ध पूर्णिमा के दिन 23 मई को फर्रुखाबाद कोतवाली के मोहल्ला घेर श्यामू का निवासी शहरोज आलम खान का 17 वर्षीय पुत्र कैफ अपने दोस्तों के साथ पैंटून पुल के पास गंगा नहाने गया था। नहाते हुए गहरे पानी में जाने से कैफ, उसका भाई आसिफ,हर्ष व जुनैद डूब गए।

आसपास मौजूद नविकों ने आसिफ हर्ष व जुनैद को बचा लिया। वही कैफ का शव कई घंटे बाद गोताखोरों ने बरामद किया।

> गंगा घाट पर दोनों तरफ चेतावनी झंडी या बेरिकेडिंग लगी है। जहां कहीं हट गई है, वहां पर जल्द लगवा दिया जाएगा। पुलिस गंगा में स्नान करने वाले लोगों से गहरे पानी में न जाने की अपील करती है।
>
> **संजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक**

# गंगा नहाने गए तीन दोस्त डूबे, एक की मौत, दो को लोगों ने बचाया

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा नदी में नहाने आए तीन दोस्त गहरे पानी में जाने के चलते डूबने लगे। घाट पर खड़े कुछ लोगों ने तीनों को डूबते देखा तो छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद दो युवकों को सकुशल बचा लिया गया। वहीं तीसरा किशोर गहरे पानी में जाने के चलते डूब गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने गोताखोरों की मदद से घंटे भर की खोजबीन के बाद किशोर का शव बरामद किया। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बिलालपुर निवासी अरुण राठौर (16) ग्राम जैनापुर निवासी भैयालाल व अखिलेश के साथ सोमवार को गंगा नदी में स्नान करने के लिए आए थे। तीनों दोस्त दुर्वासा ऋषि आश्रम के सामने बने गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचे। गंगा में नहाते समय वह तीनों गहरे पानी में चले गए। जिससे गोते खाने लगे। घाट पर नई बस्ती के कुछ लोग मौजूद थे, तो उन्होंने तीनों को बचाने के लिए गंगा में चलांग लगा दी। अखिलेश व भैया लाल को उन लोगों ने गंगा नदी से बाहर निकाल लिया। भैया लाल की हालत बिगड़ने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। काफी खोजबीन के बाद जब अरुण राठौर का कोई पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे पांचाल घाट चौकी इंचार्ज अमित शर्मा ने निजी गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने घाट से 100 मीटर दूरी पर गंगा नदी से अरुण का शव बरामद किया। मौके पर पहुंचे परिजन अरुण को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। जहां डॉक्टर ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि अरुण मजदूरी करता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। एक बहन रंगोली की शादी हो चुकी है व एक अरुण से छोटी बहन पूजा है। मां की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।


लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय

# एक बड़ी जीत

बौद्धिक संपदा, आनुवंशिक संसाधनों (जीआर) और संबंधित पारंपरिक ज्ञान (एटीके) पर विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की संधि, वैश्विक दक्षिण के देशों और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। यह संधि सामूहिक विकास हासिल करने और स्थायी भविष्य का वादा पूरा करने की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसका भारत ने सदियों से समर्थन किया है। यह संधि न केवल जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण करेगी, बल्कि पेटेंट प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाएगी और नवाचार को मजबूत करेगी। यह संधि भारतीय आनुवंशिक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि ये वर्तमान में भारत में संरक्षित हैं, लेकिन उन देशों में इनके दुरुपयोग की संभावना है, जहां प्रकटीकरण दायित्व नहीं हैं। वर्तमान पेटेंट कानून में ऐसा कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है जिसके तहत पेटेंट आवेदकों से उस स्थिति में उत्पत्ति के देश या स्रोत का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती हो जहां आविष्कार आनुवंशिक संसाधनों पर आधारित हो। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस संधि के लिए विकसित देशों सहित अनुबंध करने वाले पक्षों को पेटेंट आवेदकों पर मूल दायित्वों के प्रकटीकरण को लागू करने के लिए अपने मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव लाने की जरूरत होगी। गौरतलब है कि डब्ल्यूआईपीओ एक संयुक्त राष्ट्र विशेष एजेंसी है जिसे 1967 में बौद्धिक संपदा (आईपी) संरक्षण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया था। डब्ल्यूआईपीओ मूल रूप से आईपी नीति, सेवाओं, सूचना और सहयोग के लिए एक वैश्विक मंच है।

भारत 1975 में डब्ल्यूआईपीओ में शामिल हुआ। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग (जीआईआई) में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। हाल के वर्षों में भारत ने जीआईआई में छलांग लगाई है। 2019 जीआईआई में भारत 52वें स्थान पर था। जीआईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने-अपने देशों में नवाचार-आधारित सामाजिक और आर्थिक बदलावों का आकलन करने का एक विश्वसनीय साधन है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार का श्रेय अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत काम को जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीतिगत उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है। वास्तव में यह संधि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, जो पारंपरिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की प्रचुरता के साथ जैव विविधता वाले केंद्रों का केंद्र है।

# क्लिक कल्चर के प्रतिवाद में पंडित नेहरू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है।

नई डिजिटल कल्चर 'क्लिक कल्चर' है। 'क्विक' कल्चर है। इसने 'पुसबटन' और इमेज को महान और लोकतांत्रिक मूल्यों और विचारों को खोखला और निरर्थक बनाया है। संप्रति टीवी से लेकर फेसबुक तक अनेक संगठन और नेता इसके शैतान खिलाड़ी के रुप में खेल रहे हैं और भारत की मासूम युवा पीढ़ी को इमेजों के जरिए दिग्भ्रमित करने में लगे हैं। 'क्लिक कल्चर' ने युवाओं के विवेक पर सीधे हमला बोला हुआ है। कहा जा रहा है 'क्लिक' इमेज ही सत्य है, विचार तो बकबास होते हैं, बोर करते हैं, कमाना मूल्यवान काम है, सोचना फालतू चीज है, व्यवहारवादी बनो, जनवादी मत बनो, धर्मनिरपेक्षता फालतू चीज़ है, लोकतंत्र में रहो लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के बिना। लोकतांत्रिक मूल्य तो बोझा हैं, वोट दो, लेकिन विवेकवाद के आधार पर सोचो मत, सार्थक है सिर्फ चुनाव जीतना। इस 'क्लिक कल्चर' के नायक इन दिनों पंडित नेहरू का भी 'क्लिक संस्कार' करने में मशगूल हैं।

उल्लेखनीय है पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के सामान्य प्रधानमंत्री नहीं थे, वे सामान्य राजनेता भी नहीं थे। आमतौर पर लोकतंत्र में नेता आते हैं और जाते हैं। औसत नेता ही लोकतंत्र की संपदा के रुप में नजर आते हैं, भारत में अनेक औसत नेता प्रधानमंत्री बने, लेकिन आधुनिक विचारवान विरल प्रधानमंत्री तो एकमात्र पंडितजी ही थे। वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके पास आधुनिक भारत का विज़न था, आधुनिक विचार थे, आधुनिक जीवन शैली थी और इन सबसे बढ़कर अपने विचारों के लिए जोखिम उठाने का साहस था।

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है। नेहरू 'क्लिक कल्चर' की देन नहीं थे, वे तो संस्कृति की देन थे। नेहरू को पाने के लिए भारत की संस्कृति के पास जाना होगा। संस्कृति का मार्ग बेहद जटिल और जोखिम भरा है, वह फेसबुक की वॉल पर लिखी 'क्विक' इबारत नहीं है, नेहरू कोई किताब नहीं है, कोई कुर्सी नहीं है या मूर्ति नहीं है जिसके साथ खड़े होकर फोटो क्लिक करो और नेहरू की पंक्ति में शामिल हो जाओ! नेहरू कुर्सी नहीं बल्कि देश का आधुनिक विज़न हैं। नेहरू के आधुनिक विज़न को सचेत रुप से अर्जित करना होगा तब ही सही मायने में नेहरू की रुह को स्पर्श किया जा सकता है। महसूस किया जा सकता है।

नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है "शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है।

> नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है ' 'शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं।

वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं। जबकि नेहरू में ये चीजें एकदम नहीं थीं। नेहरू ने लिखा है, 'मजहब में- जिस रुप में मैं विचारशील लोगों को भी उसे बरतते और मानते हुए देखता था, चाहे वह हिन्दू-धर्म, चाहे इस्लाम या बौद्ध-मत या ईसाई-मत-मेरे लिए कोई कशिश न थी। अंध-विश्वास और हठवाद से उनका गहरा ताल्लुक था और जिंदगी के मसलों पर ग़ौर करने का उनका तरीक़ा यक़ीनी तौर पर विज्ञान का तरीक़ा न था। उनमें एक अंश जादू-टोने का था और बिना समझे-बूझे यकीन कर लेने और चमत्कारों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति थी।'

'फिर भी यह एक जाहिर-सी बात है कि मज़हब ने आदमी की प्रकृति की कुछ गहराई के साथ महसूस की हुई जरुरतों को पूरा किया है और सारी दुनिया में, बहुत ज्यादा कसरत में, लोग बिना मज़हबी अकीदे के रह नहीं सकते। इसने बहुत-ऊंचे किस्म के मर्दों और औरतों को पैदा किया है, और साथ ही तंग-नज़र और ज़ालिम लोगों को भी। इसने इन्सानी ज़िन्दगी को कुछ निश्चित आंकें दी हैं और अगरचे इन आंकों में से कुछ आज के ज़माने पर लागू नहीं हैं, बल्कि उसके लिए नुकसानदेह भी हैं, दूसरी ऐसी भी हैं, जो अख़लाक़ और अच्छे व्यवहार लिए बुनियादी हैं।'

नेहरू ने लिखा है "असल में मेरी दिलचस्पी इस दुनिया में और इस जिंदगी में है, किसी दूसरी दुनिया या आनेवाली जिंदगी में नहीं।" पंडितजी पुनर्जन्म की धारणा में यकीन नहीं करते थे, अंधविश्वासों के विरोधी थे। दिमागी अटकलबाजी में यकीन नहीं करते थे। वे चीजों, घटनाओं, व्यक्तियों, समुदाय और वस्तुओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने में विश्वास करते थे। उन्होंने माना "मार्क्स और लेनिन की रचनाओं के अध्ययन का मुझ पर गहरा असर पड़ा और इसने इतिहास और मौजूदा जमाने के मामलों को एक नई रोशनी में देखने में बड़ी मदद पहुंचाई इतिहास और समाज के विकास के लंबे सिलसिले में एक मतलब और आपस का रिश्ता जान पड़ा और भविष्य का धुंधलापन कुछ कम हो गया।'

1964 में 27 मई को मौत के बाद जवाहरलाल नेहरू का यश इतिहास की थाती है। उनका अनोखापन बेमिसाल है। नेहरू में दोष भी ढूंढे जा सकते हैं। नेहरू विस्मृति के अंधेरे में भी जुगनू की तरह दमकते ही रहते हैं वे अकेले हैं जो दक्षिणपंथ के हमले का शिकार हैं। आजाद्दी की जद्दोजहद में तिलक, गांधी, नेहरू और सुभाष उत्तरोत्तर पड़ाव हैं। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद नेहरू ने गांधी का सम्मान करते भी उनकी आदर्शवादिता को अव्यावहारिकता कहकर ठुकरा दिया। उन्हें कठोर पत्र भी लिखे। उन्होंने गांधी की मुखालफत करते भगतसिंह के पक्ष में करीब आधी कांग्रेस को खड़ा भी किया। सुभाष बोस के साथ भगतसिंह के मुकदमे की पैरवी की।

नेहरू में कवि और दार्शनिक था। उनकी इतिहास दृष्टि में नदियां, हवाएं और तरंगें बहती हैं। नेहरू की गंगा सुदूर अतीत से भविष्य के महासागर तक संस्कारों का सैलाब लिए अनंतकाल तक बहती रहेगी। उनकी गंगा वसीयत से बेहतर वसीयत संसार में कहीं नहीं है। असाधारण बौद्धिक सांसद हीरेन मुखर्जी ने कहा था। मैं ऐसी वसीयत लिखने वाले की हर गलती माफ कर सकता हूं। यहां तक कि खराब सरकार को भी।

## प्रसंगवश

# इस बार का चुनाव



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मैं यह क्या सुन रहा हूं? इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों ने इस डर से कि भाजपा सरकार यदि फिर से आई तो संविधान बदल दिया जाएगा, साईकिल पर मुहर लगाई है। यह मात्र अफवाह भी हो सकता है। असली स्थिति तो नतीजों के बाद ही स्पष्ट होगी। अब भला लोगों को यह कहां गवारा होगा कि 'कोई बाबा साहब का बनाया संविधान' बदल दे। उनके लिए तो बाबा साहब आराध्यदेव हैं। वे ऐसा न होने देने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं और इन्हें बरगलाना भी आसान है।

संप्रति वोटों का जो सामाजिक समीकरण चल रहा है उसमें हाथी अनुसूचित जाति की ओर साईकिल निर्विवाद एम वाई फैक्टर की है। मगर दोनों में बड़ी दूरी रही है। यहां तक कि एकदा बहन जी के साईकिल का साथ देने के बावजूद अनुसूचित जातियों के वोट साईकिल को ट्रांसफर नहीं हो पाए थे। और साईकिल पंचर हो गई थी। क्या इस बार संविधान बदलने के चुनावी ब्रह्मास्त्र ने एक असंभव सी बात को संभव कर दिखाया है? सहज विश्वास नहीं होता। मगर खबरें ऐसी ही आ रही हैं। और सचमुच यदि ऐसा हुआ है तो कई लोकसभा क्षेत्रों के अनपेक्षित परिणाम आएंगे। बयानबाजों ने फिजां बदल दी-यही मानना होगा। यह अफवाह कुछ चतुर चालाकों ने फैलाई और भाजपा के तमाम खंडन के बाद भी वातावरण में फैलती रही। चुनाव प्रारंभ होने तक सत्ता विपक्षी दल जहां अस्त पस्त था, मतदान के बढ़ते चरणों के साथ झूठ मूठ के दावे और अफवाहों का सहारा लेकर मजबूती पाता गया दिखा है। साईकिल वाले नेता जी जहां जहां जनसभाओं में गए हैं, संविधान बदलने वाली बात को पुरजोर तरीके से उठाया। मतदान का आखिरी चरण अब आ पहुंचा है। इस बार का लोकसभा का सामान्य निर्वाचन अनेक छल कपट और झूठ प्रपंच के लिए जाना जाएगा। वाला तीर सही निशाने पर लगा तो हाथी वाली पार्टी का समूल सफाया तय है और कमल भी कुम्हलाएगा। साईकिल और सरपट निकलेगी।

# मिजोरम सीमा को सील करने पर बढ़ा बवाल



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी।

म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र के फैसले के बीच मिजोरम सरकार ने घोषणा की है कि 1,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी म्यांमार सेना से जुड़े सशस्त्र संघर्ष से भागकर सीमा पार कर आ गए हैं। इस आमद ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है क्योंकि मिजोरम सरकार ने म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के कदम का विरोध किया है।

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और युद्धग्रस्त पड़ोसी देश के साथ एफएमआर समझौते को समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ एक सर्वसम्मत प्रस्ताव अपनाया है। एफएमआर समझौता दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर की सीमा पर निवासियों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक यात्रा करने और सीमित अवधि के लिए रहने की अनुमति देता है।

अधिकारियों ने कहा कि नवीनतम आमद के साथ पूर्वोत्तर राज्य में शरणार्थियों की संख्या 36,500 से अधिक हो गई है। मिजोरम में शरण लेने वाले म्यांमार के नागरिक ज्यादातर चिन समुदायों से हैं, जो मिज़ो के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं।

मुख्यमंत्री लालदुहावमा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य अधिकारियों के साथ पूर्व परामर्श के बिना म्यांमार और मिजोरम के बीच मैत्री पुल को एकतरफा बंद करने के बारे में म्यांमार सीमा की रक्षा करने वाले असम राइफल्स के समक्ष चिंता जताई है। मिजोरम के चम्फाई, सियाहा, लांग्टलाई, हनाथियाल, सेरछिप और सैतुअल जिले-म्यांमार के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं।

5 मई के बाद से 2,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकांश राहत शिविरों के बाहर, रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ या किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि अन्य सात जिलों में 149 राहत शिविरों में रहते हैं।

भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को मिजोरम में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही समझौते को रद करने के भारत सरकार के कदम के खिलाफ रैलियों के लिए मिजोरम में हजारों लोग एकत्र हुए।

ज़ो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन (ज़ोरो) द्वारा आयोजित, चम्फाई जिले के ज़ोखावथर और वाफई गांवों में शांतिपूर्ण रैलियां हुईं, जो म्यांमार के साथ सीमा साझा करती है। एक ज़ोरो नेता के अनुसार, म्यांमार के प्रतिनिधियों ने भी इन रैलियों में भाग लिया। ज़ोरो एक मिज़ो समूह है जो भारत, बांग्लादेश और म्यांमार में विभिन्न जनजातियों को एक ही प्रशासन के तहत पुनः एकीकृत करने की वकालत करता है।

यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने भी हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ इस मुद्दे को उठाया है और उनसे निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है।

फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के चिन राज्य के 34,000 से अधिक लोग वर्तमान में मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ले रहे हैं। मिजोरम विधानसभा ने 28 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भारत-म्यांमार सीमा बाड़ और एफएमआर उन्मूलन के संबंध में केंद्र के फैसले का विरोध किया गया।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस चिंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाया था और उनसे एफएमआर को रद न करने का आग्रह किया था।

मिजोरम सरकार, नागरिक समाज संगठनों और छात्र निकायों के साथ, दोनों देशों के जातीय समुदायों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के डर से, केंद्र की योजनाओं का कड़ा विरोध करती है।

## सोशल फोरम

# खखरी और पोचा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुजला, सुफला, शस्यश्यामला। पता नहीं, कवि (बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, आनंदमठ में) ने सुदूर विगतकाल का वर्णन किया था, या तत्कालीन स्थिति का वर्णन किया था, या वर्णित स्थिति के भविष्य में आने की कामना की थी। एक सौ चालीस वर्ष गुजर गए आनंदमठ के। तब क्या होता था, कौन बतलाए? हां, जो कवि ने दर्शाया है वह बंगाल का दुर्भिक्ष काल था, कवि ने माता के उस रूप की कल्पना की होगी जो बेड़ियों के कटने के बाद होगी, या बेड़ियों के लगने के पहले की होगी। मेरे परदादे का जमाना-बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का जमाना। वन्दे मातरम।

मैं, बंकिमचंद्र का परपोता, क्या देख रहा हूं? पृथ्वीमाता के अनगिनत परपोतों, प्रपरपोतों की भीड़-बेरोज़गार बच्चों की भीड़, ख़ानदान की परंपरा और इज्ज़त को तार-तार करने के लिए हुहुआती भीड़, किसको कहां और कैसे लूट लें का मौक़ा ढूंढती भीड़, माता की गरिमा पर कीचड़ उछालने को उत्सुक भीड़, अपनी संस्कृति को लतियाती भीड़, भेड़ियों की भीड़, भेड़ों की भीड़, दलालों की भीड़, कंगालों की भीड़, फटे-हालों की भीड़। धान के पौधे पला गए। पुआल ही पुआल-दाने नहीं लगे। बुद्धिमान लोग चारा खा सकते हैं, उन्हें पुआल की जरूरत है, पुआल-पोचा फ़सल बेशकीमती है–जहां चाहेंगे लगा देंगे - एक जून का खाना देकर-जय बोलेंगे, प्रदर्शन करेंगे, धरना देंगे, लाठी खाएंगे, टांग तुड़वा कर घर लौट आएंगे, इंकलाब करते हुए खेत आएंगे, ख़ून की खाद दे देंगे। खखरी - केवल भूसा, दाना नहीं। ओसाओ, फटको तो सब उड़ जाएंगे। हां, तब भी काम में आएंगे-चूल्हे-भाड़ में झोंकने के काम आएंगे-गाय-गोरू को खिलाने के काम आएंगे। भारतमाता की औलाद - खखरी। डिग्री भी देते हैं और अनइम्प्लॉयेबल (निकम्मा, रोज़गार के अयोग्य) भी कहेंगे। कुछ खखरी अपने को बुद्धिजीवी कहने लगे हैं। खखरी, पोचा। दादा बंकिमचंद्र जी, आपके परपोते और उनकी औलाद खर-पतवार हैं।

–फेसबुक वॉल से

# रिटायरमेंट के बाद



अनूप शुक्ल
कानपुर

> इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

25 दिन हो गए सरकारी सेवा से रिटायर हुए। तमाम काम सोचे थे करने के लिए कि ये करेंगे, वो करेंगे। बस एक बार रिटायर भर हो जाएं। सारे के सारे काम, सिवाय निठल्लेगीरी के, उलाहना दे रहे हैं कि हम पर अमल नहीं हुआ, हमारे साथ 'इरादाखिलाफ़ी' हुई। कोई-कोई तो यह भी कह रहा है कि तुम भी बदल गए। हमें तुम से ये उम्मीद नहीं थी।

काम जो सोचे थे उनमें से एक था घूमने का। सोचा तो यह था कि रिटायर होते ही कहीं घूमने निकल जाएंगे। भूटान, बांगलादेश, श्रीलंका, यूरोप मतलब कहीं भी। देश में भी तमाम जगहें हमारे घूमने की लिस्ट में हैं। लेकिन कहीं निकलना हुआ नहीं। इस मामले में नूर साहब के शेर बहुत सहारा देते हैं :
मैं रोज़ मील के पत्थर शुमार (गिनती) करता था,/ मगर सफ़र न कभी एख्तियार (शुरू) करता था।
तमाम काम अधूरे पड़े रहे मेरे/ मैं ज़िंदगी पर बहुत ऐतबार (भरोसा) करता था।

पिछले दिनों मेरा बेटा अपने कजाकिस्तान गया था। वहां के किस्से, फ़ोटो, विडीयो लगाए अपने यहां तो किया कि फ़ौरन निकल लें। पहुंच जाएं कजाकिस्तान। घूमें आसपास। बग़ल में समरकंद है जहां से बाबर आए थे। लेकिन फिर आलस्य ने और बगलिया के रोक लिया। सोचा जाएंगे तसल्ली से। कौन समरकंद और कजाकिस्तान कहीं भागे जा रहे हैं।

पढ़ने के लिए तमाम किताबें सोची थीं कि एक-एक कर पढ़ी जाएंगी। अभी तक शुरुआत नहीं हुई है। रिटायरमेंट पर तमाम दोस्तों ने किताबें भेंट की हैं। कुछ पहले की पढ़ी, कुछ नई, कुछ पसंदीदा। कुछ मित्रों ने मुझे रामायण, गीता भी भेंट की। कई प्रतियां हों गईं। उन दोस्तों की शायद सलाह यही होगी कि लोक की बात ख़त्म हुई, अब परलोक सुधारने के प्रयास किया जाए।

इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

लिखाई-पढ़ाई के तमाम छूटे हुए काम तय किए थे पूरे करने के लिए। अमेरिकी यात्रा के संस्मरण पर किताब 'कनपुरिया कोलंबस' फ़ाइनल कई बार चुके हैं। अब बस छपानी है। अलावा इसके कश्मीर, लेह-लद्धाख और दीगर घुमक्कड़ी के किस्से छांटकर/लिखकर छपाने का इरादा है। 'व्यंग्य की जुगलबंदी' के सिलसिले में लिखे गए तमाम दोस्तों के लेख भी छांटकर प्रकाशित करने का मन बनता है अक्सर। सबको इकट्ठा करना भी बड़ा काम है। देखते हैं कितना हो पाता है। किताब छपाने के तमाम हसीन लफड़े होते हैं। उनसे गुजरना भी रोचक अनुभव होता है।

अपने सेवाकाल के अनुभव भी लिखने के मन है। जिन लोगों के साथ काम किया उनके बारे में लिखने का विचार है। इस विचार पर अमल करने में हिचक भी है। पता नहीं कौन अपनी 'तारीफ़' पर ख़फ़ा हो जाए। समाज सेवा में भी कुछ योगदान करने का मन है। कैसे कर पाते हैं, कितना कर पाते हैं -समय बताएगा।

सरकारी सेवा से रिटायर भले हो गए हैं लेकिन जड़त्व के नियम के हिसाब से सेवा की मनःस्थिति से अलगाव पाने में समय लगेगा। विनोद श्रीवास्तव जी की कविता याद आती हैः जैसे तुम सोच रहे साथी,/ वैसे आज़ाद नहीं हैं हम/ पिंजड़े जैसी इस दुनिया में / पंछी जैसा ही रहना है/भरपेट मिले दाना-पानी/ लेकिन मन ही मन दहना है।/जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे संवाद नहीं हैं हम/ जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे आज़ाद नाहीं हैं हम।

सरकारी सेवा में 36 साल बिताने के बाद पिंजड़ा खुल गया है लेकिन आदतन अभी भी मन उसी हिसाब से बना हुआ है। सोच के स्तर पर उससे मुक्त होने में कुछ समय लगेगा। लेकिन यह तय है कि सेवाकाल पूरा करने की बहुत ख़ुशी है। आने वाले समय में तमाम नए काम काम करने की तमन्ना है। ज़िंदगी जितनी हसीन अभी तक रही, आगे की उससे भी खूबसूरत होगी ऐसा मुझे लगता है।

रिटायरमेंट के मौक़े पर हुई विदाई पार्टी के विडियो हमने यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। इनमें हमारे कुछ मित्रों के और हमारे परिवार के लोगों और अपन के भी उद्गार हैं।

# मेहनतकश अब अपना हिस्सा मांगेंगे



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अभी कुछ ही दिन पहले एक राजनीतिक पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में आर्थिक असमानता दूर करने के लिए बड़े पूंजीपतियों से धन ले कर गरीबों को से देने की बात कही थी जिस पर काफी दिनों तक विवाद बना रहा, आर्थिक असमानता को ले कर टीवी चैनलो पर भी काफी चर्चा हुई है और अखबारों में भी बराबर छपता रहता है। यह असमानता पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है जहा हमारे देश में रू 6000 प्रति माह पर गुजर करने वाले 72 करोड़ लोग है, तो वही धन संचय कर नए अरबपति बढ़ रहे हैं देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मात्र 1 प्रतिशत, पूंजीपतियों के पास है जाने माने अर्थशास्त्री थॉमस पी केटी ने एक रिसर्च पेपर के द्वारा सुझाया है कि 10 करोड़ से अधिक के मालिकों पर भारत में 2प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स तथा 33प्रतिशत नियमित कर लगाया जाना उचित होगा। ऐसा सुझाव देने के पीछे उनकी मंशा बढ़ती आर्थिक असमानता है।

"प्रपोजल फोर ए वेल्थ टैक्स पैकेज टू टेकेल एकस्टीम इनइक्वल्टीज इन इंडिया" नाम इस पेपर में अति बड़े घरानों से संबंधित टेक्स प्लान का सुझाव है। फिलहाल अमीरी गरीबी की बढ़ती असमानता पर चर्चा शुरू हो चुकी है, लेबर लॉस,जीएसटी और महंगाई बेरोजगारी की सबसे ज्यादा मार झेलने वाला गरीब है और वही सरकार से तमाम तरह से लाभ और राहत उठा कर, बढ़ रहा अमीर है, देखना यह है की निकट भविष्य में गरीबों को क्या मिलता है, वरना वो दिन दूर नही जब मेहनतकश समाज से अपना हिस्सा मांगने लगे यह मेहनतकश भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहा पूंजीपति बढ़ रहे हैं,क्योंकि क्रोनी केपिटालिजम को ही विकास नही माना जा सकता।

# तीसरे दिन भी नौतपा ने खूब तपाया

## गर्मी के कारण लोगों का सड़क पर निकलना हो रहा मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नौतपा के तीसरे दिन भी गर्मी ने खूब तपाया, ऐसा लगा जैसे आसमान से आग बरस रही हो। दोपहर को तापमान बढ़कर 46 डिग्री तक पहुंच गया। पिछले दिनों की तरह सोमवार को भी गर्मी ने सुबह से ही अपने तीखे तेवरों का अहसास करा दिया। 12 बजे तो तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया था। गर्म हवा भी चलती रही जिसके कारण लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से निकले।

जिला प्रशासन भी गर्मी को लेकर अलर्ट मोड पर है तथा ऑरेंज जोन में इटावा शामिल हो गया है। गर्मी को लेकर एडवाइजरी भी जिला प्रशासन की ओर से जारी की गई है तथा इसके साथ ही दैवीय आपदा विभाग में कंट्रोल रूम भी खोल दिया गया है। इन दिनो नौतपा चल रहे हैं जिनमें सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं। गर्मी की यह स्थिति लोगों को खासा परेशान कर रही है। गर्मी में हाल फिलहाल कोई राहत मिलने की उम्मीद भी महसूस नहीं की जा रही है।

**46 डिग्री तापमान पर ट्रांसफार्मरों पर होता रहा काम :** शहर में सोमवार को तापमान 46 डिग्री था। इस तापमान में भी बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बिजली व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए दोपहर में भी सड़कों पर उतर कर कामकाज कराते रहे। रात में भी यह कामकाज जारी रहता है। अधिशाषी अभियंता श्री प्रकाश के निर्देशन में शहर के तीनों उपखंड अधिकारी पीयूष मौर्य, आनंद पाल सिंह, गगन अग्निहोत्री के नेतृत्व में कर्मचारी 46 डिग्री से अधिक तापमान में बिजली व्यवस्था सुचारु रखने के लिए काम करते रहे। बीती रात भी कई स्थानों पर विभाग की टीमे ट्रांसफार्मर और केबिल ठीक करने में जुटी रहीं।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

### बार-बार फाल्ट और तार बदलने से गुल रही बिजली

**इटावा।** शहरी क्षेत्र इन दिनो आरडीएसएस योजना में तार व केबल बदलने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही गर्मी के दौर में फाल्ट भी अधिक हो रहे हैं। एक स्थान पर फाल्ट ठीक नही हो पाते और दूसरी जगह से फाल्ट होने की खबर आ जाती है। यह भी बिजली कटौती का बड़ा कारण है। इसके चलते रोजाना अलग अलग स्थानों पर 6 घंटे से लेकर 8 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहती है। इसके कारण लोग खासे परेशान रहते हैं।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से लोगों का हाल हुआ बेहाल

**जसवंतनगर, इटावा।** कस्बे के मोहल्ला लुधपुरा में स्थित जैन मंदिर के पास 100 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से कस्बा के मोहल्ला लुधपुरा से जुड़े 100 से अधिक घरों व दुकानों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। रात भर बिजली न मिलने से लोग गर्मी व उमस में परेशान हो गए। सोमवार सुबह भी बिजली न मिलने से लोगों को पेयजल की समस्या हुई। अवर अभियंता कौशल पांडेय ने बताया कि फुंके ट्रांसफार्मर का ईस्टीमेट बनाकर भेजा जा चुका है। शीघ्र ही फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाकर बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। कस्बा में अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। न तो विद्युत सप्लाई आने का समय है और न जाने का। इससे लोगों के रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई से लेकर खानपान का रूटीन भी बिगड़ गया है। वैसे तो क्षेत्र में ही बिजली सप्लाई का बुरा हाल है लेकिन कस्बे के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की सप्लाई ने तो लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

विभाग का कोई निर्धारित रोस्टर नहीं है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी जब चाहें तब सप्लाई बंद कर दें और जब चाहें चालू कर दें। सुबह, दोपहर की कटौती के बाद रात में कटौती से क्षेत्र के बाशिंदे उकता चुके हैं। जो सप्लाई दी जाती है जनता उसका उपयोग भी नहीं कर पाती। सुबह लोगों को नहाने धोने, यहां तक कि पीने का पानी भी नसीब नहीं हो पाता।

# डीएम व एसएसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**इटावा।** लोकसभा चुनाव की मतगणना को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है। सोमवार को मतगणना स्थल नवीन मंडी पहुंचकर जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मतगणना स्थल और ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा गार्ड को चेक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों से कहा गया कि परिसर के अंदर किसी भी व्यक्ति, वाहन को बिना चेकिंग अकारण प्रवेश न करने दें। यह भी निर्देश दिए गए कि परिसर के आसपास लोगों को भीड़ न लगाने दें।

सभी को सावधानीपूर्वक ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय पाल गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, श्रेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


पं. जवाहर लाल नेहरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पल्लव दुबे व अन्य।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये देश के पहले प्रधानमंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कांग्रेसियों ने पं. नेहरु को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही

**अमृत विचार।** कांग्रेस ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विचारगोष्ठी आयोजित किया। इसके साथ ही नुमाइश में स्थित उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी।

पार्टी कार्यालय में आयोजित विचारगोष्ठी में शहर कांग्रेस अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि देश के विकास को शून्य से शिखर तक ले जाने में अगर किसी को नायक की उपाधि प्राप्त है तो वो केवल स्व. जवाहरलाल नेहरू है। उन्होंने देश के विकास के लिए आधारभूत ढांचे की स्थापना की जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कृषि से संबंधित समस्याओं का निदान करने में बड़ी सहायता मिली। यह पंडित नेहरू ही थे जिन्होंने विदेशों से व्यापार की नीति को बढ़ावा देकर देश के संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में बड़े कदम उठाए। यह देश हमेशा नेहरू को उनके कार्यों के लिए स्मरण करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाचस्पति द्विवेदी, संजय दोहरे, शोजैव रिजवी, आसिफ जादरान, अंजुम अंसारी, मनीष मिश्रा, सूर्या शंकर दीक्षित, शिवा ठाकुर, पुनीत पाठक, मोहसिन अली, मुबारक अली, आसिफ खान उपस्थित रहे।

# मासिक धर्म में स्वच्छता के प्रति जागरुकता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आज मनाया जाएगा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस
- मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियां मिटाने की आवश्यकता

**अमृत विचार।** हर वर्ष 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है इस बार इस दिवस की थीम है एक साथ पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड । इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य है महामारी या मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता बनाए रखने और इससे संबंधित भ्रांतियां मिटाना।

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई की स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रो डॉ कल्पना ने कहा कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य मासिक धर्म के संबंध में अहम जानकारी उपलब्ध कराना है। ताकि वह किसी भी तरह की बीमारियां का शिकार न हों। निजी अंगों की सफाई के लिए क्षार युक्त व कठोर साबुन का प्रयोग बिल्कुल ना करें क्योंकि इसके कारण निजी अंगों के पीएच संतुलन बिगड़ सकता है और संक्रमण का कारण बन सकता है। मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी पैड का ही प्रयोग करें। डॉ कल्पना ने बताया किशोरियों में जब भी मासिक धर्म शुरू होता है तो उनकी मानसिक स्थिति अस्थिर होती है उस समय घर के सदस्यों को बैठकर बच्चियों को समझना चाहिए यह एक जैविक प्रक्रिया है यह कोई बीमारी या परेशानी नहीं है।

यूपीयूएमएस समुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पीके जैन की देखरेख में शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (बच्चा अस्पताल) में किशोरियों महिलाओं व महिला स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता (आशा, आंगनवाड़ी, एएनएम) के लिए जागरूकता वार्ता का आयोजन किया जाएगा।

# कैदी की जेल में उपचार के दौरान मौत

**इटावा।** जालौन जिले के डकोर थाना क्षेत्र के गांव चिल्ली निवासी रंजीत यादव 77 वर्ष पुत्र परमाई लाल को पुलिस मुठभेड में डकोर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में सुनवाई के बाद दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 14 नवम्बर 2022 को दस साल की सजा के साथ उस पर दस हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया था। सजा होने के बाद उसे नौ सितम्बर 2023 को उरई जिला कारागार से सेंट्रल जेल महोला भेजा गया था तभी से वह सेंट्रल जेल में बंद था। रविवार की शाम को उसे पेट दर्द व खून बहने की शिकायत होने पर पीजीआई भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान रात को उसकी मौत हो गई। सेंट्रल जेल के अधीक्षक डा रामधनी ने बताया कि कैदी को पेन ऐबडोमिनल डिस्टेंशन विथ रेक्टल ब्लीडिंग बीमारी थी। इसी के चलते उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया था। जहां रात के समय उसकी मौत हो गई। उसके परिवार के लोगों को सूचना दे दी गई है।

# दृढ़ इच्छा शक्ति से जो चाहोगे पाओगे

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** जनता विद्यालय इंटर कालेज बकेवर में चार एनसीसी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एनएस चिराग ने निरीक्षण किया। उन्होंने कैडटों से संवाद करते हुए कहा कि अगर आपके अंदर कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति है तो आप अपने जीवन में जो चाह लेंगे उसे प्राप्त कर लेंगे।

निरीक्षण के उपरांत कमांडिंग ऑफिसर एस पी सिंह ने ब्रिगेडियर को कैंप के बारे में ब्रीफिंग दी। तत्पश्चात शिविर में विभिन्न विषयों पर संचालित हो रही कक्षाओं का निरीक्षण किया। ले. शिवेन्द्र सिंह भदौरिया और कर्नल एस पी सिंह के साथ ब्रिगेडियर ने भोजनालय का निरीक्षण किया। इसके बाद ब्वायस और गर्ल्स कैडेट्स के रहने का स्थान देखा।

ले. ब्रह्मानंद ने ब्रिगेडियर को कॉलेज की पृष्ठभूमि के बारे में बताया इसके बाद सर्वप्रथम लाइब्रेरी का भ्रमण किया। जहां पर उन्हें लाइब्रेरी में रखी हुई भारतीय संविधान की मूल प्रति, चारों वेदों को प्रति अरविंद चौधरी ने दिखाई। ब्रिगेडियर को एक पुस्तक भी भेंट की गई।


एनसीसी कैडेट को पुरस्कृत करते ब्रिगेडियर एनएस चिराग। अमृत विचार

- ब्रिगेडियर ने एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का किया निरीक्षण

डेयरी लैब सहायक अश्वनी दीक्षित ने साहिवाल, होल्सटीन फ्रीजियन नस्ल की गायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम म्यूजियम का भ्रमण किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी से औपचारिक मुलाकात की। कार्यक्रम में मेजर अवधेश कुमार, लेफ्टिनेंट शिवेंद्र सिंह भदोरिया, लेफ्टिनेंट सुशील मोहन, चीफ ऑफिसर अरशद मलिक एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह, सीटीओ अनिकेत कुमार एवं रंजीत सिंह, सेकंड ऑफिसर रवि दत्ता, सूबेदार मेजर साहब सिंह, हवलदार विजयंत सिंह चौहान, हवलदार बटालियन मेजर भूपेंद्र सिंह, नयन सूबेदार सतनाम सिंह, हवलदार सुवान गुरुंग, हवलदार विजय पाल सिंह, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### तगादा करने पर पीटकर किया घायल

**बकेवर।** थाना में इसी क्षेत्र के गांव हर्राजपुर में रहने वाले दिलीप कुमार ने दी तहरीर में कहा है कि वह 26 मई रविवार शाम अपने दोस्त हेमंत के साथ गांव भवानीपुर में रहने वाले शीलू के घर 29 हजार रुपये का तगादा करने गया हुआ था। शीलू गाली-गलौज करने लगा मना किया तो शीलू व गीतम उर्फ ओम नारायण ने लाठी डंडो से मारपीट करते हुए सिर पर ईट का प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल बकेवर भिजवाकर हमलावरों की तलाश शुरू की।

### झोपड़ी में लगी भीषण आग

**भरथना।** कस्बा की बस्ती मोहल्ला कल्याण नगर में गोविंद पोरवाल के खाली पड़े प्लाट पर रखी लकड़ी के टट्टर से बनी झोपड़ी धू-धूकर जल उठी। जागरूक युवाओं की सूझबूझ से भीषण आग में दहकने से बच गया। युवाओं ने निजी सबमर्सिबल पंप चलाकर झोपड़ी में लगी भीषण आग पर पानी डालकर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शी लालजी पोरवाल ने बताया कि इन दिनों भरथना कस्बा के प्रत्येक मोहल्ले में बंदरों का आतंक बना हुआ है। अग्निकांड से पहले बंदरों को भगाने के लिए किसी व्यक्ति ने पटाखा चलाये थे, जिसकी चिंगारी झोपड़ी के आस-पास पड़ी सूखी घास-फूस, कूड़ा-करकट में सुलग कर आग लग गई। भीषण आग में किसी प्रकार का कोई धन व जन हानि नही हुई है। लेकिन एक संभावित बड़ा हादसा जरूर टल गया है।

### पुलिस ने चस्पा की 82 की नोटिस

**ताखा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र की खरगपुर सरैया चौकी प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि अभियुक्त जीतू यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डीबीए की बैठक तीन जून को

**इटावा।** डीबीए अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे के निर्देश पर तीन जून दिन सोमवार को जनरल हाउस का आयोजन डीबीए हाल में 11 बजे किया जा रहा है जिसमे कोषाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह द्वारा आय व्यय का ब्योरा दिया जाएगा। सभी सम्मानित अधिवक्ता साथियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का कष्ट करें। सोमवार को समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्णत: विरत रहेंगे। इसकी जानकारी डीबीए के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी ने दी है।


राधा कृष्ण की प्रतिमाओं को पूजन के लिए ले जाते भक्त एवं चेयरमैन अजय यादव।

### लाडली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है...

**भरथना।** लाडली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है, सुमधुर संगीतमय भजन सुनकर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालु महिला-पुरुष भक्तजन मंत्रमुग्ध होकर थिरकने पर मजबूर हो गये। साथ ही भक्तिभाव से परिपूर्ण अन्य भजनों ने धर्मप्रेमियों को आनन्दित कर आस्था में सराबोर कर दिया। रविवार की देर शाम श्री बालरूप हनुमान जी महाराज हनुमान गढी (छोला मन्दिर) परिसर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजक निशान्त पोरवाल ने पिता स्व नरसिंह गुप्ता की स्मृति में निर्मित श्रीराम सभागार को मन्दिर संस्था को समर्पित किया। सनातन धर्म प्रचारक पं मनुपुत्र दास व उनकी टीम के सदस्यों ने संगीतमयी ध्वनियों पर लाडली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है, आ ही गये हो तो बैठो प्यारे रामकथा सुनकर जाना, हे लाडली सुध लीजो हमारी, जय जय राधारमण हरि बोल, श्री राधारानी मेरी है मेरो है बरसाना, मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जायेगें राम आयेगें सहित कई मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अशोक यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अजय कुमार गुल्लू यादव, पूर्व चैयरमैन रंजना यादव, रामपाल सिंह राठौर, बृजेश गुप्ता रूपे, दिवाकांत शुक्ला, राजू चौहान, राजेश चौहान, संजीव श्रीवास्तव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बण्टू गौर, नितिन पोरवाल, शेखर राठौर, नेक्से पोरवाल, राजू माहेश्वरी, संजय माधवानी, शिवम पोरवाल, अन्नू दीक्षित, रामजी भदौरिया, राजेश यादव पण्डा, रिंकू चौहान थे।

### परिवार को मजबूत रखने के लिए धैर्य व संयम जरूरी

**महेवा, इटावा।** महेवा के ग्राम इंद्राउखी स्थित काली माता मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी अक्षरानंद जी महाराज ने बताया कि जहां आपके इष्ट या गुरु का अपमान होने की आशंका हो वहां बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। भले ही वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों ना हो। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया। जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया | परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है | इस दौरान परीक्षित रमेश सिंह सेंगर सहित हजारों कि संख्या में श्रोतागण भावविभोर होकर कथा का रसपान करते रहे।


स्वामी अक्षरानंद जी महाराज।

### करंट लगने से युवक की मौत

**इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव कीरत पुर निवासी संजीव कुमार का 19 वर्षीय पुत्र विकास सोमवार को अपने घर की बिजली सही कर रहा था तभी अचानक उसे जोर का करंट लग गया। करंट लगने से वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिवार के लोगों को जानकारी हुई तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रोहित प्रदेश अध्यक्ष व सुनील बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय कवि संगम के बुंदेलखंड प्रांत के अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने बुंदेलखंड प्रांत के नए अध्यक्ष के रूप में इटावा के युवा राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी तथा महामंत्री के रूप में चित्रकूट के कवि सुनील सौम्य के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सलाहकार के रूप में औरैया के अजय अंजाम होंगे।

श्री मित्तल ने यहां जीसी जीनियस स्कूल में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि संगम के बारे में चर्चा की। कविवर प्रदीप मिश्र सम्मान डॉ. पदम सिंह यादव पद्म को, कविवर राम प्रकाश शर्मा सम्मान डॉ. प्रत्यूष तिवारी को, कविराज रामजी लाल शर्मा वैद्य सम्मान डा जय कृष्ण तिवारी को, स्वतंत्रता सेनानी ज्योति शंकर दीक्षित सम्मान राजेंद्र दीक्षित राहतपुर को तथा चौधरी रघुराज सिंह सम्मान राम शरण गुप्ता को दिया गया। राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है वह प्रयास करेंगे कि उसका ईमानदारी से निर्वाह करेंगे।

काव्य सत्र में रवि कुशवाह, यतीश अकिंचन झांसी, अजय अंजाम, गोपाल पाण्डेय, निर्मल पाण्डेय औरैया, दिलीप कश्यप, राम मोहन शुक्ल, रोहित दीक्षित फर्रुखाबाद, सुनील सौम्य चित्रकूट, रमा कांत त्रिपाठी, अर्पित, अर्जित कानपुर देहात आदि ने काव्य पाठ किया। जनपद के कवि हरी शंकर त्रिपाठी, देवेश शास्त्री, अनुराग असफल, महाराम सिंह मृदुल, अवनीश त्रिपाठी, प्रतीक्षा चौधरी, हर्ष शर्मा, प्रशांत तिवारी, रजनीश त्रिपाठी, वीर शिरोमणि तिवारी ने काव्य पाठ किया। स्वागत कुलदीप चौधरी, रवि तिवारी ने किया। डॉ. उदयवीर सिंह, डॉ. पदम सिंह यादव पद्म, प्रधानाचार्य डॉ. सुनील दत्त अवस्थी मौजूद रहे। संचालन डॉ. कुश चतुर्वेदी ने किया।



कवि रोहित चौधरी को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

- राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अधिवेशन में हुआ चुनाव, कवियों को किया गया सम्मानित

# चोरी के सामान के साथ चार चोर हुए गिरफ्तार

- चोरी करने वालों में दो बाल अपचारी भी शामिल

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्वालियर रोड पर स्थित निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी करने वाले चार चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। चोरों में दो अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया।

कोतवाल विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि 24 मई को अंकित विशाल गौड पुत्र राकेश कुमार गौड निवासी छिपैटी ने सूचना दी गयी कि उसका मकान ग्वालियर रोड पर निर्माणाधीन है। जिसमें से चोर सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को पुलिस गस्त पर थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो चोर आजराद होटल के पास है इस सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने पुलिस ने उनके साथी अजहर पुत्र इंद्रीश निवासी गाडीपुरा असद अहमद उर्फ कल्लन पुत्र साबू निवासी नयी बस्ती टीला आजाद नगर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने दो पानी की मोटर लोहे की रिंग बैट्री के अलावा अन्य सामान बरामद कर लिया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला की हत्या का आरोप

संवाददाता लखना, इटावा

- पति सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लमपुरा में एक लाख रुपये व पल्सर की मांग पूरी न होने के चलते मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम रमऊपुरा निवासी विजय कुमार पुत्र कायम सिंह ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री शिवानी का विवाह तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के ग्राम बल्लमपुरा निवासी भवर सिंह के साथ की थी। शादी में मिले दहेज से पुत्री के ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ दिनो बाद अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए तथा पल्सर बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पुत्री का शारीरिक मानसिक उत्पीड़न करने लगे। पुत्री के बताने पर पिता गांव तथा रिश्तेदारो के साथ पुत्री की ससुराल पहुंचा और समझाकर लौट आये। गुरुवार की सुबह नौ बजे ससुरालिजनो ने 24 वर्षीय पुत्री शिवानी के साथ मारपीट करते हुए फांसी लगाकर हत्या कर दी। पुलिस ने पीड़ित विजय कुमार के प्रार्थना पत्र पर पति भंवर सिंह, सास सुख देवी, देवर उपेंद्र, ननद पिंकी चचेरा देवर शीटू, चचिया सास सुनीता के अलावा चचिया ससुर शिव कुमार के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

**प्रशिक्षण** नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों की वर्कशाप का हुआ आयोजन

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में नए शिक्षा सत्र में बच्चों के सर्वांगींण विकास के लिए शिक्षक ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में पहुंचे रिसोर्स पर्सन यश चौहान ने कहा कि हम सभी को एक नई ऊर्जा के साथ बच्चो की शिक्षा के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास व पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई में सकारात्मक भागीदारी पर ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों में पढ़ाई से दूर ले जाने वाले कारणों का पता लगाएं। ऐसे कारणों में आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई में बोरियत, टीवी और मोबाइल का ज्यादा उपयोग या ज्यादा चुनौतीपूर्ण कार्य शामिल हो सकते हैं। ऐसे में बच्चे से दोस्त की तरह बात करें और उनकी समस्याओं को समझें।

उन्होंने कहा कि कक्षा में अध्ययन के समय को आसान बनाएं। शुरुआत में कठिन अध्ययन योजना बनाने से बचें। अगर काम ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा तो बच्चे पढ़ाई से दूर भागेंगे। प्रतिदिन व्यायाम करवाएं सुनिश्चित करें कि बच्चा पढ़ाई से पहले और पढ़ाई के बाद शारीरिक गतिविधि कर रहा है। संस्था के प्रधानाचार्य आनंद ने रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षको को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षित करे इस पर ध्यान देना होगा।


रिसोर्स पर्सन यश भदौरिया का स्वागत करते प्रधानाचार्य डॉ. आनंद। अमृत विचार

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी तरह की शिथिलता न बरतें : डीएम

## मातहतों को व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के दिये दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान पश्चात नवीन गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम, सीयू व वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर 24 घंटे पालीवार ड्यूटी हेतु सुरक्षा कर्मियों को जिम्मेदारी पूर्वक सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम ने दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए इसमें किसी प्रकार की कि शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

दोनों अधिकारियों ने कहा कि स्ट्रांग रूम परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का संचालन नियमित रूप से होना चाहिए जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनकी जांच की जा सके और सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम से यह नजर रखी जाए कि प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे।

इसके बाद आगामी 4 जून को संपन्न होने वाली मतगणना कार्य को शांतिपूर्वक, निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराने के लिए मतगणना पंडाल की तैयारियों हेतु की जा रही बैरीकेडिंग आदि का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि मतगणना पंडाल एवं मंडी परिसर में आने-जाने हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप बैरीकेडिंग मजबूती से समय रहते लगाई जाएं। यह विशेष ध्यान रखा जाए कि मतगणना विधानसभा व क्षेत्रवार हो। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी मानक के अनुरूप स्थलवार सुनिश्चित की जाए जिससे किसी के द्वारा कोई अव्यवस्था उत्पन्न न की जा सके। इस अवसर पर एडीएम सदर राकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी व सुरक्षाकर्मी आदि मौजूद रहे।



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने क्षय रोगी को दी पोषण किट

**औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में गोद ली क्षय रोगी कु. कल्पना पुत्री मनीष निवासी कखावतू को पोषण किट देते हुए कहा कि दवा का नियमित सेवन करने से टीबी रोग से शीघ्र निजात मिल जाती है। उन्होंने कहा कि टीबी अब असाध्य बीमारी नहीं है। नियमित दवा सेवन करके शीघ्र इस रोग से छुटकारा पाया जा सकता है। रोगी को पौष्टिक आहार लेना चाहिए, जिससे वह कमजोरी महसूस न करे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा मौजूद रहे।

### दो लोकसभा सीटों की मतगणना की तैयारियां तेज

**औरैया।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 हेतु 42- कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 202- विधूना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 41- इटावा (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 203- दिबियापुर एवं 204- औरैया (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त प्रत्याशियों एवं निर्वाचन अभिकर्ता हॉल केंद्र नवीन मंडी स्थल औरैया में 04 जून 2024 को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हेतु 01 हॉल निर्धारित किया गया है, प्रत्येक हॉल में 14- 14 गणना मेजें लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त एक मेज सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के लिए रहेगी। इस प्रकार समस्त प्रत्याशी एवं निर्वाचन अभिकर्ता मतगणना हेतु 15-15 एजेंट नियुक्त कर सकते हैं। सभी प्रत्याशी एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा प्रारूप- 18 में गणना अभिकर्ता की नियुक्ति कर उनके दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित 01 जून तक संबंधित उप जिलाधिकारी/ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 202- बिधूना, 203 दिबियापुर एवं 204 औरैया (अ.जा.)को उपलब्ध करा दें।

## काम पर लौटे कर्मियों को जांच रिपोर्ट का इंतजार

**औरैया।** असेनी स्थित विद्युत वितरण खंड एक्सईएन कार्यालय में सोमवार को अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों ने जरूरी काम निपटाये।

बीती मंगलवार शाम को अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुये दिबियापुर डिवीजन के सभी अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारी धरने पर बैठ गए थे। सभी कर्मियों ने लगातार पांच दिनों तक एक्सईएन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुये उनके स्थानांतरण की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला प्रशासन के आला अफसरों ने विरोध पर उतारू विद्युत कर्मियों को धरना खत्म करने को कहा लेकिन विद्युत कर्मी नहीं माने। शनिवार को तीन सदस्यीय जांच टीम ने कार्यालय पहुंचकर सम्बधित कर्मियों समेत संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों के बयान दर्ज किए थे। रविवार को अवकाश की वजह कार्यालय नहीं खुला जबकि सोमवार को कार्यालय खुलने पर एसडीओ ' जेई समेत लाइनमैन और मीटर रीडर कार्यालय में जरूरी काम निपटाने में लगे रहे। हालांकि कर्मियों को जांच रिपोर्ट का इंतजार है जो संभवता एकाध दिन में आएगी। सोमवार को कार्यालय में सहमे नजर आये कर्मियों को डर है कि अगर जांच एक्सईएन के पक्ष में रही तो कर्मियों को साजिशन परेशान किया जाना तय है।



छात्रा को केक खिलातीं महिला पुलिसकर्मी व साथ में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## ...जब पुलिस बोली हैप्पी बर्थ डे

मित्र पुलिस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अचानक पहुंची पुलिस ने छात्रा के जन्मदिन का केक काटकर बनाया स्पेशल
- लोगों ने पुलिस की इस कार्यशैली की जमकर तारीफ की

**अमृत विचार।** अजीतमल पुलिस रविवार की शाम कस्बे में पैदल गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान मोहल्ला विद्यानगर में एक घर के बाहर भीड़ भाड़ थी और घर के अंदर से शोर होने की आवाज आ रही थी तो पुलिस ने भीड़ का कारण पूछा तो बताया कि घर में बेटी का जन्मदिन है।

फिर क्या पुलिस ने तत्काल केक मंगाया और बेटी के साथ केक काटा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। और अजीतमल पुलिस की इस कार्यशैली को लोग सराहना भी रहे है। रविवार की रात अजीतमल कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्बे में पैदल गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पुलिस बल मोहल्ला विद्यानगर में पहुंचे तो घर के बाहर भीड़ भाड़ देख उन्होंने भीड़ और घर के अंदर से शोर होने की आवाज आ रही थी। उन्होंने जानकारी की पता चला कि घर में बेटी का जन्मदिन है। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह ने तत्काल केक मंगाया और बेटी मनु के साथ केक काटकर उसको जन्मदिन की बधाई दी। पहले तो घर के लोग अचानक पुलिस बल देख कर परेशान हो गये लेकिन बाद में जब पुलिस बल ने मनु के साथ केक काटा तो हर किसी के चेहरे पर मुस्कान आ गई। मनु ने बताया कि वह जनता इंटर कॉलेज में बारहवीं कीं छात्रा है। जिसके बाद पुलिस ने वहां मौजूद लोगों को हेल्पलाइन नंबर और साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। पुलिस की यह कार्यशैली लोगों को खूब पसंद आई।

## किसानों ने अन्ना गोवंशों को बाजार में किया बंद

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र में अन्ना पशुओं की जबरदस्त धमाचौकड़ी से किसान परेशान हो रहे है। तमाम रखवाली के बाद भी मौका पाते ही पशुओं के झुंड किसानों की फसल बरबाद कर देते हैं। गांव भैंसोल में भी पचास से ज्यादा अन्ना पशुओं का झुंड किसानों की बीस बीघा से ज्यादा मूंग, मक्का और चरी की फसल चट कर गये, जिससे परेशान किसान एक साथ मिलकर आसपास खेतों में घूम रहे अन्ना गोवंशों को बाजार में लाकर बंद कर दिया।

फफूंद क्षेत्र के गांव भैंसोंल के किसान अन्ना पशुओं से परेशान हैं, दिन रात मक्का और मूंग व चरी की फसल की रखवाली कर रहे हैं इसके बाद भी मौका मिलते ही खुले घूम रहे पशुओं का झुंड खेतों में घुसकर फसल खा जा रहा है। परेशान किसानों ने सोमवार को खेतों में फसलों का नुकसान कर रहे पशुओं को घेर लिया और उन्हे बाजार में लाकर बंद कर दिया। किसान रामकुमार सियाराम, संतोष, सुखवास राजकुमार, राम बहादुर, धर्मेंद्र दोहरे, ब्रजेंद्र दिवाकर, लालू सविता आदि ने बताया की अन्ना पशुओं ने बीस बीघा से अधिक मूंग,चरी और मक्का की फसल को नष्ट कर दिया है। तमाम बार गोवंश को गौशाला भिजवाने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। क्षेत्र में सौ से अधिक सांड़ और गौवंश अन्ना घूमकर फसल खा जा रहे हैं, जिससे वह बेहद परेशान हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का अवकाश घोषित

**औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश ने ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान जनपद की सभी शिक्षण संस्थाएं बंद रहने (प्रा.वि.एवं ,जू. हा.स्कूल) के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केंद्रों को भी 21 मई से 15 जून 2024 तक 03 वर्ष से 06 वर्ष का अवकाश घोषित किया है। यह जानकारी वीरेंद्र कुमार ने देते हुए बताया है कि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालयों में संचालित है जिनके बंद होने से डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व की भांति खुले रहेंगे तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका केंद्र पर मौजूद रहेंगी।

## सैकड़ों गांवों की डेढ़ घंटे तक गुल रही बिजली

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना सब स्टेशन से अछल्दा की 33 केवीए की लाइन में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे ब्रेकडाउन हो गई। इससे कस्बे के साथ क्षेत्र के फीडर से जुड़कर सैकड़ों गांवों में बिजली लगभग डेढ़ घण्टे तक ठप रही। इसके बाद लाइन सही करके लगभग दोपहर 3 बजे सप्लाई चालू हो सकी।

सोमवार को बिधूना से अछल्दा आई 33 केवी की हाईटेंशन लाइन बरके का पुरवा के पास ब्रेकडाउन हो गई। जिससे अछल्दा उपकेंद्र की सप्लाई ठप हो गई थी। अछल्दा उपकेंद्र से रुरुगंज फीडर,गुनौली फीडर,मुहम्मदाबाद फीडर व अन्य फीडर से जुडे सैकड़ों गांवो में सप्लाई ठप हो गई। इससे बैसोली, छछुंद, तेजपुर,मुहम्मदाबाद, बझेरा, गुनौली, मुखेकीमड़ैया , दिलीपपुर,



लाइन सही करते विद्युत कर्मी।

- 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन होने के चलते नहीं आयी बिजली, बनने के बाद हुई चालू

तुरुकपुर सहित सैंकड़ों गांवो की सप्लाई बाधित हो गई है। जेई प्रभु दयाल ने बताया कि बिधूना पावर हाउस में 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन से विद्युत सप्लाई ठप हो गई थी। सूचना पर पहुंचे जेई प्रभु दयाल व कर्मचारियों द्वारा सही करा दिया गया व 3 बजे तक सप्लाई चालू हो गई थी।

**उधर अछल्दा कस्बा** के हरी गंज बाजार में मेन रोड व गलियों में लगे क्षतिग्रस्त पोल को बदलने के लिए सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे हरी गंज बाजार की लाइट काट दी गई। बिना सूचना दिये बिजली काटे जाने पर हरी गंज बाजार के लगभग 250 उपभोक्ताओं के 2000 लोग भीषण गर्मी में बिलबिलाते नजर आए। लगभग साढ़े पांच घण्टे बाद सोमवार शाम साढ़े 5 बजे हरी गंज बाजार की बिजली चालू हुई तब जाके हरी गंज बाजार के उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। हरीगंज बाजार के लोगों का कहना है कि काफी देर कार्य चलने से पहले विद्युत विभाग को सूचना देनी चाहिए थी। जेई प्रभु दयाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से हरी गंज बाजार की बिजली बंद की गई थी,आगे से सूचना देकर कार्य कराया जाएगा।

### धूप की तपिश से घरों में दुबकने को मजबूर हैं लोग

**ककोर,औरैया।** मई माह में ही सूर्य देवता ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। जिसके कारण सूर्य देवता की तीव्र किरणे तन को झुलसाने का काम कर रही हैं। जिसके साथ ही शरीर की नमी भी सूख रही है। इस समय घर की छत आग की भट्टी बन गई है। इस समय सुबह 9 बजे के बाद घर से निकलना दुश्वार हो रहा है। घर के अंदर पंखे कूलर सब कुछ नाकाफी साबित हो रहे हैं। लोग घर से निकलते ही छांव की तलाश में रहते हैं। बढ़ती तपिश के कारण गला भी सूखने लगता है। इस समय भगवान भास्कर की किरणें शरीर में बाण की तरह चुभ रही हैं। अब लोगों ने सुबह टहलना कम कर दिया है। घर से बाहर निकालने की इच्छा न होने के बावजूद भी मजबूरी बस लोगों को जाना पड़ता है। सरकारी तथा निजी कार्यालय दुकान पर जाने के लिए लोगों को गर्मी का एहसास होता है, और दफ्तर पहुंचते ही पसीने से लथपथ हो जाते हैं। दोपहर 12 बजे से शाम 4 :00 बजे तक इस समय पर तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिन घरों में एयर कंडीशनर लगे हुए हैं उनके घर में लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। पंखा गर्म हवा फेंक रहे हैं। कूलर में लोगों को राहत नहीं मिल रही है। लोग बच्चे इधर-उधर शीतल पेय के लिए भटकते नजर आ रहे है रास्ते में पेय ,शरबत जूस को भी ढूंढ रहे हैं। जबकि अत्यधिक गर्मी लगने से थकान महसूस देखी जा रही है। इस भीषण गर्मी में इंसान के साथ पशु पक्षी भी परेशान है।सभी राहत पाने के लिए पानी को ढूंढते दिखते हैं।लोगों को सावधानी बरतनी शुरू कर दी है, जिससे कहीं कोई समस्या ना हो।



जानकारी देते डॉ. मनोज कुमार

## एंबुलेंस की टक्कर से दो वर्षीय बच्चे की मौत

संवाददाता ककोर,औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे में करीब दो वर्ष के बच्चे की मौत हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कामिनी बेगम अपने बेटे फैज को सौ सैय्या अस्पताल में दिखाकर वापस लौट रही थी। वह जैसे ही ऑटो से उतरकर रोड क्रॉस करने लगीं तभी दिबियापुर की ओर से आ रही 112 एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। जिससे फैज अपनी मां कामिनी बेगम की गोद से छिटककर दूर जा गिरा और मां भी गिर पड़ी जिससे दोनों को सिर में चोट लग गई। आनन फानन में दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत होने के कारण बच्चे की मां को सौ सैय्या चिचौली अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि एंबुलेंस की टक्कर के बाद बच्चे के सिर से खून बहने लगा। पति सलीम ने बताया पत्नी कामिनी बेगम 2 वर्ष के बच्चे सैफ को दवा दिलवाने चिचौली अस्पताल से लेकर घर वापस आ रही थी। तभी एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। चालक एंबुलेंस छोड़कर मौके से फरार हो गया।



अस्पताल में मौजूद भीड़ व जांच पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

- दिबियापुर के जनता इंटर कॉलेज के सामने हुआ हादसा

### युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी रघुवीर सिंह सेंगर ने अपनी पुत्री पूजा की शादी लगभग एक दशक पूर्व कमास एटा निवासी विक्रम सिंह के साथ की थी। पूजा बीते एक सप्ताह पूर्व अपने मायके रतनपुर आई थी। सोमवार को विक्रम पूजा को लेने अपनी ससुराल पहुंचा। तभी पति पत्नी में विवाद होने लगा। आरोप है कि इसी बीच विक्रम ने पूजा पर तमंचे से फायर करने का प्रयास किया लेकिन पूजा ने भाग कर अपनी जान बचाई। बाद में विक्रम ने तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोलीकांड से गांव में सनसनी फैल गई।

## स्वास्थ्य केंद्र के वाटर कूलर खराब, भटक रहे मरीज

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र में लगी कोल्ड वाटर मशीन छह माह से खराब पड़ी हुई है, अस्पताल में आने वाले मरीज ठंडे पानी के लिए भटक रहे हैं।

वहीं अस्पताल में लगा हैंडपंप ही प्यास बुझाने का जरिया बन हुआ है। भीषण गर्मी में भी इसकी मरम्मत के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे लोगों में आक्रोश है। फफूंद कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को ठंडा पानी मिल सके, इसको लेकर वर्ष 2022 में फफूंद निवासी राजस्थान के झुंझनू विश्व विद्यालय की कुलपति रही प्रमोदिनी दुबे ने अपने माता, पिता की पुण्यतिथि पर अस्पताल में कोल्ड वाटर मशीन लगवाकर उसे अस्पताल को समर्पित कर दिया था। इससे मरीजों, तीमारदारों और राहगीरों को गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध हो रहा था। छह माह पूर्व मशीन में खराबी आ गई और वह चलना बंद हो गई। स्वास्थ्य विभाग भी उसको सही कराने के लिए कोई गौर नहीं कर रहा है और भीषण गर्मी में अस्पताल आने वाले मरीज और तीमारदार ठंडे पानी को भटक रहे।

## सार-संक्षेप



केक काटते चेयरमैन और सभासद। अमृत विचार

### नगर पंचायत का एक साल पूरा होने पर काटा केक

**ककोर,औरैया।** दिबियापुर नगर पंचायत का एक साल का कार्यकाल आज पूरा हो गया है। जिसमें सभी सभासद को नगर पंचायत कार्यालय में बुलाया गया था। एक साल के कार्यकाल पर कराए गए विकास कार्यों की रूपरेखा पर फोकस किया गया। जिन वार्डो में जो काम बाकी बचे हुए हैं उन पर भी तेजी से अमल लाया जाएगा और जल्द ही विकास कार्यों को गति दी जाएगी। बरसात से पहले सभी वार्डों की नालियों की विधवत सफाई व्यवस्था पूरी कर दी जाए। आचार संहिता की बाद विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। वहीं एक साल पूरे होने पर पार्टी में केक काट कर मनाया गया।

### जानलेवा हमला के आरोपी को भेजा जेल

अयाना। उप निरीक्षक नसीरुद्दीन ने सोमवार सुबह जसवंतपुर में दबिश देकर जानलेवा हमला के आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। थान प्रभारी जयप्रकाश ने बताया कि 24 मई को खेत में बकरी जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें शिववीर सिंह की तहरीर पर करन सिंह, जवर सिंह, कुलदीप, सौरभ, रवि के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को जेल भेजा गया।



विधायक का स्वागत करते ग्रामीण अमृत विचार

### 31 मई को होगा विशाल भंडारा

**कंचौसी, औरैया।** ढिकियापुर गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं के साथ समाजवादी पार्टी की बिधूना विधायक रेखा वर्मा और जिला पंचायत सदस्य समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव भी समलित हुए। इस मौके पर विधायक रेखा वर्मा ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का हम सभी लोगों को कुछ समय निकाल कर श्रवण अवश्य करना चाहिए। जिससे जीवन रूपी गाड़ी सही ढंग से चल सके। इस मौके पर डॉ नवीन वर्मा, प्रधान अनमोल यादव, भागवत कथा के आयोजक परीक्षत बाबा राजकिशोर रामकली ,भूरा राजपूत, भगवानदीन, टुल्ली खान, सुबराती, फिरोज खान,सुदामा प्रसाद यादव, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मंटू गुप्ता, सूरज नाथ सपेरा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।कथा के आयोजक बाबा राजकिशोर ने बताया की कथा का समापन 30 मई और भंडारा 31 मई को होगा।

चंबल क्रिकेट सीजन-3

रामजी और कपिल को मिला मैन आफ द मैच का पुरस्कार, मैच देखने को भारी संख्या में पहुंच रहे लोग

## दूसरे राउंड में माधौगढ़ व मरदानपुरा ने हासिल की जीत

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के दसवें दिन चौरेला ग्राउंड पर माधौगढ़ और कुंदौल टीमों के बीच दूसरे राउंड का मुकाबला हुआ।

माधौगढ़ ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी कुंदौल टीम निर्धारित 12 ओवर में से 11 ओवर में महज 53 रन पर ही आल आउट हो गयी. कुंदौल खिलाड़ी विकास ने सर्वाधिक 1 छक्का 1 चौका सहित 16 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी माधौगढ़ टीम ने 4.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान से जीत हासिल की। माधौगढ़ टीम के कप्तान हिमांशु नाबाद रहकर 3 छक्का 1 चौका सहित 26 रन बनाए। माधौगढ़ टीम के खिलाड़ी रामजी 2 ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट लेकर मैन आफ़ द मैच रहे रामजी को चित्तर सिंह परिहार ने ट्राफी से सम्मानित किया।

चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के दूसरे राउंड की कड़ी में दूसरा मैच मरदानपुरा और ललूपुरा टीमों के बीच हुआ।मरदानपुरा ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षणकिया। बल्लेबाजी करने उतरी ललूपुरा टीम 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान से 102 रन बनाए. ललूपुरा टीम के खिलाड़ी विवेक ने 3 छक्का और 4 चौका लगाकर 39 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी मरदानपुरा 9.2 ओवर में 107 रन बनाकर विजई रही। कपिल ने नाबाद 3 छक्का 3 चौका लगाकर 41 रन बनाने के साथ 3 विकेट लेकर मैन आफ़ द मैच रहे। मरदानपुरा खिलाड़ी कपिल को ट्राफी कृपा शंकर और अशोक दुबे ने प्रदान किया।



रामजी को मैन आफ़ द मैच की ट्रॉफी देते चित्तर सिंह परिहार। अमृत विचार

- चित्तर सिंह, कृपा शंकर व अशोक दुबे ने दी मैन आफ द मैच की ट्राफी

## वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के करके का पुरवा में सोमवार दोपहर को एक वृद्ध की अचानक से तबीयत बिगड़ गयी। परिजन उसे सीएचसी अयाना लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने लू लगने से मौत होना बताया है।

करके का पुर्वा निवासी शिवपूजन ने बताया कि चाचा साधू 70 वर्ष जन्म से दिव्यांग थे। सोमवार दोपहर को वह अपने कमरे में लेटे थे। इसी बीच उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टियों के साथ तेज बुखार आ जाने पर परिजन उन्हें सीएचसी अयाना लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। शिवपूजन ने बताया कि लू लगने से चाचा की मौत हुई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि वृद्ध की लू लगने से मौत नहीं हुई।

## एक नजर

### अखिलेश और राहुल की संयुक्त चुनावी सभा आज

अमृत विचार, लखनऊ: सपा प्रमुख अखिलेश यादव, व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मंगलवार को कुशीनगर में प्रत्याशी अजय प्रताप के पक्ष में प्रचार करेंगे वहीं, देवरिया में वह प्रत्याशी सदल प्रसाद के समर्थन में संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद दोनों वाराणसी में संयुक्त जनसभा में शामिल होंगे।

### रविशंकर प्रसाद के लिए वोट मांगेगे योगी

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को उत्तर प्रदेश समेत बिहार के भी दौरे पर रहेंगे। उनकी पहली जनसभा गोरखपुर दूसरी जनसभा मीरजापुर में होगी। उनकी तीसरी जनसभा बिहार के पटना के फतुहा में होगी। यहां वे पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के पक्ष में कमल खिलाने का आह्वान करेंगे।

# वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्ग भी वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े

**4** हजार बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन बनी | **75** वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं प्रदेश में | **65** सौ बुजुर्ग रह रहे हैं इन वृद्धाश्रमों में | **100** से अधिक के पास नहीं हैं आधार कार्ड | **9** लाख 12 हजार 772 पेंशनर्स बढ़े एक वर्ष में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ मिलने लगा है। पेंशन दिए जाने के समाज कल्याण निदेशालय के प्रस्ताव पर शासन की मंजूरी के बाद करीब चार हजार बुजुर्गों को पेंशन बन गई है। वृद्धावस्था पेंशन के तहत इन बुजुर्गों को पहली तिमाही की तीन हजार रुपये पेंशन जून में उनके खातों में पहुंच जाएगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। जहां बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय दिया जाता है। इन 75 वृद्धाश्रमों में लगभग 65 सौ बुजुर्ग रह रहे हैं। उनके जीवन का स्तर सुधारने के लिए समाज कल्याण निदेशालय की ओर से उन्हें वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का प्रस्ताव तैयार कर फरवरी में शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत के अनुसार पेंशन देने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की पेंशन बनवाने का काम तेजी से शुरू हो चुका है। अब तक करीब चार हजार बुजुर्गों की पेंशन बन चुकी है। इसके लिए वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं।

### शासन स्तर पर चल रही वार्ता

अमृत विचार: वृद्धाश्रमों में रहने वाले अन्य बुजुर्गों को भी जल्द पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। वृद्धाश्रमों में करीब सौ से अधिक ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनके आधार कार्ड विभिन्न कारणों से अभी तक नहीं बन पाए हैं। निदेशालय से इनके आधार कार्ड बनवाने के लिए भी शासन स्तर पर वार्ता चल रही है। निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि अंगूठा में कुछ दिक्कत होने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। आधार कार्ड बनवाने के अन्य मानकों के अनुसार प्रयास किया जा रहा है।

### एक लाख से अधिक लोग कर चुके हैं आवेदन

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने के लिए लोगों ने आवेदन करना शुरू कर दिया है। अभी तक एक लाख से अधिक लोग आवेदन कर चुके हैं। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 55 लाख 68 हजार 590 लोगों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया था। उक्त वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी और अंतिम तिमाही में इनकी संख्या बढ़कर 55,68,590 हो गई थी। एक वर्ष के भीतर ही पेंशनरों की संख्या 9 लाख 12 हजार 772 बढ़ी थी। सबसे अधिक पेंशनर्स प्रतापगढ़ में बढ़े थे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सत्यापन कराया जाएगा। मानक पूरा करने वाले सभी बुजुर्गों को पेंशन दी जाएगी।

# आरोपित अपर निदेशक पशुपालन की जांच लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**कर्मचारियों का उत्पीड़न और नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने जैसे लगे हैं कई आरोप**

**अमृत विचार:** पशुपालन विभाग के एक अपर निदेशक (एडी) की जांच लंबित है। शासन से कमेटी तक नहीं बन पाई है। उन पर कर्मचारियों का उत्पीड़न और नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देना जैसे कई आरोप हैं।

मार्च में अपर निदेशक द्वारा बीकेटी के राजकीय पशु चिकित्सालय पर तैनात चतुर्थश्रेणी कर्मी राजेंद्र को गलत तरह से कार्यालय में संबद्ध किया गया और धमकी देकर घर से कार्य कराए। विरोध करने पर वेतन रोक दिया। राजेंद्र के बाद इसी अस्पताल पर तैनात डिप्टी सीवीओ डॉ. एसके राय को कार्यों की प्रगति कम बताकर नियमविरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। जबकि प्रतिकूल प्रविष्टि देने का अधिकार शासन को है। बाद में इस पत्र में तारीख संशोधित कर दोबारा जारी किया गया।

इससे पहले महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न की शिकायत की थी। इन सभी मामलों की जांच कराने के लिए 24 अप्रैल को निदेशालय से शासन को पत्र भेजा था। निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि शासन स्तर से प्रक्रिया होनी है।

# शिक्षकों के अभाव में नहीं चल सकेंगे मेडिकल कॉलेज

## एनएमसी ने दिए हैं निर्देश, सरकारी या निजी कॉलेजों को दो महीने रिक्त पदों पर करनी होगी नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज, आगामी सत्र में बिना शिक्षकों की संख्या पूरी किये नहीं चल सकेंगे। उन्हें मानक के अनुरूप शिक्षकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स, डिमास्ट्रेटर व ट्यूटर आदि के पद पर हर हाल में नियुक्ति करनी होगी। ये मानक दो माह में पूरे करने के निर्देश नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने दिये हैं।

प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज ही नहीं, तमाम सरकारी मेडिकल कॉलेज भी एनएमसी द्वारा निर्धारित मानकों को धता बताते हुए संचालित हो रहे हैं। एनएमसी के निरीक्षण दौरान दूसरे कॉलेज से शिक्षकों को बुलाकर मानक पूरे किये जाते हैं। यह स्थिति अधिकांश सरकारी मेडिकल कॉलेजों की है, इतना ही पीजी पाठ्यक्रम की सीटों की मान्यता के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों को स्थानान्तरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेजों की यह तिकड़मबाजी अब नहीं चलेगी।

**एमबीबीएस पढ़ाना है तो शिक्षकों की संख्या रखनी होगी मानक के अनुरूप**

एनएमसी ने पहली बार ऑन लाइन मानकों का न केवल निरीक्षण किया बल्कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस की गहनता से जांच की, भारी लापरवाही मिलने पर अर्थदंड लगाया गया है। जांच में उन्होंने शिक्षकों में प्रोफेसर, एसिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रवक्ता के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स व नॉन क्लीनिकल डिमास्ट्रेटर व ट्यूटरों की संख्या का निरीक्षण किया है, मानक अनुरूप संख्या न मिलने पर हर कॉलेज प्रशासन को सफाई देने का मौका भी दिया, आखिरकार कॉलेज प्रशासन द्वारा खामियां स्वीकारने के बाद अर्थदंड लगाया गया।

अर्थदंड के दायरे में राजधानी के केजीएमयू, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ दो दर्जन से ज्यादा सरकारी मेडिकल कॉलेज आ चुके हैं, जिन पर कम से कम दो लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार एरा मेडिकल कॉलेज समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा निजी मेडिकल कॉलेजों पर भी जुर्माना लगाया गया है।

अर्थदंड जमा करने की अनुमति मांगी: आधे-अधूरे संसाधनों के साथ संचालित होने वाले मेडिकल कॉलेजों ने एनएमसी द्वारा लगाए गए अर्थ दंड को जमा करने की अनुमति शासन से मांगी है। विभिन्न मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि दो माह में मानक पूरे करने के साथ ही एक सप्ताह में अर्थदंड जमा कर देंगे।

### पांच मेडिकल कॉलेज को मिले स्थायी प्रधानाचार्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** मानक पूरे न होने से मेडिकल कॉलेजों पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा लगाए जुर्माने के बाद, कॉलेज प्रशासन के साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। सोमवार को विभाग ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे चलने वाले प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिये हैं। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मेरठ मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर को पीलीभीत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बस्ती के प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार को उसी कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को शहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में और गुजरात के मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजेश मोहन को सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। इसके अलावा बहराइच मेडिकल के प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री को, उसी कॉलेज में अगले तीन साल के लिए पुन: नियुक्त कर दिया गया है। मालूम हो कि कई मेडिकल कॉलेज कार्यवाहक प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। आचार संहिता के चलते नियुक्ति प्रक्रिया रुक गई थी, चयनित प्रधानाचार्यो निर्वाचन आयोग की संस्तुति के बाद नवनियुक्त प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गये हैं।

# अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी



संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिवक्ता।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी कचहरी के निकट रामआसरे वाटिका में अधिवक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने देश व समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है, पीएम मोदी अधिवक्ताओं की प्राथमिकता में हैं और अधिवक्ता उनकी प्राथमिकता में हैं।

योगी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। इस वर्ग ने देश की ज्वलंत समस्याओं से खुद को कभी अलग नहीं किया, बल्कि चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए सदा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा। अधिवक्ता समुदाय देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम पंक्ति में था।

### अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण को दी धनराशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें भी न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाना पड़ता था। उनके चैंबर को देखकर लगता था कि यह दूसरों के लिए लड़ते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में ही काम करते हैं। चैंबर में ही दिन में ही सूरज और चांद दिखाई देते थे, फिर भी मौसम की परवाह किए बिना अधिवक्ता काम करते थे। फिर हमने कहा कि यदि कोर्ट का भवन बनेगा तो अधिवक्ता के चेंबर को भी इससे जोड़ा जाए। बेंच और बार में संतुलन होना चाहिए। अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण के लिए भी सरकार ने धनराशि उपलब्ध कराई।

## धर्म दर्शन

# परम पुनीता सरयू नदी



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यह एक पौराणिक ऐतिहासिक सत्य है कि भारत ही नहीं वरन् विश्व के करोड़ों राम भक्तों की दृष्टि में आधुनिक अयोध्या नगरी सहसा अत्यंत आकर्षण का केंद्र बन गई है। अयोध्या पुरी की सुसंपन्नता और सुरक्षा में पुण्यतोया सरयू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निम्नलिखित पंक्तियों में सरयू नदी के सांस्कृतिक-साहित्यिक इतिहास का अति संक्षिप्त रेखांकन वर्णित है-

ऋग्वेद (4/13/18) में देवराज इन्द्र द्वारा सरयू के तट पर अपने दो प्रतिद्वंद्वियों के वध का उल्लेख है। ऋग्वेद (4/30/18; 5/53/9 तथा 5/53/9) इसका नाम आया है। यदु और तुर्वससु के द्वारा इस नदी को पार करने का उल्लेख हुआ है। पाणिनि की अष्टाध्यायी (6/4/174) में भी इसका उल्लेख हुआ है। यों तो भौगोलिक दृष्टि से इसके सरयू, शारदा, काली, घाघरा कई नाम हैं, किंतु प्रारम्भ और अंत का 'सरयू' नाम ही अधिक लोक श्रुति है। हमारे प्राचीन साहित्य में सरयू नाम ही बहुप्रचलित या प्रयुक्त हुआ है। हिमालय की उपत्यका में आधुनिक उत्तरांचल के बागेश्वर जनपद में इसका उद्गम स्थल है। बाद में उत्तर प्रदेश से कटकर उत्तरांचल राज्य बनने के बाद पिथौरागढ़ में ही उसके अतिरिक्त बागेश्वर और चंपावत दो और नए जनपद बन गए हैं। बागेश्वर से निकलकर उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में गंगा नदी में विलीन हो जाने वाली लगभग 350 किलो मीटर लंबी इस नदी के तटवर्ती उत्तर प्रदेश के बहराइच, सीतापुर, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, दोहरीघाट तथा बलिया जनपद या शहर स्थित हैं। अचिरवती अथवा राप्ती नदी इसकी प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी आधुनिक देवरिया जनपद के बरहज नामक स्थान पर स्वयं को सरयू में विलीन कर देती है। इसके पूर्व अचिरवती या राप्ती अपने में आमी और जाह्नवी नदियों को स्वयं में समाहित कर चुकी होती है। आदि महाकवि वाल्मीकि कृत रामायण में सरयू तीरे स्थित धन-धान्य (अन्न-धन) से सुसंपन्न, सुविस्तृत कोसल नामक महान जनपद की राजधानी अयोध्यानगरी को बसाने का श्रेय स्वयं मानवेन्द्र मनु महाराज को दिया गया है: 'कोसलोनाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान,

निविष्टः सरयू तीरे प्रभूत धन-धान्यवान्।
अयोध्या नाम नगरी तत्र सील्लोक विश्रुता,
मनुना मानवेद्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्।।
(वाल्मीकि रामायण, 5.19)


वाल्मीकि रामायण (अयोध्या कांड 63,20-21-36) में ही अयोध्या के निकटवर्ती वन में शिकार खेलने गए राजा दशरथ के द्वारा भ्रम वश अंधे माता-पिता के लिए सरयू जल लाने गए, मातृ-पितृभक्त श्रवण कुमार के वध और शापित होने का वर्णन है। संस्कृत साहित्य के महाकवि कालिदास के 'रघुवंश' महाकाव्य (13/63) में भगवान श्रीराम, सरयू नदी को अपनी जन्मदात्री मां के समान पूजनीय मानते हैं। काल की गति विचित्र होने के साथ ही सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान तथा सतत परिवर्तनशील है। कतिपय भू वैज्ञानिकों की मान्यता है कि यदि समय रहते विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो सरयू नदी का अस्तित्व ही खतरे में है।

# आत्म- बोध



सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः प्रतिधीयते। अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म।।

पुत्र पिता का ही आत्मस्वरूप होता है। यह पुत्र जब कार्य करने योग्य हो जाता है, तब पिता उसको अपना प्रतिनिधि बना देता है। गृहस्थी का पूरा दायित्व उस पर छोड़ कर अपने को कृतकृत्य समझता है। तदनंतर इसका यही पितृरूप आत्मा वृद्धावस्था मे पहुंचकर शरीर छोड़कर विदा होता है। इसके बाद वह कर्मानुसार जहां जिस योनि मे जन्म लेता है, वह इसका तीसरा जन्म है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस प्रकार संसरण करता हुआ अर्थात् संसार मे उत्पन्न होता हुआ, जन्म मरण रूप परंपरा पर आरूढ़ हुआ, जन्म-जन्मांतर मे जिस समय जिस किसी अवस्था मे वह अपनी आत्मा को जान लेता है, उसी समय वह संसार के संपूर्ण बंधनों से मुक्त होकर कृतकृत्य हो जाता है।

यही बात ऋषि ने भी कही है। ऋषि वामदेव को गर्भ मे रहते हुए माता के उदर मे ही यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो गया था। उन्होंने वहीं कहा था, अहो! कितने आश्चर्य और आनंद की बात है कि गर्भ मे रहते रहते मैंने इन अंतः करण और इंद्रिय रूप देवताओं के अनेक जन्मों का रहस्य भलीभांति जान लिया। मैंने इस बात को भी जान लिया कि यह जन्म वाक् एवं अग्नि आदि इंद्रिय और अंतः करण के ही होते हैं, आत्मा के नहीं। इस रहस्य को समझने के पहले मुझे लोहे के समान सैकड़ों कठोर शरीरों ने अवरुद्ध कर रखा था। इन शरीरों मे मेरी ऐसी अहंता हो गई थी कि शरीर बोध से छूटना मेरे लिए कठिन हो रहा था। अब मैं जाल को काटकर वेग से उड़ जाने वाले बाज पक्षी के समान आत्मज्ञान जनित सामर्थ्य के द्वारा उस शरीर बोध से निकलकर बाहर आया हूं। वामदेव ऋषि ने गर्भ मे शयन करते समय ऐसा ही कहा था।


## वर्ग पहेली-83

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बांधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहूकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।



### वर्ग पहेली -82 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | ■ | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## सुडोकू -162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | 9 | | 2 | | | | 7 | |

### सुडोकू -161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 28 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15.23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग

(कुंडली: 3, 4, गु., 1 बु., मं., 12, रा., शु. सू. 2, 5, 11, श., 8, के. 6, 7, 9, 10 चं.)

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 09.33 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। नया काम शुरू करने का उत्साह रहेगा। घर के कार्यों में भी आप विशेष रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपको प्रशंसा मिल सकती है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को इच्छित स्थान पर स्थानान्तरण मिल सकता है।

**वृष:** आज आप कहीं घूमने के विचार में रहेंगे। कई दिनों का तनाव शांत होने से मानसिक प्रसन्न रहेगी। कृषि कार्य से जुड़े लोग कुछ परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपने उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। जीवनसाथी की सलाह आपको कार्यक्षेत्र में काफी सहायक होने वाली है।

**मिथुन:** आज निर्माण कार्यों में अचानक रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जिसको लेकर आपके पास पूरी सूचना नहीं है। आज आपको धैर्य और साहस का परिचय देना होगा। बवासीर और कब्ज के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**कर्क:** आज व्यवसाय में नई पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। आप अपनी तरफ से लोगों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी छवि काफी अच्छी हो सकती है। जो लोग आपसे नाखुश थे, वे भी आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

**सिंह:** आज पिछले सप्ताह की कई परेशानियों को आप आज सुलझा सकते हैं। काम का दबाव बढ़ने से आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं। आपके कुशल प्रबंधन और जिम्मेदारी लेने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे।

**कन्या:** आज तनाव और थकान का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम करने का मन नही करेगा। आपको योग और ध्यान का सहारा लेना चाहिए। व्यवसाय में आप कुछ नई नीतियों पर काम करने का प्रयास करेंगे।

**तुला:** आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे। भविष्य को लेकर लापरवाही पूर्ण रवैया अपना उचित नहीं है। बौद्धिक प्रकृति के लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर के उपकरणों का मेन्टीनेंस करवाते रहें।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जिन कार्यों में आपको आनंद आता है, आप उसमें स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करेंगे। स्वजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का भी आप प्रयास करेंगे।

**धनु:** आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। परिस्थितियां कुछ नकारात्मक सी रहेंगी। आप जो नहीं चाहते हैं उन कार्यों में भी आपको संलग्न होना पड़ सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। उधार लेन-देन आपको काफी नुकसान दे सकता है।

**मकर:** आज मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके अनुकूल रहेंगे। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। योग और जीवनशैली जैसे विषयों को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। गठिया रोगियों के दर्द का निवारण हो सकता है।

**कुंभ:** आज अनावश्यक विचारों से मन कुछ अशान्त हो सकता है। व्यवसायी लोग अपने अपनी दुकान या शोरूम आदि में अग्नि आदि से सुरक्षा के मानकों पर ध्यान दें। आज आपको काम से ज्यादा प्रबन्धन पर ध्यान होगा। यात्रा के दौरान सेहत कुछ गड़बड़ हो सकती है।

**मीन:** आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिजन आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग आज घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिये आप कुछ महंगे उत्पादों पर धन निवेश कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
चाइना गेट — सुबह: 09.47
जागृति — दोपहर: 02.48


Sony Pix:
जर्नी 2 — सुबह: 11.09
जॉन रैम्बो — रात: 07.26

&pictures:
बवाल — सुबह: 10.47
बंगाल टाइगर — शाम: 04.53

Zee Cinema:
हमारी अधुरी कहानी — सुबह: 10.20
लाडला — रात: 07.10

Colors Cineplex:
रंगीला — सुबह: 11.39
ओम शांति ओम — शाम: 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह: 10.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...



## अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जीत की हैट्रिक में कई चुनौतियों से पड़ रहा जूझना

# जाति-बिरादरी के जाल से वोट बैंक बचाने की चुनौती

- भाजपा से सपा में आए सांसद रमेश बिंद से मिल रही है कड़ी चुनौती तो बसपा ने भी लगा रखा है ब्राह्मण चेहरे पर दांव
- बहन पल्लवी पटेल अपने प्रत्याशी के जरिए कुर्मी वोटों में सेंध लगाने की कोशिश में, राजा भैया ने भी बढ़ा रखी है मुसीबत

मिर्जापुर लोकसभा सीट

मनोत्र त्रिपाठी

**अमृत विचार।** अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध मिर्जापुर संसदीय सीट पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाना बहुत आसान नजर नहीं आ रहा है। इसकी वजह यह है कि मिर्जापुर में सबसे ज्यादा पटेल मतदाता हैं। इसके बाद ब्राह्मण और बिंद मतदाताओं की बहुलता है। अब हुआ यह है कि अनुप्रिया पटेल को यहां अपनी बहन के कारण अगर पटेल जाति के प्रत्याशी का सामना करना पड़ रहा है, तो सपा ने उनके सामने भाजपा के बिंद बिरादरी के सांसद को उतार दिया है। इन सबके बीच बसपा के ब्राह्मण जाति के उम्मीदवार ने वोटों का जातीय समीकरण और उलझा रखा है। ऐसे में माना जा रहा है कि मिर्जापुर में त्रिकोणीय और कई इलाकों में चतुष्कोणीय संघर्ष के बीच अनुप्रिया पटेल को इस बार मोदी और योगी के नाम और काम के सहारे जातीय बिसात के जाल से बाहर निकलने की चुनौती से जूझना पड़ रहा है।

मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद रमेश बिंद मिर्जापुर में सपा की साइकिल पर सवार होकर अनुप्रिया को चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने यहां ब्राह्मण मनीष तिवारी को उतार रखा है। इस लड़ाई में अनुप्रिया की विधायक बहन पल्लवी पटेल ने अपना दल कमेरावादी से दौलत सिंह पटेल पर दांव लगाकर पटेल वोटों में सेंध लगा दी है।

हालांकि अनुप्रिया के लिए राहत की बात यह है कि लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा है। 2022 में मिर्जापुर सदर, चुनार और मड़िहान में भाजपा जीती थी। मझवां सीट निषाद पार्टी और छानबे सीट अपना दल के पास है। पिछले चुनाव में अनुप्रिया के साथ एनडीए का कोर वोट बैंक ब्राह्मण, क्षत्रिय और कुर्मी साथ था। लेकिन इस बार हर जगह ऐसा नहीं दिख रहा है। कुर्मी वोट बैंक में दौलत पटेल सेंध लगाने की दौड़भाग कर रहे हैं। ब्राह्मणों के एक वर्ग का रुख बसपा की तरफ झुकता नजर आ रहा है। राजा भैया पर बयान देने से क्षत्रिय मतदाताओं में नाराजगी है। मिर्जापुर में डेढ़ लाख से ज्यादा ब्राह्मण और एक लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। कुर्मी मतदाता पौने तीन लाख माने जाते हैं। इस वोट बैंक को संभालने में अनुप्रिया को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।



रमेश बिंद।



अनुप्रिया पटेल।

### बहन की चुनौती पड़ रही भारी

- अनुप्रिया पटेल को पारिवारिक विरासत की जंग में अपनी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की विधायक पल्लवी पटेल की चुनौती परेशान कर रही है। अनुप्रिया की हार के लिए पल्लवी पूरा जोर लगा रही हैं तो अनुप्रिया यह साबित करने में जुटी हैं कि पिता सोनेलाल पटेल की वास्तविक वारिस वही हैं। पल्लवी ने अपने पीडीएम फार्मूले के तहत ही यहां दौलत सिंह पटेल को मैदान में उतारा है। वे कुर्मी मतदाताओं में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

### 2019 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपना दल-एस | अनुप्रिया पटेल | 5,91,564 | 53.34 |
| सपा | राम चरित्र निषाद | 3,59,556 | 32.42 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 91,501 | 8.25 |

### 2014 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपनादल-एस | अनुप्रिया पटेल | 4,36,536 | 43.32 |
| बसपा | समुद्र बिंद | 2,17,457 | 21.58 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 1,52,666 | 15.15 |
| सपा | सुरेंद्र सिंह पटेल | 1,08,859 | 10.80 |

## कोल-भील और कुर्मी मतदाताओं के साथ मोदी-योगी के नाम का सहारा

2014 और 2019 में बड़े अंतर से जीतीं अनुप्रिया पटेल को बदले समीकरणों ने कठिन लड़ाई की तरफ धकेल दिया है। सपा ने पहले यहां राजेंद्र एस बिंद को उतारा था, लेकिन बाद में भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को चुनावी मैदान में उतार कर निषाद, केवट मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के साथ ही यादव, मुस्लिम समीकरण को मजबूत किया है। सपा और भाजपा गठबंधन के पिछड़ी जाति के दांव को फेल करने के लिए बसपा ने मनीष तिवारी के जरिए अगड़ी जाति का दांव खेला है। इससे पार पाने के लिए भाजपा ने बड़े ब्राह्मण नेताओं को यहां लगाया है। वैसे कुर्मी मतदाता अनुप्रियाके पक्ष में लामबंद नजर रहे हैं। इसके साथ ही जनजातीय श्रेणी में आने वाले कोल और भील मतदाताओं को भी वह अपने पाले में करने की कोशिश में कामयाब दिख रही हैं। वह यह बताने में जुटी हैं कि उन्होंने राबट्‌र्सगंज से दूसरी बार कोल उम्मीदवार को मैदान में उतारकर उनका मान बढ़ाया है।

### राजपूत मतदाता सपा के लिए गोलबंद कर रहे राजा भैया

- अनुप्रिया पटेल को मोदी की गारंटी के सहारे जीत का भरोसा तो है पर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की नाराजगी से पार पाना आसान नजर नहीं आ रहा है। राजा भइया जहां उनके विरुद्ध राजपूत बिरादरी के मतदाताओं को गोलबंद करके सपा के रमेश बिंद के पक्ष में करने को प्रयत्नशील नजर आ रहे हैं। अनुप्रिया पटेल की राजा भइया पर की गई टिप्पणी को भुनाने की सपा की कोशिश नाकाम करने के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य राजपूत नेताओं का सहारा लिया है।

# पहली बार महिला चेहरा उतार पुरानी लड़ाई दिलचस्प बनाई

राबट्‌र्सगंज लोकसभा सीट

दिग्विजय सिंह



रिंकी कोल।



छोटेलाल खरवार।

**अमृत विचार।** पहाड़ियों पर बसे उत्तर प्रदेश के अंतिम जिले सोनभद्र का मुख्यालय है राबट्‌र्सगंज और इसी नाम से लोकसभा सीट है। कोयला, बालू और वन संपदा से समृद्ध इस जिले की पहचान खनन के साथ विद्युत उत्पादन को लेकर होती है। ऊर्जांचल के नाम से मशहूर यह प्रदेश का अकेला जिला है, जो चार राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा से सटा है। राबट्‌र्सगंज सुरक्षित लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा चुनावी मुकाबला देखने में आ रहा है। छोटेलाल खरवार साल 2014 में राबट्‌र्सगंज सीट पर भाजपा से चुनाव जीते थे, लेकिन 2019 में भाजपा द्वारा यह सीट समझौते में अपना दल (एस) को दे दिए जाने से चुनाव नहीं लड़ पाए थे। इस बार भी सीट अपना दल के खाते में ही रहने पर छोटेलाल भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। हालांकि दोनों गठबंधनों के बीच अपना दल (एस) और सपा प्रत्याशियों के सीधे संघर्ष में तीसरा कोण बसपा के प्रत्याशी धनेश्वर गौतम भी हैं। वह मिर्जापुर मंडल में बसपा के प्रभारी है और मिर्जापुर की ही छानबे विधानसभा सीट से 2017 और 2022 में चुनाव भी लड़ चुके हैं।

राबट्‌र्सगंज लोकसभा सीट पर यह पहला मौका है, जब किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं। हालांकि पकौड़ी लाल का टिकट काटकर उनकी बहू को देने की घोषणा से परिवार में पहले खींचतान नजर आई थी। लेकिन अब यह शांत हो चुकी है। दरअसल, सांसद पकौड़ी लाल तीसरी बार स्वयं चुनाव लड़ने या अपने छोटे बेटे को टिकट दिलाने के इच्छुक थे, लेकिन अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जो खुद बगल की मिर्जापुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं, ने जातीय समीकरणों के लिहाज से रिंकी कोल पर भरोसा जताया। रिंकी मिर्जापुर जिले की छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे अपने पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल ही उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं। उनका कोल जाति से होना ही प्रत्याशी चयन की प्रमुख वजह है। राबट्‌र्सगंज लोकसभा क्षेत्र में कोल जाति के करीब 80 हजार मतदाता हैं, मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र में कोल मतदाताओं की संख्या इससे अधिक मानी जाती है। हर चुनाव में यह निर्णायक भूमिका में भी रहते हैं।

रिंकी कोल को इस वर्ग में सहानुभूति का लाभ मिलने की भी उम्मीद है। यह सीट 2019 में रिंकी के ससुर पकौड़ी लाल कोल ने 54 हजार वोटों से जीती थी, 2014 में भाजपा से छोटेलाल खरवार, 2009 में सपा से लड़े पकौड़ी लाल कोल और 2004 में बसपा प्रत्याशी लाल चन्द्र कोल ने जीती थी।

- अपना दल (एस) ने सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू विधायक रिंकी कोल पर लगाया है दांव
- सपा ने 2014 में भाजपा से जीते छोटेलाल खरवार को उतार कर दिलचस्प बना दिया है चुनावी मुकाबला

### 2019 का जनादेश

| | | |
|---|---|---|
| अपना दल (एस) | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 35,269 |

### 2014 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | छोटेलाल | 3,78,211 |
| बसपा | शारदा प्रसाद | 1,87,725 |
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 1,35,966 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 86,235 |
| भाकपा | अशोक कुमार कनौजिया | 24,363 |

### 2009 का आंकड़ा

| | | |
|---|---|---|
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 2,16,478 |
| बसपा | रामचंद्र त्यागी | 1,66,219 |
| भाजपा | राम शकल | 1,04,411 |
| कांग्रेस | राम आधार | 55,809 |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- राबट्‌र्सगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र राबट्‌र्सगंज, ओबरा, दुद्धी, घोरावल, और चकिया हैं। इसमें चकिया विधानसभा सीट चंदौली जिले में है, और बाकी चारों विधानसभा सीटें सोनभद्र जिले का हिस्सा है। इन सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कब्जा है।
- एक अनुमान के मुताबिक राबट्‌र्सगंज में अनुसूचित जाति के करीब चार लाख, अनुसूचित जनजाति के 1.75 लाख मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या 1.25 लाख और ब्राह्मण 1.5 लाख हैं। एक लाख कुशवाहा, 80 हजार पटेल और इतने ही कोल मतदाताओं के अलावा 40 हजार राजपूत हैं। मुस्लिम मतदाता यहां करीब 60 हजार माने जाते हैं।



हाथ का साथ

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र में मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की और पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगा।



मांगा समर्थन

कोलकाता नार्थ सीट से टीएमसी उम्मीदवार संदीप बंदोपाध्याय के समर्थन में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए संदीप को वोट दें।

# पंजाब में आधा दर्जन सीटों पर भाजपा ने लगाई उम्मीद

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार ।** पंजाब में भाजपा ने 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा तीन सीटें जीती थीं। लेकिन इस बार पार्टी अगर राज्य की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, तो दूसरे दल भी बिना किसी गठबंधन के अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए अकेले ही ताल ठोंक रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा और शिरोमणि अकाली दल की दशकों पुरानी जुगलबंदी टूट चुकी है, वहीं दिल्ली और हरियाणा में साथ-साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यहां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इस तरह अधिकतर सीटों पर मुकाबला चतुष्कोणीय है, लेकिन पांच सीटों पर बसपा और अन्य प्रत्याशियों के कारण संघर्ष बहुकोणीय भी हो रहा है। भाजपा ऐसे ही कड़े मुकाबले वाली जालंधर, संगरूर, बाठिंडा के अलावा आनंदपुर साहिब, खडूर साहिब जैसी सीटों पर अपनी जीत की राह तलाश रही है।

**राम मंदिर के सहारे हिंदुओं का समर्थन लेने की कोशिश:** भाजपा राज्य में इस बार शिरोमणि अकाली दल जिसे सिखों की पार्टी कहा जाता है, से अलग होकर अपनी हिंदुओं की पार्टी की छवि को चमकाने की रणनीति बनाई है। इस काम में पार्टी को राम मंदिर की स्थापना और शहरी क्षेत्र में पहले से ही मिलने वाले समर्थन से बड़ी उम्मीद है। राज्य में हिंदुओं की आबादी 39 प्रतिशत है। भाजपा इसी पर फोकस करने के साथ सिखों का दिल जीतने का भी भरसक प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए हम मौके पर खास प्रयास किए हैं। पार्टी ने तमाम कद्दावर सिख नेताओं को शामिल भी किया है।

### 2019 का वोट शेयर

| पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 40.1 |
| अकाली दल | 02 | 27.4 |
| भाजपा | 02 | 9.6 |
| आप | 01 | 7.4 |

- **राज्य में चतुष्कोणीय और बहुकोणीय संघर्ष के बीच जीत की राह तलाश रही पार्टी**

### जालंधर, लुधियाना, पटियाला और होशियारपुर में मजबूत चुनौती

- जालंधर में आम आदमी पार्टी के टिकट को धता बताकर सांसद सुशील रिंकू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, तो लुधियाना में कांग्रेस के तीन बार के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह चार बार की कांग्रेस सांसद परनीत कौर को भाजपा ने पटियाला के रण में उतार रखा है। अमृतसर में पार्टी ने अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह पर दांव लगा रखा है। होशियारपुर सीट भाजपा पिछले दो बार से जीत रही है, इस बार पार्टी ने यहां केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश की पत्नी अनिता सोम प्रकाश को उतारा है, जो भाजपा को तीसरी जीत दिलाने के लिए मेहनत कर रही हैं। उधर, अभिनेता विनोद खन्ना और सनी देओल के सहारे दो बार से गुरदासपुर में जीत रही भाजपा ने स्थानीय दिनेश सिंह बब्बू को उतारकर लोगों की नाराजगी साधने का प्रयास किया है।

# राजग गढ़ बचाने तो महागठबंधन किला ढहाने की जुगत में

बिहार में अंतिम चरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अंतिम चरण में एक जून को बिहार की आठ सीटों पर मतदान होना है। इस चरण की सभी सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) का कब्जा है। भाजपा और उसके सहयोगी दल जहां अपने गढ़ को बचाने में जुटे हुए हैं तो वहीं महागठबंधन में शामिल पार्टियां भाजपा और उसके सहयोगियों के किले को ढहाकर अपना झंडा बुलंद करने के लिए चक्रव्यूह को और मजबूत बनाने में जुटी हैं। जातीय गोलबंदी के साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर मतदाताओं को गोलबंद करने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है। संविधान बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं को ये अपने साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

पांच सीटों सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार मैदान में हैं तो नालंदा और जहानाबाद सीट पर जदयू लड़ रही है। काराकाट सीट जदयू ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के लिए छोड़ा है। इंडिया महागठबंधन से भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से प्रत्याशी दिया है। आरा सीट पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह हैट्रिक लगाने को आतुर दिख रहे हैं। उन्हें मोदी के नाम और अपने काम पर भरोसा है तो नालंद सीट पर जीत का चौका लगाने को जदयू के कौशलेंद्र ने पूरी ताकत झोक रखी है। जहानाबाद सीट को बचाने के लिए जदयू हरसंभव प्रयास कर रही है। पटना साहिब और सासाराम सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। पटना साहिब सीट पर दूसरी जीत के लिए उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस यहां दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे रविशंकर प्रसाद को हराने का गणित लगा रही है। भाजपाई मोदी की गारंटी के सहारे जीत को पक्की मान रहे हैं। इस सीट पर कायस्थ मतदाता निर्णायक हैं। रविशंकर प्रसाद भी इसी जाति से आते हैं।



मुख्यमंत्री नितीशकुमार।



राजद नेता तेजस्वी यादव।

- अंतिम चरण की सभी आठ सीटें भाजपा गठबंधन के पास
- महागठबंधन के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं

### काराकाट में फंसे नजर आ रहे उपेंद्र कुशवाहा

- काराकाट सीट पिछली बार जदयू जीती थी। इस बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राजग के उम्मीदवार हैं। उन्हें निर्दलीय भाजपा के बागी पवन सिंह से चुनौती मिल रही है। यही वजह है कि महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह को अपनी जीत सुनिश्चित नजर आ रही है।

### लगातार दो चुनाव हार चुकीं मीसा को जीत की आस

- पाटिलपुत्र सीट से भाजपा के रामकृपाल यादव लगातार दो बार से सांसद हैं। रामकृपाल ने 2014 और 2019 में लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को हराया था। इससे पहले 2009 में लालू प्रसाद यादव भी यहां जदयू के रंजन प्रसाद यादव से हार चुके हैं। मीसा को उम्मीद है कि वह संविधान बचाने की दुहाई देकर इस बार मैदान मार लेंगी। इसलिए यहां दलित मतदाताओं को यह बताया जा रहा है कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए वे उनके साथ आएं। जबकि कभी लालू प्रसाद के खासमखास रहे रामकृपाल लगातार लाभार्थियों पर फोकस कर रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा ने बदला चेहरा

- भाजपा ने सासाराम से शिवेश राम को उतारा है। इससे पहले लगातार पार्टी के छेदी पासवान यहां से सांसद बने थे। शिवेश राम को कांग्रेस के बसपा से आए प्रत्याशी मनोज भारती से टक्कर मिल रही है। पुराने कांग्रेसी को टिकट न मिलने से कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बक्सर सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है। उनके बदले में मिथिलेश तिवारी को चेहरा बनाया है। इससे चौबे के समर्थक नाराज हैं। इसका असर परिणाम पर पड़ सकता है। नाराजगी दूर करने की कोशिश लगातार हो रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1090 डीएमओ 860 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8000-8100 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17600-17700 |
| अरहरस्पेशल1 | 14900-15000 |
| चनादाल | 8200-8300 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7400-7450 |
| मसूरदाल | 7600-7650 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8800-9800 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# शेयर बाजार में निवेशकों के लिए नुकसान का कारण न बन जाए इंटरनेट की सलाह


रजत मेहरोत्रा

पिछले एक दशक में भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की अच्छी खासी आमद देखी गई है। इंटरनेट पहुंच के प्रसार और डिजिटल मीडिया के उदय के साथ, अधिक व्यक्ति निवेश सलाह के लिए व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूब की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि इसने वित्तीय जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है, इसने एक चिंताजनक प्रवृत्ति को भी जन्म दिया है, वहीं कई निवेशक इस सलाह का आंख बंद करके पालन करने से काफी नुकसान उठा रहे हैं।

हाल के वर्षों में, भारत में वित्तीय समाचार मीडिया और निवेश-संबंधित यूट्यूब चैनलों में तेजी देखी गई है। सीएनबीसी-टीवी18, ईटी नाउ और जी बिजनेस जैसे बिजनेस समाचार चैनल घरेलू नाम बन गए हैं, जबकि कई यूट्यूबर्स ने स्टॉक टिप्स और निवेश रणनीतियों की पेशकश करके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हासिल किए हैं। यह उछाल आंशिक रूप से शेयर बाजार में बढ़ती खुदरा भागीदारी के कारण है, जिसमें निवेशक निवेश की जटिल दुनिया से निपटने के लिए मार्गदर्शन चाहते हैं।

**यूट्यूब की सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान-सनसनीखेज और प्रचार:** व्यावसायिक समाचार चैनल और यूट्यूबर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अक्सर सनसनीखेज पर भरोसा करते हैं। इससे कुछ शेयरों या बाज़ार रुझानों को लेकर अतिरंजित दावे और प्रचार हो सकता है।

**व्यक्तिगत रुचि से प्रभावित:** ऐसे उदाहरण हैं जहां व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स की उनके द्वारा अनुशंसित स्टॉक में अज्ञात रुचि हो सकती है।

उदाहरण के लिए, उन्हें अपने स्टॉक को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों से मुआवजा मिल सकता है, जिससे पक्षपातपूर्ण सलाह मिल सकती है। हितों का यह टकराव निवेशकों को गलत जानकारी के आधार पर खरीदारी या बिक्री करने के लिए गुमराह कर सकता है।

**सीमित जवाबदेही:** इन प्लेटफार्मों पर वित्तीय विशेषज्ञ और प्रभावशाली लोग अपनी सिफारिशों के परिणामों के लिए जवाबदेह नहीं हैं। पंजीकृत वित्तीय सलाहकारों के विपरीत, उनके पास अपने दर्शकों के प्रति प्रत्ययी जिम्मेदारियाँ नहीं होती हैं।

**अध्ययन और उदाहरण:** ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रभावशाली लोगों और मीडिया द्वारा समन्वित प्रचार के माध्यम से शेयरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाया गया है, केवल प्रमोटरों द्वारा अपनी हिस्सेदारी बेचने के बाद कीमतें कम हो जाती हैं। एक उल्लेखनीय उदाहरण कुछ पेनी शेयरों का तेजी से बढ़ना और गिरना था, जहां बिना सोचे-समझे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

**क्रिप्टोकरेंसी का क्रेज:** हाल के वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर मची दीवानगी में कई यूट्यूबर्स और चैनलों ने भारी रिटर्न के वादे के साथ विभिन्न सिक्कों को बढ़ावा दिया है। इन वादों से आकर्षित होकर कई निवेशकों ने इसमें शामिल जोखिमों को समझे बिना भारी निवेश किया। क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में बाद में गिरावट के कारण कई लोगों को महत्वपूर्ण नुकसान हुआ।

**निष्कर्ष :** व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स के उदय ने निःस्संदेह वित्तीय जानकारी को औसत निवेशक के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। हालांकि, उनकी सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान से महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हो सकता है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, स्वतंत्र अनुसंधान को प्रोत्साहित करके, प्रमाणित सलाहकारों से परामर्श करके, दीर्घकालिक निवेश पर जोर देकर, नियामक निरीक्षण को मजबूत करके और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, निवेशक शेयर बाजार की जटिलताओं से निपटने और सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं। अंततः, सफल निवेश की कुंजी एक अनुशासित, सुविज्ञ दृष्टिकोण में निहित है जो नवीनतम बाजार प्रवृत्ति या सनसनीखेज समाचार कहानी का पीछा करने के बजाय व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता पर विचार करता है।

**निवेशकों की सुरक्षा के लिए रणनीतियां**

1-वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना निवेशकों को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए वित्तीय शिक्षा महत्वपूर्ण है।

2- कार्यशालाएं और सेमिनार-बुनियादी निवेश सिद्धांतों, जोखिम प्रबंधन और पोर्टफोलियो विविधीकरण पर कार्यशालाएँ आयोजित करना।

3-ऑनलाइन पाठ्यक्रमः निवेश के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना।

4-स्कूल पाठ्यक्रमः भावी पीढ़ियों को आवश्यक वित्तीय कौशल से लैस करने के लिए वित्तीय शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत करना।

5-निवेशकों को केवल मीडिया सलाह पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वयं का शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

6-निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले व्यापक बाज़ार रुझानों और आर्थिक संकेतकों से अवगत रहना।

7- जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों का लाभ उठाना, जैसे कंपनी रिपोर्ट, नियामक फाइलिंग और प्रतिष्ठित वित्तीय वेबसाइटें।

8-प्रमाणित वित्तीय सलाहकारों से परामर्श करना। प्रमाणित वित्तीय सलाहकार किसी निवेशक की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप वैयक्तिकृत सलाह प्रदान कर सकते हैं।

9-**अनुकूलित योजनाएं प्राप्त करें:** उनके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और समय सीमा के अनुरूप निवेश योजनाएँ प्राप्त करें।

10-**हितों के टकराव से बचें:** हितों के संभावित टकराव से मुक्त निष्पक्ष सलाह से लाभ उठाएं।

11-**विविधीकरण रणनीतियां लागू करें:** विविध पोर्टफोलियो विकसित करें जो जोखिम को कम करते हैं और दीर्घकालिक रिटर्न बढ़ाते हैं।

12-लंबी अवधि के निवेश पर जोर। दीर्घकालिक निवेश परिप्रेक्ष्य को प्रोत्साहित करने से निवेशकों को अल्पकालिक व्यापार के नुकसान से बचने में मदद मिल सकती है।

13-वित्तीय मीडिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 93,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## सेंसेक्स 76,000 के शिखर पर पहुंचने के बाद फिसला, 20 अंक नुकसान में

**मुंबई, एजेंसी**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय पहली बार रिकॉर्ड 76,000 अंक के स्तर के पार चला गया था जबकि एनएसई निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से इनमें गिरावट आई। कारोबार के अंतिम आधे घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मामूली 19.89 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,390.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.65 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.45 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान चुनिंदा बैंकों, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से यह 599.29 अंक उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक चला गया था। हालांकि, निवेशकों ने रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली की और सूचकांक दिन के उच्चतम स्तर से करीब 835 अंक लुढ़क गया तथा 75,175.27 अंक तक आ गया।

## सोने में 220 और चांदी की कीमतों में 1,050 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विदेशी बाजार में मजबूत रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सोना 220 रुपये उछलकर 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये की तेजी के साथ 92,850 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

## मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को बनाया समान वितरण का जरिया : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की टिप्पणी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी है। पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था लेकिन मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण के लिए एक रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। वित्त मंत्री ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधारों की गति जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेगी ताकि इसका लाभ सभी तक पहुंचाने के लिए इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। सीतारणम ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, यह कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### विचाराधीन कैदी ने अदालत में मजिस्ट्रेट पर फेंकी चप्पल

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक विचाराधीन कैदी ने मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंक दी। पुलिस के अनुसार कैदी को मामले में सुनवाई के लिए स्थानीय अदालत में ले जाया गया था। कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रसिक मोहम्मद ने बताया कि चोरी के एक मामले में न्यायिक हिरासत में इस्माइल को जेल से सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि उसने अचानक अपनी चप्पल निकाली और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी। आरोपी को दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा मामला दर्ज किया जा रहा है और उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा।

### कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि एक विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान टीम ने आवारा जंगल में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि यह ठिकाना आवरा के घने वन क्षेत्र में स्थित था और तलाशी के दौरान, हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

### बीजापुर में दो कट्टर नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने दो नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत पेददागेलुर, चिन्नागेलुर, गुण्डम की ओर डीआरजी बीजापुर एवं थाना तर्रेम का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकली थी, इस दौरानपेद्दागेलुर से दो माओवादियों को पकड़ा गया। दोनों नक्सलियों पर एक-एक लाख का इनाम था। इतना ही नहीं पकड़े गये माओवादी गत आठ फ़रवरी को गुण्डम के जंगल में एसटीएफ एवं केरिपु पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे।

# सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना रद करेंगे महिलाओं को हर महीने देंगे 8,500 रुपये

## राहुल गांधी ने बिहार की चुनावी रैली में किया दावा, कहा-गठबंधन का आ रहा तूफान

**बख्तियारपुर(बिहार), एजेंसी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आएगा तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद कर दिया जाएगा और प्रत्येक महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे।

बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के बख्तियारपुर, पाटलिपुत्र के पालीगंज एवं आरा के जगदीशपुर में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा-बिहार और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन का तूफान आ रहा है। नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी-जीएसटी लागू करके रोजगार के रास्ते बंद किए हैं।

### जनसभा मंच आंशिक रूप से टूटा, बाल-बाल बचे राहुल

राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव सोमवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब पटना जिले के पालीगंज में उनकी सभा के लिए बनाया मंच आंशिक रूप से टूट गया। गांधी सोमवार दोपहर को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती के पक्ष में एक रैली को संबोधित करने वाले थे। जैसे ही गांधी तेजस्वी और मीसा भारती के साथ मंच पर पहुंचे लेकिन बीच में मंच आंशिक रूप से गिर गया।


पालीगंज में रैली के दौरान मंच का एक हिस्सा टूट जाने के बाद राहुल गांधी और राजद नेता मीसा भारती अपना संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती हुईं। ● एजेंसी


जम्मू में सोमवार को पड़ रही भीषण गर्मी के दिन नहर में नहाते लोग। बता दें कि घाटी में तपती गर्मी से बचने के लिए लोगों ने नदियों, झरनों और नहरों की ओर रुख कर लिया है। ● एजेंसी

## अमित शाह ने पंजाब की आप सरकार गिराने की दी है धमकी

**चंडीगढ़, एजेंसी**

● केजलीवाल ने गृह मंत्री पर लगाया तानाशाही का आरोप



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है। शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी।

सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा- क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है। शुरुआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं। उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं। आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे। आप नेता ने कहा-मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। मान ने कहा-क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं? वहीं, अमृतसर में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।

## आप की याचिका पर उच्च न्यायालय का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**पार्टी कार्यालय के लिए स्थान आवंटित करने का मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त होने के मद्देनजर पार्टी कार्यालयों के लिए स्थान आवंटित करने से संबंधित आप की याचिका पर फैसला सोमवार को सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ वकील ने बताया कि पार्टी को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय खाली करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को अस्थायी रूप से दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। अदालत अस्थायी स्थान आवंटित करने के मामले पर 5 जून को फैसला सुना सकती है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम ने कहा-मैं अवकाश के दौरान फैसला सुनाने का प्रयास करूंगा। संभवतः पांच जून को। आप ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के मद्देनजर अपने कार्यालयों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में भूखंड या लाइसेंस के आधार पर एक आवास इकाई के आवंटन का अनुरोध करते हुए पिछले साल दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। अस्थायी स्थान को लेकर फैसला सुरक्षित रखते हुए अदालत ने भूमि आवंटन से संबंधित याचिका को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## मालेगांव के पूर्व महापौर अब्दुल शेख गोलीबारी में घायल

**नासिक।** मालेगांव के पूर्व महापौर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारी अब्दुल मलिक यूनुस शेख पर सोमवार तड़के महाराष्ट्र के नासिक जिले में दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने कथित तौर पर गोली चला दी जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शेख (39) को नासिक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। बताया कि हमले के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## जम्मू में आतंकियों, पथराव करने वालों के किसी परिजन को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● बोले गृह मंत्री, सरकार ने आतंकी ढांचे को किया नेस्तनाबूद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में काफी गिरावट आने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल आतंकवादियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकी ढांचे को भी नेस्तनाबूद कर दिया है। शाह ने साथ ही आतंकवादियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में किसी आतंकवादी या पथराव करने वाले किसी व्यक्ति के परिजन को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा-हमने एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की है और इसे समाप्त कर दिया है। हमने आतंकवाद के वित्तपोषण पर बहुत सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने बीते सप्ताहांत में दिए साक्षात्कार में कहा-हमने कश्मीर में फैसला किया है कि अगर कोई किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ जाता है तो उसके परिवार के किसी भी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने यह भी कहा कि अगर कोई पथराव में शामिल रहता है तो उसके परिवार के भी किसी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि फैसले के खिलाफ मानवाधिकार कार्यकर्ता उच्चतम न्यायालय में गए थे, लेकिन अंततः सरकार की जीत हुई। हालांकि, गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों को अपवाद स्वरूप लेगी।

## अदालत ने झारखंड के मंत्री की ईडी रिमांड 3 दिन और बढ़ाई

**रांची।** रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने सोमवार को कथित धन शोधन मामले में झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम की ईडी हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ा दी। यह जानकारी उनके वकीलों ने दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो दिन की पूछताछ के बाद 15 मई को आलम को हिरासत में ले लिया था। पीएमएलए अदालत ने शुरुआत में आलम को 17 मई से छह दिन की हिरासत में भेजा था और बाद में 22 मई को उनकी हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी गई। आलम के वकील किसलय प्रसाद ने कहा कि ईडी के निवेदन को अदालत ने मंजूर कर लिया।

# चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर...

चक्रवात या यू कहें समुद्री तूफान जिसके नाम से ही मन में एक खौफ पैदा हो जाता है जो तटीय क्षेत्रों से टकराकर एक तबाही का मंजर छोड़ जाता है। ये क्या होता है, कितने प्रकार का होता है और कब कब आया, इनसे बचाव के क्या उपाया है आइए जानते हैं। वर्तमान में आए चक्रवाती तूफान रेमल के बारे में चलिए जानते हैं ....



## रेमल मतलब मौसम

रेमल जो शक्तिशाली तूफानों में से एक है। इसे एक्वाटोरियल चक्रवात के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न हुआ हैं। इन तूफानों की शक्ति बहुत अधिक है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। इनका नाम 'रेमल' हिंदी शब्द 'रेमल' से लिया गया है, जिसका मतलब होता है मौसम।

## रेमल से प्रभावित क्षेत्र

रेमल भारत के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच सकती है। इसका प्रमुख प्रभाव भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास समुद्री क्षेत्रों में देखा जा सकता है। यह पश्चिमी तटों के पास बनते हैं। इसके कारण पश्चिमी भारत के राज्यों जैसे कि गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक आदि को इसकी पहुंच का प्रभाव महसूस हो सकता है। वहीं, रेमल उत्तरी भारतीय तटों को भी प्रभावित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर इनके प्रमुख प्रभावित क्षेत्र हो सकते हैं। इसका प्रभाव दक्षिणी भारत तमिलनाडु, केरला, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना आदि को भी प्रभावित कर सकता है। साथ ही इसका प्रभाव समुद्री और उसके आसपासी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा होता है।

## कितने प्रकार के होते हैं चक्रवात

चक्रवात मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं, एक उष्णकटिबंधीय और विषुवतीय। इन दोनों में कुछ मुख्य अंतर हैं जो उनके विकास, स्थान और प्रभावों पर निर्भर करते हैं।

### उष्णकटिबंधीय


ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं। यह समुद्र की सतह के गर्म पानी से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इनका नाम अलग-अलग होता है जैसे कि अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत में इन्हें हरिकेन, पश्चिमी प्रशांत में टाइफून, और दक्षिणी हिंद महासागर और दक्षिणी प्रशांत में चक्रवात कहते हैं। ये चक्रवात आमतौर पर एक स्पष्ट नेत्र, नेत्र की दीवार, और बारिश की पट्टियों के साथ होते हैं। ये भारी बारिश, तेज हवाएं, और तटीय बाढ़ से विनाशकारी हो सकते हैं।

### विषुवतीय:

ये विषुवतीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर उत्पन्न होते हैं। वायुमंडलीय फ्रंट्स (ठंडी और गर्म हवा के मिलन स्थल) से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ये आमतौर पर बड़े होते हैं और इनमें कोई स्पष्ट नेत्र नहीं होता। ये व्यापक क्षेत्र में फैल सकते हैं और भारी बारिश, बर्फबारी, और तेज हवाओं का कारण बन सकते हैं।

## रेमल क्या है?

रेमल चक्रवात एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है जो भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न होता है। इसकी शक्ति बहुत अधिक होती है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। रेमल चक्रवात विकसित होने के लिए शांत मौसम शर्तें आवश्यक होती हैं। इसका मतलब है कि वायुमंडल में कोई विवादित वायुशून्य नहीं होना चाहिए और उच्च वायुदाब भी नहीं होना चाहिए।




## तीव्रता

- **अवसाद** : हवा की गति 39 मील प्रति घंटा (63 किमी/घंटा) से कम होती है।
- **तूफान** : हवा की गति 39 से 73 मील प्रति घंटा (63 से 118 किमी/घंटा) के बीच होती है।
- **हरिकेन/टाइफून/चक्रवात** : हवा की गति 74 मील प्रति घंटा (119 किमी/घंटा) से अधिक होती है।
- **हरिकेन** को उनकी तीव्रता से 1 से 5 तक के श्रेणियों में बांटा जाता है, जिसे सफ़िर-सिम्पसन हरिकेन विंड स्केल कहा जाता है।

## पूर्वानुमान व चेतावनी

- रेडियो, टेलीविजन, और मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट प्राप्त करें।
- एक आपातकालीन किट तैयार रखें, जिसमें टॉर्च, बैटरी, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी, और आवश्यक दवाएँ शामिल हों।
- घर के खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत करें और उन्हें बंद रखें।
- स्थानीय आपातकालीन सेवाओं और राहत संगठनों के संपर्क में रहें।

# इजरायली बमबारी में 40 की मौत

## गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में बने एक शिविर पर 8 रॉकेट दागे

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में एक शिविर पर इजरायल की बमबारी में कम से कम 40 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजराइली बलों ने निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के गोदामों के पास शिविर में तंबुओं की ओर आठ रॉकेट दागे। फेसबुक पर एक वीडियो क्लिप प्रसारित किया गया है जिसमें क्षेत्र में आग की लपटें तेजी से उठ रही हैं और आग ने तंबुओं को अपनी चपेट में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि कठिन इलाके के कारण नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों को शवों को निकालने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि गाजावासियों से भरे इस क्षेत्र को हमले से पहले इजरायली सेना ने सुरक्षित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया था।



राफा में शिविर पर राकेट दागने के बाद निकलता धुआ।

### फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण की इजरायल ने की थी घोषणा

इजरायली सेना ने गत सात मई को घोषणा की थी कि उसने मिस्र की सीमा पर गाजा पट्टी के दक्षिण में और राफा के पूर्वी क्षेत्र में स्थित राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा में प्रवेश का रास्ता रोक दिया गया है।

### हमास मुख्यालय के प्रमुख को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी में राफा शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रमुख यासीन राबिया और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी को मार गिराया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर बताया कि आज शाम को आईएएफ के विमान ने आईडीएफ और आईएसए खुफिया हमले में यहूदिया और सामरिया में हमास के कमांडर यासीन राबिया के साथ वरिष्ठ अधिकारी खालिद नागर को मार गिराया।

आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी पर उत्तर-पश्चिम राफा में ताल अस सुल्तान के क्षेत्र में हमला किया गया। राबिया ने यहूदिया और सामरिया में हमास की सभी गतिविधियों को निर्देशित किया और क्षेत्र में हमास के आतंकवादी हमलों की योजना बनाई। आईडीएफ उन रिपोर्टों से अवगत है जो दर्शाता हैं कि हमला और गोलीबारी से क्षेत्र के कई नागरिकों को नुकसान पहुंचा था और घटना की समीक्षा की जा रही है।

सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इज़रायल पर रॉकेट हमला किया। नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमला करते हुए सीमा का उल्लंघन किया। इस हमले में इजरायल के 1,200 लोग मारे गए और 240 अन्य का अपहरण किया गया था। इज़रायल ने जवाबी हमला शुरू किया, गाजा में पूरी नाकाबंदी करने का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी एन्क्लेव में जमीनी घुसपैठ शुरू की। गाजा पट्टी में इजरायल के हमलों में अब तक 35,900 से अधिक लोग मारे गए हैं। माना जा रहा है कि गाजा में अब भी हमास ने 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया हुआ है।

## एक नजर

### ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 169 हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में गत 29 अप्रैल को आए तूफान के बाद बारिश होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक 24 घंटों में तीन और शव बरामद किये गये, वहीं प्रांत में अब तक की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा में 56 लोग लापता हैं। इसके अलावा, बाढ़ और नदियों के उफान के कारण 23 लाख से ज़्यादा निवासी यहां से विस्थापित हो चुके हैं।

### पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की गोली लगने से मौत

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक जनरल हॉस्पिटल के पूर्व अभिनेता जॉनी वेक्टर की लॉस एंजिलिस में गोली लगने से मौत हो गई। उनके परिजनों के मुताबिक, जब वेक्टर ने उनकी कार से कैटेलिटिक कनवर्टर चुरा रहे तीन चोरों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनपर गोलियां बरसा दीं। लॉस एंजिल्स पुलिस के अनुसार, शनिवार दोपहर तीन बजे यह घटना हुई थी। वेक्टर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### टेलीकॉम घोटाला: 49,000 संदिग्ध चीन प्रत्यर्पित

**बीजिंग।** म्यांमार ने जुलाई 2023 से अब तक दूरसंचार और इंटरनेट धोखाधड़ी के 49,000 से अधिक संदिग्धों को चीन की हिरासत में सौंपा है। चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय (एमपीएस) ने कहा कि धोखाधड़ी से जुड़े कई कुख्यात आपराधिक समूहों को करारा झटका दिया गया है और कई प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। 2023 की शुरुआत से, उत्तरी म्यांमार में चीनी नागरिकों से जुड़े दूरसंचार और इंटरनेट धोखाधड़ी के मामलों की संख्या अधिक बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर अवैध सीमा-पार तथा हिरासत जैसे अन्य आपराधिक कृत्य होते हैं।

### चीन में भूकंप के झटके

**बीजिंग।** चीन में सिचुआन प्रांत के लियांगशान में सोमवार को भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किये गये। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 11:07 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 28.25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 100.70 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से आठ किलोमीटर की गहराई पर रहा।

### टोंगा में शक्तिशाली भूकंप सुनामी का खतरा नहीं

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र टोंगा में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए लेकिन इसके कारण सुनामी का खतरा नहीं है और न ही लोगों के हताहत होने की कोई सूचना मिली है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 47 मिनट पर आया और इसकी प्रारंभिक तीव्रता 6.6 थी।

### पाकिस्तानी में स्कूल में लगी आग, 1400 छात्राओं को बचाया

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी इलाके में आग की चपेट में आए स्कूल से सोमवार को 1,400 छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जियो न्यूज ने बचाव अधिकारी के हवाले से बताया कि आग हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में सरकारी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में उस समय लगी जब सैकड़ों छात्राएं अंदर थीं। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया। पहाड़ी इलाका होने से दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस में तूफान से 18 की मौत

**ह्यूस्टन।** मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आए शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ओक्लाहोमा सीमा के समीप टेक्सास की कुक काउंटी में 7 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जहां शनिवार रात को आए तूफान ने तबाही मचाई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैप्पिंगटन ने कहा हि मृतकों में दो बच्चे भी हैं, जिनकी उम्र दो और पांच वर्ष थी। एक परिवार के तीन सदस्यों की भी मौत हो गयी। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि तूफान से 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है। एक वेबसाइट के मुताबिक, टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अर्कांसस, टेनिसी और केनटकी तक 4,70,000 से ज्यादा लोगों को बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## पैसे की किल्लत ने छुड़ाया अंत समय में प्रेमिका का हाथ

- चंदन नगर में 57 वर्षीय महिला का शव सड़क पर बोरे में मिला
- इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति अपनी लिव-इन साथी की लाश के साथ तीन दिन रहा और बाद में पैसों की किल्लत के कारण शव को बोरी में बंद करके सड़क पर लावारिस छोड़ दिया क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदिनी शर्मा ने सोमवार को बताया कि चंदन नगर क्षेत्र में रविवार को 57 वर्षीय महिला की बोरे में बंद लाश मिली। शव चार-पांच दिन पुराना था और काफी सड़ चुका था। एसीपी ने बताया कि शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले। पोस्टमॉर्टम से पता चला है कि वह लीवर संबंधी दिक्कतों और अन्य बीमारियों से लंबे समय से जूझ रही थी जिनके कारण उसकी स्वाभाविक मौत हुई।

शर्मा ने बताया कि यह महिला पिछले 10 साल से एक व्यक्ति के साथ रह रही थी। जब 53 वर्षीय उस व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह राजमोहल्ला क्षेत्र के एक बगीचे में बैठा था। वह रंगाई-पुताई का काम करता है। वह मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। एसीपी ने बताया कि चार-पांच दिन पहले इस व्यक्ति के पड़ोसियों ने उससे कहा कि उसके घर से बदबू आ रही है और उसे देखना चाहिए कि उसके घर कोई चूहा तो नहीं मर गया है। उन्होंने बताया, जांच से पता चला है कि यह व्यक्ति अपने घर में महिला के शव के साथ कम से कम तीन दिन से रह रहा था। बदबू को लेकर पड़ोसियों की शिकायत के बाद उसने शनिवार रात शव को बोरी में डाला और अपने घर से करीब 200 मीटर दूर ले गया। जब शव के वजन से उसकी सांस फूलने लगी तो वह लाश को सड़क पर लावारिस छोड़कर चला गया।

एसीपी के मुताबिक इस व्यक्ति ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने अपनी लिव-इन जोड़ीदार के शव को इसलिए लावारिस छोड़ा क्योंकि उसके पास उसके अंतिम संस्कार के लिए धन नहीं था। उन्होंने बताया कि महिला की मौत के मामले में विस्तृत जांच जारी है। चंदन नगर थाने के प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को महिला के शव का अंतिम संस्कार कराया।

## खालिदा के बेटे को लंदन से बुलकर देंगे सजा : हसीना

- बांग्लादेशी प्रधानमंत्री ने अदालत के फैसले को दोहराया

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपनी प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को लंदन से वापस लाने और उनके खिलाफ अदालत के फैसले को क्रियान्वित करने के लिए अपनी सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया है।

खालिदा के 2018 में जेल जाने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष बने रहमान उन्हें छह साल पहले सजा सुनाए जाने के बाद से ही लंदन में रह रहे हैं। यह सजा रहमान की अनुपस्थिति में सुनाई गई थी। बांग्लादेश की अदालत ने फैसला सुनाया है कि रहमान ने हसीना की उपस्थिति वाली चुनावी रैली पर घातक ग्रेनेड हमले की साजिश रची। इसमें दोषी ठहराए गए रहमान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

56 वर्षीय रहमान का कहना है कि यह आरोप राजनीतिक प्रतिशोध से लगाए गए है। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि जो लोग हमले करेंगे और लोगों को जलाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। वे चाहे कुछ भी कर लें, उन्हें नहीं छोड़ेंगे। जो लोगों को नुकसान पहुंचाएंगे उनके खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी रहेगी।

## वूलसैक रेस



इंग्लैंड में वूलसैक रेस के दौरान कंधों पर ऊनी थैला लेकर दौड़ते बच्चे। ये दौड़ टेटबरी के विल्टशायर ऊन-शहर में होती है। इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की टीमें ऊन की बोरियां गमस्टूल हिल से नीचे ले जाती हैं। ये दौड़ 1972 से चल रही है, जो गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हैं। • एजेंसी

## इमरान की पार्टी प्रदर्शन छोड़कर सरकार से करें सार्थक संवाद

- पाकिस्तान की सत्तारूढ़ गठबंधन ने बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का आह्वान किया है कि वह प्रदर्शन छोड़ दे और सरकार के साथ 'सार्थक' संवाद करे।

सोमवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सीनेट के सभापति यूसुफ़ रजा गिलानी और नियोजन मंत्री अहसान इकबाल ने बातचीत के लिए तैयार होने के सरकार के रुख पर कहा कि इमरान की पार्टी को तय करना चाहिए कि वह किससे बातचीत करना चाहती है। लाहौर में गिलानी ने बातचीत करने की सरकार की इच्छा दोहराई। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि खान की पार्टी किसी और से बातचीत का इरादा रखती है। गिलानी ने कहा कि देश इस समय अस्थिरता से जूझ रहा है और इसलिए सभी नेताओं को एक साथ आना होगा। अखबार ने गिलानी के हवाले से कहा कि पीटीआई नीत सरकार के समय में विपक्ष में रहते हुए भी वे बातचीत के इच्छुक थे। गिलानी ने कहा कि पीपीपी मौजूदा सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीपीपी ने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह सरकार का हिस्सा नहीं है।

## एयर इंडिया के विमान में धूम्रपान पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** एयर इंडिया के विमान में जयपुर-मुंबई उड़ान के दौरान कथित तौर पर धूम्रपान के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सहार पुलिस ने 25 मई को राजस्थान के अर्जुन थालोरे को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह उड़ान के दौरान शौचालय में धूम्रपान करने लगा था, जिससे सेंसर बंद हो गया। वरिष्ठ क्रू सदस्य ने उसे मौके पर पाया और फ्लाइट मुंबई में उतरने के बाद आरोपी को सुरक्षा विभाग को सौंप दिया। सुरक्षा कर्मचारी उसे सहार थाना ले गये, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

**उम्मीद** | अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक जीवनयोग्य ग्रह की खोज

## दूसरी बार मिला है इस तरह का जीवनयोग्य ग्रह

**अमृत विचार, नैनीताल**

वैज्ञानिकों ने अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक एक जीवनयोग्य एक्सोप्लैनेट (ग्रह) की खोज की है। जीवनयोग्य ग्रह की यह दूसरी खोज है। इस ग्रह पर जीवन की मौजूदगी और संभावनाओं को तलाशने में वैज्ञानिक जुटे हुए हैं।

एक्सोप्लैनेट का नाम स्पेकलूस -3 बी नाम दिया गया है। बेल्जियम के खगोलविदों की अंतर्राष्ट्रीय टीम को यह सफलता मिली है। यह ग्रह पृथ्वी से 55 प्रकाश वर्ष दूर है और अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। किसी अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक खोजा गया यह दूसरा ग्रह है। इससे पहले ट्रैपिस्ट-1 की खोज की हुई थी, जिसमें जीवन की संभावना है। नया ग्रह भी जीवन की संभावना को लेकर उम्मीद जागृत करता है। जिस कारण यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पृथ्वी के समान आकार का यह ग्रह केवल 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी कर लेता है। यह ग्रह संभवतः ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि तारे से निकलने वाले विकिरण ने संभवतः ग्रह के वायुमंडल को नष्ट कर दिया हो। इसकी वास्तविकता की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

बेल्जियम स्थित लीज विश्वविद्यालय के स्पेकुलूस परियोजना के वैज्ञानिकों के अनुसार 15 मई को को नया ग्रह मिला और अब इसकी घोषणा की गई है। इस खोज में कैम्ब्रिज, बर्मिंघम और बर्न विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और ईटीएच ज्यूरिख शामिल रहे हैं।



जीवनयोग्य ग्रह का चित्र।

### जीवन की संभावना से इंकार नही किया जा सकता

बेल्जियम लीज विश्वविद्यालय के खगोल शास्त्री माइकल गिलॉन के अनुसार भले ही इस ग्रह का वातावरण कुछ हद तक नष्ट हुआ हो, लेकिन जीवन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। संभवत: इसमें किसी अन्य रूप में जीवन मौजूद हो। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 2,000 से अधिक हुई मौतें

**पोर्ट मोरेस्बी।** प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई। राष्ट्रीय आपदा केंद्र (एनडीसी) ने इसकी पुष्टि की है।

पापुआ न्यू गिनी में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी को सोमवार को इस आपदा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। एक संयुक्त सरकारी टीम ने प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

**गुजरात में गिरफ्तार चार आतंकियों पर बोला श्रीलंका**

## आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ फैसला लेगा भारत

- गुजरात एटीएस ने 19 मई को चार श्रीलंका के लोगों को हवाई अड्डे से किया था गिरफ्तार

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका की सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार चार श्रीलंकाई आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में भारत फैसला करेगा, जबकि यहां के अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या वे द्वीप राष्ट्र में आतंकी कृत्यों में शामिल थे।

गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने 19 मई को प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर अपने पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों के बाद भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने आए थे। चारों लोगों ने 19 मई को कोलंबो से चेन्नई के लिए इंडिगो कंपनी की उड़ान ली थी। श्रीलंका के कानून मंत्री विजयदास राजपक्षे ने कहा कि भारत गिरफ्तार संदिग्धों से अपने कानून के मुताबिक निपटेगा। श्रीलंका इसकी जांच करेगा कि क्या वे यहां रहते हुए किसी आतंकवादी कृत्य में भागीदार रहे हैं या किसी समूह की सहायता की है। पिछले हफ्ते, श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुजरात में गिरफ्तार चार श्रीलंकाई लोगों की जांच के लिए उच्चस्तरीय अभियान चलाया। श्रीलंकाई पुलिस ने आईएसआईएस संदिग्धों के एक साथी को पिछले गुरुवार को गिरफ्तार किया था।